ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

27 मार्च, 2023
चैत्र, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 156

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

फंदे से लटकता मिला भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे का शव






राहुल गांधी प्रकरण : आज काले कपड़े पहन कर संसद जायेंगे कांग्रेसी सांसद

# कांग्रेस का देश भर में 'संकल्प सत्याग्रह'

- यह समय एकजुट होकर भ्रष्ट और अलोकतांत्रिक सरकार का मुकाबला करने का है : प्रियंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई का विरोध करने के लिए कांग्रेस ने रविवार को देश भर में 'संकल्प सत्याग्रह' कार्यक्रम का आयोजन किया। दिल्ली में राजघाट पर कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं मिलने के बाद कांग्रेस नेता गांधी स्मारक पर एकत्र हुए और दिन भर धरना दिया। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और अन्य नेता शामिल हुए।

सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह समय जागने और एकजुट होकर इस भ्रष्ट और अलोकतांत्रिक सरकार का मुकाबला करने का है, जो अपने खिलाफ उठ रही हर उस आवाज को खामोश करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि लोक उपक्रम बेचे जा रहे हैं, वे राहुल गांधी की संपत्ति नहीं हैं, बल्कि देश की संपत्ति हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के सभी संसाधनों को एक व्यक्ति को बेच दिया जा रहा है और लोग बेरोजगार हो रहे हैं, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर है, लेकिन सरकार विरोध में उठनेवाली हर आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने सरकार को चुनौती दी कि उन्हें जेल में डाल दिया जाये, लेकिन वह नहीं झुकेंगी। उन्होंने अपने भाई राहुल गांधी का बचाव किया और कहा कि जो व्यक्ति भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सद्भाव, एकता की बात कर रहा था, वह ऐसी किसी भी चीज के बारे में बात नहीं कर सकता, जो देश के हित में नहीं है।

प्रियंका गांधी ने कहा, पहले उन्होंने उन्हें पप्पू कहा, लेकिन वह नहीं जानते थे कि पप्पू कैंब्रिज और हार्वर्ड के शीर्ष विश्वविद्यालयों में पढ़े हैं। एक दिन पप्पू बर्फबारी और बारिश में भी लाखों लोगों के साथ चलने लगे, इसलिए उन्होंने फैसला किया कि उसे संसद से बाहर करो, ताकि वह सवाल न कर सके। आज से समय बदल जायेगा।

मौजूदा शासन को गिराने के लिए पूरा देश एकजुट होगा। लोगों ने पहले भी निरंकुश शासकों को उखाड़ फेंका है। प्रियंका ने कहा कि उनके पिता का संसद में अपमान किया गया, उनके भाई को मीरजाफर जैसे नाम दिये गये। भाजपा के मंत्री संसद में उनकी मां का अपमान करते हैं।




## रांची में कांग्रेसियों ने दिन भर दिया धरना

रांची। इधर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में कांग्रेसियों ने दिन भर धरना दिया और केंद्र की मोदी सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि देश के लोकतंत्र की गरिमा को बचाये रखने में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी सहित राहुल गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता। लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले ऐसे राजनेताओं के परिजनों के बारे में भाजपा द्वारा पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर की गयी कार्रवाई से भाजपा का चाल, चेहरा और चरित्र उजागर हो गया है। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राहुल गांधी के विरुद्ध भाजपा सरकार द्वारा की गयी कार्रवाई पूर्वाग्रह से प्रेरित है। एक सोची-समझी साजिश के तहत राहुल गांधी के खिलाफ ऐसा कदम उठाया गया है। कांग्रेस पार्टी ने देशव्यापी अभियान के तहत भाजपा और मोदी सरकार के इस फैसले के खिलाफ आंदोलन शुरू किया है। मौके पर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह, महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, वरिष्ठ नेता शमशेर आलम, रविंद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, निरंजन शर्मा सहित काफी संख्या में पदधारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### राहुल गांधी का नया परिचय, 'अयोग्य सांसद'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर अपना परिचय बदल लिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल ने लोकसभा से अयोग्य घोषित किये जाने के बाद से यह बदलाव किया है। राहुल को साल 2019 के एक मानहानि मामले में दोषी ठहराये जाने के बाद लोकसभा की सदस्यता गंवानी पड़ी है। उन्होंने अपने परिचय में बदलाव करते हुए 'अयोग्य सांसद' (डिस्क्वालीफाइड एमपी) लिखा है। उन्होंने वायनाड के अपने आधिकारिक ट्विटर खाते में भी अपने परिचय की जगह पर यही लिखा।




# सीएम ने सपरिवार मां दिउड़ी मंदिर में की पूजा

## राज्य की उन्नति, सुख, समृद्धि, शांति और सद्भाव की कामना की

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर रविवार को सपरिवार मां दिउड़ी के दरबार में पहुंचे। उन्होंने मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की उन्नति, सुख, समृद्धि, शांति और सद्भाव की कामना की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इस ऐतिहासिक मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। यहां मां के दर्शन और आशीर्वाद के लिए देशभर से श्रद्धालु आते हैं। सरकार ने मंदिर परिसर को विकसित करने की कार्य योजना बनायी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उम्मीद जतायी कि मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द पूरा हो जायेगा और श्रद्धालु भव्य मंदिर का दर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग वहां जुटे थे। तमाड़ के विधायक विकास सिंह मुंडा सपरिवार उपस्थित थे।



# चाइबासा में लैंड माइंस विस्फोट में एक वृद्ध महिला की मौत, दूसरी गंभीर रूप से घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंजदबेड़ा गांव के समीप जंगल में रविवार को नक्सलियों द्वारा बिछायी गयी लैंड माइंस विस्फोट में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी है। साथ ही आइइडी बम विस्फोट में एक अन्य वृद्ध महिला भी जख्मी हो गयी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों महिलाएं जंगल में पत्ता तोड़ने के लिए गयी थीं। इसी दौरान बम के नीचे उनका पांव आ गया, जिसमें एक की मौत हो गयी। मृत महिला की पहचान गुरुबारी तामसोय (65) के रूप में की गयी है। वहीं घायल महिला का नाम चंदू कुई तामसोय (62) है। बम विस्फोट में घायल महिला चंदू कुई तामसोय की छाती, पेट और दाहिने हाथ में बम के छर्रे लगे हैं। उसकी भी स्थिति गंभीर है। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल चाइबासा में भर्ती कराया।

**एसपी ने घायल महिला का जाना हाल :** वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पश्चिम सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने सदर अस्पताल पहुंच कर जख्मी महिला का हाल जाना और बेहतर इलाज के लिए ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिये।

**पुलिस और सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए जंगल में बिछायी गयी है लैंड माइंसः** पुलिस और सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों के द्वारा जिले के जंगली इलाके में लैंड माइंस बिछायी गयी है, जिसकी चपेट में दोनों महिलाएं आ गयीं। इसमें एक महिला की जान चली गयी।

**अब तक आधा दर्जन ग्रामीणों की बम विस्फोट में जा चुकी है जान :** बता दें कि यह पहली बार नहीं है, जब नक्सलियों के द्वारा बिछायी गयी लैंड माइंस की चपेट में आकर किसी ग्रामीण की मौत हुई है। कुछ दिन पूर्व भी इस तरह की घटना हो चुकी है। अब तक पश्चिम सिंहभूम में नक्सलियों के द्वारा आइइडी बम की चपेट में आकर छह लोगों की मौत हो चुकी है और चार से पांच लोग जख्मी हो चुके हैं।

रिम्स गवर्निंग बॉडी की 55वीं बैठक में कुल 16 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# नये भवन निर्माण और स्वास्थ्य संबंधी यंत्र खरीदने को दी गयी मंजूरी

- नयी लिफ्ट लगेगी खराब लिफ्ट की मरम्मत की जायेगी
- नर्सों की नियुक्ति भी की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स के बेहतर विकास और रखरखाव के लिए रिम्स की शासी परिषद की बैठक रविवार को रिम्स में हुई। रिम्स में यह 55वीं बैठक का आयोजन हुआ। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कुल 16 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें नये भवन निर्माण और कई स्वास्थ्य संबंधी यंत्र खरीदने की स्वीकृति दी गयी। कुल पांच घंटे तक चली इस बैठक में राज्य के अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह, कांके के विधायक समरी लाल, रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। रिम्स में कंबल और बेड की आ रही लगातार शिकायत को लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सप्ताह में सात दिन सात रंगों की चादर बदली जायेंगी। इसके साथ ही जो लिफ्ट खराब हैं, उनकी जल्द मरम्मत की जायेगी। वहीं जहां पर लिफ्ट की ज्यादा समस्या है, वहां पर नयी लिफ्ट लगायी जायेगी। वहीं रिम्स में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था बहाल कराने के लिए नर्सों की भी नियुक्ति की जायेगी।



मन की बात का 99वां एपीसोड : अंगदान समेत कई मुद्दों पर चर्चा की

# पीएम मोदी ने सरायकेला की स्नेहलता चौधरी की सराहना की

- अंगदान के लिए कोई उम्र सीमा नहीं, किसी भी राज्य में मरीज कर सकता है आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अपने बेहद लोकप्रिय मासिक प्रसारण कार्यक्रम 'मन की बात' के 99वें एपीसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अंगदान समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने अंगदान के लिए सरायकेला की स्नेहलता चौधरी की चर्चा की और पंजाब के सुखबीर सिंह संधू और उनकी पत्नी सुप्रीत कौर से बात की। बता दें कि स्नेहलता चौधरी के परिजनों ने उनकी मौत के बाद अंगदान किया था। पीएम मोदी ने संबोधन के दौरान नर्वस नाइंटीज का जिक्र भी किया।



पीएम मोदी ने दूसरों की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वालों की चर्चा भी की। उन्होंने कहा, अंगदान आज किसी को जीवन देने का बड़ा माध्यम बन चुका है। मृत्यु के बाद शरीर दान से आठ-नौ लोगों को नया जीवन मिलने की संभावना होती है। पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान अमृतसर के रहने वाले एक खास परिवार से लाइव बात की। अमृतसर के रहने वाले सुखबीर सिंह संधू और उनकी पत्नी सुप्रीत कौर को एक बेटी हुई थी। घर के लोगों ने प्यार से उसका नाम अबाबत कौर रखा था। अबावत सिर्फ 39 दिनों की थी, जब वह दुनिया छोड़ कर चली गयी। उसके माता-पिता ने अबाबत के अंगदान का प्रेरणादायक फैसला किया। प्रधानमंत्री ने दंपति से उनकी बेटी और अंगदान के फैसले के बारे में बात की।

प्रधानमंत्री ने बताया कि अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए पूरे देश में एक जैसी पॉलिसी पर काम हो रहा है। इस दिशा में राज्यों के स्थायी निवासी होने की शर्त को हटाने का निर्णय भी लिया गया है। उन्होंने कहा, सरकार ने अंगदान के लिए 65 वर्ष से कम आयु की आयु-सीमा को भी खत्म करने का फैसला लिया है। इन प्रयासों के बीच, मेरा देशवासियों से आग्रह है कि ऑर्गन डोनर ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे आयें। आपका एक फैसला कई लोगों की जिंदगी बचा सकता है, जिंदगी बना सकता है।

नारी शक्ति की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत का जो सामर्थ्य नये सिरे से निखर कर सामने आ रहा है, उसमें बहुत बड़ी भूमिका हमारी नारी शक्ति की है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने एशिया की पहली महिला लोको पायलट सुरेखा यादव और डॉक्यूमेंट्री के लिए ऑस्कर जीतने वाली प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा और डायरेक्टर कार्तिकी गोंजाल्विस का भी जिक्र किया। देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात का यह साथ 99वें पायदान पर आ पहुंचा है। 30 अप्रैल को होने वाले 100वें एपिसोड को लेकर लोगों में बहुत उत्साह है। 100वें एपिसोड के लिए आप सभी के सुझाव का बेसब्री से इंतजार है।



आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 72,500 रु./प्रति किलो |



# राहुल प्रकरण में दोराहे पर विपक्ष और चौराहे पर विपक्षी एकता

## तेजस्वी यादव और मायावती के बयान बहुत कुछ कहते हैं

- तेजस्वी कह रहे हैं, कांग्रेस उन राज्यों में कमान क्षेत्रीय दलों को सौंप दे, जहां वह कमजोर है
- मायावती के इस सवाल का भी गहरा अर्थ है कि 1975 में कांग्रेस ने क्या किया था

आजाद सिपाही विशेष

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में सजा सुनाये हुए तीन दिन और लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहराये जाने के दो दिन बीत चुके हैं, लेकिन सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि इस प्रकरण में विपक्ष का स्टैंड अब तक साफ नहीं हो सका है। इस 'स्टैंड' का आशय राहुल को सजा सुनाये जाने या संसद सदस्यता से बर्खास्तगी का विरोध करना नहीं, बल्कि आगे की, खास कर 2024 के आम चुनाव की रणनीति से है। ऐसा लगता है कि राहुल प्रकरण में तमाम विपक्षी दल या तो सकते की स्थिति में हैं या फिर वे फिर अपने हिसाब से स्थिति के अनुकूल बनने का इंतजार कर रहे हैं। यहां तक कि कांग्रेस के भीतर भी शायद सन्निपात का माहौल है, क्योंकि उसके लिए यह घटना महज एक सत्याग्रह से अधिक की उम्मीद रखती है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को छोड़ कर विपक्ष के किसी भी नेता ने अब तक 2024 में विपक्षी एकता की बात नहीं कही है, जबकि तेजस्वी यादव इस मौके को अपने लिए अवसर के रूप में लेना चाहते हैं। उनका यह कहना कि कांग्रेस बड़ी पार्टी तो है, लेकिन उसे उन राज्यों में कमान क्षेत्रीय दलों के हाथ में सौंप देनी चाहिए, जहां वह कमजोर है। विपक्षी दल के साथ-साथ कांग्रेस का हर नेता राहुल को दी गयी सजा या लोकसभा से उनकी बर्खास्तगी की निंदा तो कर रहा है, लेकिन किसी के पास सशक्त प्लान नहीं है कि सत्याग्रह या प्रदर्शन के आगे क्या किया जाये। यह कितनी अजीब बात है कि विपक्षी एकता के लिए सबसे मुफीद इस अवसर को भी भुनाने में विपक्षी दल दोराहे पर नजर आ रहे हैं। मायावती का एक बयान इसकी पुष्टि कर रहा है। उन्होंने राजीव गांधी की सदस्यता समाप्त करने को गलत तो माना है, लेकिन साथ में यह भी कहा है कि कांग्रेस आत्ममंथन करे कि उसने 1975 में क्या किया था। इससे ऐसा लगता है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रकरण को अपने लिए अवसर की तरह देख रहे हैं और इसलिए 'वेट एंड वाच' की स्थिति में बने हुए हैं। राहुल प्रकरण की पृष्ठभूमि में विपक्षी दलों की इसी दुविधा का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

भारतीय राजनीति आज राहुल गांधी प्रकरण पर आकर ठहर गयी है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के 18वें आम चुनाव से ठीक पहले का यह कानूनी-सह-सियासी घटनाक्रम भारत को किस तरफ ले जायेगा, इस बारे में अभी भविष्यवाणी तो नहीं की जा सकती, लेकिन इतना जरूर है कि इस घटनाक्रम से भाजपा को कुछ विशेष परेशानी नहीं हो रही है। कैसे, यह सवाल स्वाभाविक है और इसका जवाब भी बहुत कठिन नहीं है। भारतीय राजनीति का यह विरोधाभास है कि मजबूत राहुल गांधी भाजपा के लिए अच्छी खबर हैं और विपक्ष के लिए खराब खबर। अच्छी खबर इसलिए, क्योंकि 2024 के चुनाव के 'मोदी बनाम राहुल' बनने की संभावना थी और भाजपा को पूरा यकीन था कि इसका लाभ मोदी को होगा। चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा ने राहुल का राजनीतिक कद बढ़ाया था और यह उनकी अपनी उपलब्धि है, जिसमें परिवार के नाम का कोई योगदान नहीं है। इसीलिए उन्हें मोदी के मुख्य विरोधी की तरह देखा जाने लगा और वह विपक्ष का चेहरा बनते भी दिखे, फिर चाहे विपक्षी दल उन्हें इस रूप में स्वीकार करें या न करें। इसी बीच हालात कुछ ऐसे बदले कि राहुल अब 2024 के परिदृश्य से बाहर होते दिख रहे हैं। यही हालात अब भाजपा के लिए अनुकूल होते जा रहे हैं, जबकि विपक्ष के पास एकता के लिए अब तक बहुत सशक्त प्लान दिखाई नहीं दे रहा।

इतना तय है कि विपक्ष की ओर से नेता कौन होगा, इसका फैसला अब 2024 के चुनावों के बाद ही होगा और यह स्थिति भी तब आयेगी, जब विपक्ष सरकार बनाने की स्थिति में हो, पर अभी तो ऐसा नहीं लग रहा है। लिहाजा, राहुल के सीन से बाहर होने के बाद 'मोदी बनाम विपक्ष से कौन', यह बहस भाजपा के कथानक को मदद करती है, न कि विपक्ष के एजेंडा को।

आज विपक्ष दो खेमों में बंटा हुआ है और उनके मतभेद इस मुद्दे के इर्द-गिर्द केंद्रित हैं कि विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व कौन करेगा। कुछ ऐसी पार्टियां हैं, जिनका अपने राज्यों में कांग्रेस के साथ गठबंधन है और वे कांग्रेस को नेतृत्व की भूमिका देने पर राजी हो सकती हैं। इनमें द्रमुक (तमिलनाडु), झारखंड मुक्ति मोर्चा (झारखंड), राजद और जदयू (बिहार), एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (महाराष्ट्र) शामिल हैं। हाल ही में त्रिपुरा के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने वाली लेफ्ट पार्टियां गैर-भाजपा गठबंधन का समर्थन करेंगी, फिर कांग्रेस उसका नेतृत्व करे या न करे। इन दलों के अलावा ऐसी पार्टियां और नेता भी हैं, जो अपनी सरकार चलाने के लिए कांग्रेस पर निर्भर नहीं हैं, जिनमें ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (पश्चिम बंगाल), अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (दिल्ली और पंजाब), के चंद्रशेखर राव की बीआरएस (तेलंगाना) शामिल हैं। ये पार्टियां राहुल का नेतृत्व स्वीकार नहीं कर सकती थीं, लेकिन बदले हालात में भी उनके स्टैंड साफ नहीं हो सके हैं। यहां तक कि समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी और 2024 में गांधी-नेहरू परिवार का गढ़ माने जानेवाले रायबरेली और अमेठी से भी अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। ये वे सीटें हैं, जहां सपा ने अपने उम्मीदवार खड़े नहीं कर अतीत में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को चुनाव जीतने में मदद की है।







असल दुविधा यहीं है। राहुल के संसद के परिदृश्य से बाहर होने के बाद अब केसीआर से लेकर नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल से लेकर शरद पवार तक खुद को रेस में शामिल मान रहे हैं। हालांकि उन्होंने सामने आकर ऐसा कुछ नहीं कहा है, लेकिन राहुल गांधी की सांसदी जाने से कांग्रेस की अंदरूनी स्थिति का आभास उन्हें होने लगा है। राहुल के खिलाफ हुई कार्रवाई के तीन दिन बाद तक कांग्रेस की तरफ से जो प्रतिक्रिया होनी चाहिए थी, वैसी अब तक नहीं हुई है। हां, कांग्रेस ने राजनीति के इस आक्रामक दौर में सत्याग्रह का रास्ता अख्तियार किया है।

वैसे भी 23 मार्च से पहले की स्थिति पर गौर करने से पूरा परिदृश्य साफ हो जाता है। ममता बनर्जी ने गौतम अडाणी की प्रधानमंत्री मोदी से कथित करीबी की जेपीसी जांच की कांग्रेस की मांग से प्रत्यक्ष रूप से खुद को दूर रखा था। आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति, जो कि कांग्रेस की 'बड़े भाई' की भूमिका को स्वीकार करने को तैयार नहीं थीं, कुछ अन्य पार्टियों की तरह कांग्रेस की कीमत पर ही आगे बढ़ी थीं। ये पार्टियां जानती हैं कि कांग्रेस के पुनर्जीवन की कीमत उन्हें चुकानी पड़ सकती है। इसलिए यह सिर्फ अहंकार का मामला नहीं है। उनका मानना है कि कांग्रेस का संकट उनके अस्तित्व के लिए भी खतरा बन सकता है।

ऐसे में विपक्ष में गतिरोध टूटने का एक ही तरीका हो सकता है। वह यह कि कांग्रेस अब सीधे पहल करे और क्षेत्रीय दलों के साथ मिल कर विपक्षी एकता का मार्ग प्रशस्त करे। लेकिन ऐसा कहना आसान है, करना कठिन। यह कांग्रेस के नये जुड़े समर्थकों को हताश करने जैसा होगा, जिन्होंने भले ही अभी यह तय न किया हो कि वे किसे वोट देंगे, लेकिन राहुल को नयी उम्मीद के रूप में देख रहे थे। उनकी उम्मीद अब टूट गयी है और वे बिखरने के लिए तैयार हैं।

अभी यह सवाल अहम है कि क्या राहुल को सजा सुनाये जाने और फिर लोकसभा सदस्यता जाने के बाद कांग्रेस यह पहल करेगी। राजनीतिक मोर्चे पर अभी क्या कुछ होगा, नहीं कहा जा सकता, लेकिन क्या इससे राहुल गांधी के प्रति जनता में सहानुभूति पैदा हो सकती है, भले ही भाजपा इस मुद्दे को हवा दे रही हो। लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या राहुल पीड़ित के रूप में क्षेत्रीय दलों की एकता में उत्प्रेरक का काम कर सकते हैं।

विपक्षी दल विपक्षी नेताओं के खिलाफ इडी और सीबीआइ जैसी एजेंसियों के दुरुपयोग की भर्त्सना कर रहे हैं, इसके बावजूद उनके मतभेद भी कायम हैं। हालांकि उनके भीतर से यह स्वर भी उठ रहे हैं कि जब भाजपा के दूसरे कार्यकाल में उन्हें मुकदमों और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है, तो फिर मोदी के तीसरे कार्यकाल में क्या होगा। क्या राहुल की दोषसिद्धि विपक्षी राजनीति में निर्णायक बिंदु बन सकती है या इसका फायदा भाजपा को होता रहेगा। इन सवालों के जवाब आनेवाले दिनों में विपक्षी दलों को ही देने होंगे। जब तक इन सवालों के जवाब नहीं मिलते, विपक्षी एकता की परिकल्पना चौराहे पर शोभा की वस्तु बन कर ही रहेगी।

---

**पहाड़ बचाओ आंदोलन : सोहेया पहाड़ बचाने को लेकर लगातार 39 दिनों से धरना पर बैठे हैं ग्रामीण, कहा-**

# व्यावहारिक जीवन का अस्तित्व है सोहेया पहाड़, इस बार यह आरपार की लड़ाई

अरुण कुमार सिंह

सोहेया पहाड़ क्षेत्र की सभी लीज को रद्द करने की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीण पिछले 39 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। इस बार के धरना के दौरान सिर्फ सीओ और थाना प्रभारी धरना स्थल पर गये और ग्रामीणों से धरना समाप्त करने का आग्रह किया, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। उनका कहना है कि इस मुद्दे को वे वर्ष 2014 से लगातार उठा रहे हैं। इस दौरान कई बार आंदोलन हुए। कई बार पट्टाधारकों और ग्रामीणों के बीच झड़पें भी हुईं। जांच और कार्रवाई की नौटंकी भी हुई। बीच में अधिकारियों ने खनन भी बंद कराया। कभी-कभी किसी ईमानदार सरकारी अधिकारी ने सच्चाई का भी पक्ष लिया, लेकिन अधिकतर अधिकारी और जनप्रतिनिधि पट्टेधारियों से मिले रहे और उनके व्यावहारिक जीवन का अस्तित्व सोहेया पहाड़ बर्बाद होता रहा।

वहीं सोहेया पहाड़ बचाओ संघर्ष समिति के प्रभारी रामजी मेहता, अध्यक्ष रामकेश्वर महतो, संगठन मंत्री इस्लाम अंसारी सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि इस बार आर-पार की लड़ाई है। सोहेया पहाड़ क्षेत्र में आवंटित सभी छह खनन पट्टे पूरी तरह अवैध हैं, जिन्हें सरकारी नियमों को ताक पर रख कर आवंटित किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने मंत्री, सांसद और विभाग के सभी लोगों को पत्र भेजा है, लेकिन अभी तक किसी की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है।





### जब तक लीज रद्द नहीं होगी, ग्रामीणों का धरना जारी रहेगा

उपायुक्त पलामू को लिखे गये पत्र में ग्रामीणों ने कहा है कि सोहेया पहाड़ क्षेत्र में कुल छह लीज आवंटित किये गये हैं। ये सभी पट्टे कानून को ताक पर रख कर दिये गये हैं । सभी लीज धारकों ने फर्जी ग्राम सभा करवायी है और 1908 के सर्वे खतियान का किस्म जंगल-झाड़ी को छिपा कर हेरा-फेरी कर सिर्फ पहाड़ दर्शाया गया है। कोई भी लीज सरकारी मानक के मापदंड को पूरा नहीं करती है। जैसे वन सीमा से दूरी, मानव बसाहट, शैक्षणिक संस्थान, नदी, जलीय निकास, खेल का मैदान, सार्वजनिक स्थल, श्मशान घाट, कब्रिस्तान, खेती योग्य भूमि, देव स्थल, अंतर्राज्यीय सीमा इत्यादि की लीज स्थल से निश्चित दूरी को अनदेखा करके खनन पट्टा दिया गया है। मेसर्स मां स्टोन वर्क्स के लीज क्षेत्र के अंदर ही सोहेपाट बाबा का देवस्थल है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय लोग जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण से त्राहिमाम कर रहे हैं। ग्रामीणों के मकानों, छतों और आंगनों में ब्लास्टिंग के पत्थर गिरते हैं, जिससे मकान क्षतिग्रस्त होते हैं और ग्रामीण घायल। ग्रामीणों को कई तरह की बीमारियां हो रहीं हैं और वे बेमौत मर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा है कि सोहेया पहाड़ क्षेत्र की लीज रद्द होने तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

### मामला जांच के तहत अपर समाहर्ता के पास है: जिला खनन पदाधिकारी

**इस बावत पूछे जाने पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा कि संबद्ध मामला जांच के तहत अपर समाहर्ता के पास है। ग्रामीणों ने कहा कि डीएमओ झूठ बोल रहे हैं। संबद्ध मामले की जांच के लिए जो समिति गठित हुई है, उसमें डीएमओ भी हैं और उन्हीं के इशारे पर सोहेया पहाड़ में अवैध खनन हो रहा है।**

### 18-30 मीटर होल करके होती है ब्लॉस्टिंग, कांप उठती है धरती

ग्रामीणों का कहना है कि सोहेया पहाड़ के इर्द गिर्द हर दिन भूकंप जैसा माहौल रहता है। खनन पट्टाधारी एक बार में जमीन के नीचे 18 से 30 मीटर तक होल करके ब्लॉस्टिंग करते हैं, जिससे आसपास के दो किलोमीटर के रेडियस में धरती कांप जाती है। ब्लॉस्टिंग से पानी पाताल में चला गया है और पानी में बारूद की गंध आती है। आसपास की धरती बंजर होती जा रही है और लोगों के साथ मवेशी भी बीमार हो रहे हैं।

### पूरे जिले भर में आवंटित 80 प्रतिशत खनन पट्टों में हुआ है फर्जीवाड़ा

यह सिर्फ सोहेया पहाड़ क्षेत्र के इर्द गिर्द अवस्थित लीज का मामला नहीं है, जो सवालों के घेरे में है। जानकारों का कहना है कि पलामू जिले भर में करीब 80 प्रतिशत खनन पट्टे इसी तरह के फर्जीवाड़े, खतियान में हेराफेरी, फर्जी दूरी की रिपोर्ट और फर्जी ग्राम सभा के आधार पर दी गयी है। इस 'वैध में अवैध' मामले की आज तक किसी ने समग्र जांच नहीं की।

### जल-जंगल-जमीन के पक्ष में न्याय करे सरकार, कोर्ट के आदेश को हलके में न लें : पंकज

**वहीं पंकज यादव द्वारा अवैध खनन मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने राज्य के गृह सचिव को तीन सदस्यीय कमिटी बनाने का निर्देश दिया था। कमिटी को 14 अप्रैल तक संबद्ध रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंपनी है, ताकि 17 अप्रैल को सुनवाई हो सके। प्रार्थी पंकज यादव ने कहा कि झारखंड सरकार कोर्ट के आदेश को बहुत हलके में ले रही है। सरकार का यह रवैया खनन माफियाओं का मन बढ़ानेवाला है। हाइकोर्ट के इस निर्देश के बाद भी पलामू में अवैध खनन, भंडारण और परिवहन पर तनिक भी लगाम नहीं लग पायी है। अब तक टीम भी नहीं बनी है। पंकज ने कहा कि अगर सरकार यह दावा करती है कि राज्य में अवैध खनन नहीं हो रहा है, तो सरकार तत्परता दिखाएयेऔर कमेटी को पलामू भेज कर जांच करवाये। वह भी यही चाहते हैं कि जल-जंगल-जमीन के पक्ष में न्याय हो ।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel



### श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद्‌भागवत कथा यज्ञ के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की हुई पूजा

# एक मां के लिए सब बच्चे बराबर : मनुश्री महाराज

**वृंदावन से पधारे संत मनुश्री महाराज ने अपने प्रवचन से श्रद्धालुओं को पढ़ाया एक दूसरे के प्रति प्रेम का पाठ**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेहल स्थित रूपा शाहदेव के पैतृक भूखंड पर चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के पांचवें दिन रविवार को मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा पूरे विधि -विधान से हुई। महायज्ञ के पांचवें दिन कथावाचक के रूप में मौजूद वृंदावन से पधारे संत मनुश्री महाराज ने मौके पर मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं को एक-दूसरे के प्रति प्रेम का पाठ पढ़ाया। उन्होंने राम-रावण प्रसंग, महिषासुर मर्दिनी सहित कई प्रसंगों की व्याख्या की। सबका निचोड़ यही था कि हिंसा नहीं करनी चाहिए।

उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि रावण के पास सब कुछ था, लेकिन चरित्र नहीं था। चरित्र राम के पास था, जिसके बल पर उन्होंने रावण पर विजय प्राप्त की। जीवन में चरित्र और ज्ञान बहुत जरूरी है। ज्ञान के बिना जीवन अधूरा है। अहिंसा पर अपने प्रवचन में मनुश्री महाराज ने कहा कि एक मां के लिए सब बच्चे बराबर हैं। मां भगवती के लिए गाय, घोड़े, बकरी, पशु, पक्षी सभी बच्चे हैं। क्या एक मां अपने एक बच्चे को अपने दूसरे बच्चे की हत्या के लिए कह सकती है। यह सब अपने स्वाद के लिए हमने बनाया है। उन्होंने कहा कि एक बात गांठ बांध लो, अगर तुम किसी का गला काटोगे तो एक दिन ऐसा आयेगा, जब वह तुम्हारा गला काटेगा। मांस की व्याख्या करते हुए कहा कि मां का अर्थ आज हम तुम्हें खा रहे हैं और स का अर्थ वह भी एक दिन तुम्हें खायेगा।

संत मनुश्री महाराज ने महिषासुर मर्दिनी व वृत्तासुर की कथा की सप्रसंग व्याख्या की। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु शांत-चित्त होकर उनके अमृत वचनों का पान करते रहे। प्रवचन के अंत में सिंघाड़ा के आटे का भोग लगाया गया, जिसे सभी श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया।

*मां स्कंद मातेति नमस्तुभ्यं, नमस्तुभ्यं सुरेश्वरि, हरिप्रिये नमस्तुभ्यं, नमस्तुभ्यं दयानिधे*

श्री शतचंडी महायज्ञ के यज्ञ मंडप में पांचवें दिन रविवार को मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता का पूरे विधान के साथ पूजन हुआ। यज्ञाचार्य नागेंद्र नाथ ओझा व सह यज्ञाचार्य निरंजन दास मिश्र ने वैदिक मंत्र *मां स्कंद मातेति नमस्तुभ्यं, नमस्तुभ्यं सुरेश्वरी, हरिप्रिये नमस्तुभ्यं, नमस्तुभ्यं दयानिधे* मंत्र से मां के इस पांचवें स्वरूप का आह्वान किया। सुबह की शुरुआत मंडप पूजन व वेदी पूजन से हुई और इसके बाद 11 ब्राह्मणों ने मां दुर्गा के सप्तशति का पाठ किया। शाम में आरती व मां का श्रृंगार हुआ। मां स्कंदमाता के पूजन के दौरान यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। आचार्य ने बताया कि स्कंदमाता मां पार्वती ही हैं। इन्हें गौरी भी कहा जाता है। स्कंद युद्ध के देवता कार्तिकेय का नाम है। कार्तिकेय की माता, मतलब स्कंद माता। इनका वास विशुद्ध चक्र में है। यह भक्तों को अभीष्ट फल प्रदान करती हैं। इनकी पूजा से भगवान कार्तिकेय की पूजा स्वयं हो जाती है। स्कंदमाता की आराधना से सूनी गोद भी भर जाती है और इनकी साधना से साधकों को आरोग्य, बुद्धिमता व ज्ञान की प्राप्ति होती है।

### शिवसेना क्लब ने मनुश्री महाराज का किया स्वागत

**पिस्का मोड़ लकड़ी टाल स्थित शिव सेना दुर्गा पूजा समिति ने सत्संग मंडप में संत मनुश्री महाराज का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। स्वागत मौके पर मुख्य मंच पर समिति के संरक्षक उदय प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना, अध्यक्ष रामाकांत ओझा, सचिव नरेश पंडित, कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार, संयोजक बैजू सोनी, उपाध्यक्ष सुदीप उरांव व दीपक पोद्दार मौजूद थे।**

### ये अतिथि पहुंचे

संत मनुश्री महाराज के प्रवचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हटिया के विधायक नवीन कुमार जयसवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार, डिप्टी कलक्टर गौरी शंकर शर्मा, केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य वीरेंद्र चौबे, डीआइजी सीआरपीएफ विशेन स्वरूप शर्मा पहुंचे थे।

# डॉ शेखर चौधरी काजल बने रांची आइएमए के अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) का द्विवार्षिक चुनाव 2023-25 रविवार को संपन्न हो गया। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान की प्रक्रिया में कुल 773 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। इनमें निवर्तमान अध्यक्ष डॉ शंभू प्रसाद सिंह और आइएमए के पूर्व महासचिव रहे डॉ शेखर चौधरी काजल थे। डॉ शंभू प्रसाद को कुल 305 वोट, जबकि डॉ शेखर चौधरी काजल को 468 वोट मिले। डॉ शेखर 163 वोट से जीतकर रांची आइएमए के अध्यक्ष बने।

# राजेंद्र प्रसाद से मिले शिक्षक, बतायी पीड़ा



**झारखंडी शिक्षकों की उपेक्षा कर रही सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को गैर अनुसूचित जिलों से अनुसूचित जिलों में शिक्षकों के पदस्थापन में झारखंडी शिक्षकों की अनदेखी को लेकर शिक्षक और शिक्षिकाओं ने मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान शिक्षकों ने बताया कि झारखंडी शिक्षकों के पदस्थापन में किस तरह अनदेखी और उनकी उपेक्षा की जा रही है। बाहरी शिक्षकों से पदस्थापना के लिए उनकी इच्छा जानी जा रही है, लेकिन झारखंडी शिक्षकों से पदस्थापना के लिए नहीं पूछा जा रहा है कि स्थानीय शिक्षक कहां स्थानांतरण चाहते हैं। बाहरी शिक्षकों की इच्छा से रांची में उनको स्थानांतरित किया जा रहा है। वहीं अपने गृह जिला में पूर्व से कार्यरत मूलनिवासी शिक्षकों को दूसरे सुदूर जिलों में भेजा जा रहा है, जिसमें अधिकतर महिला शिक्षिका हैं। राजेंद्र प्रसाद ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग की है। प्रसाद ने कहा कि सरकार एक तरफ खतियान की बात करती है, वहीं इस सरकार में बाहरियों को तरजीह देकर यहां के स्थानीय मूलनिवासी शिक्षकों को जिला से अन्य जगह पर पदस्थापित करना कहां तक उचित है? प्रसाद ने कहा कि इससे राज्य के मूल निवासियों में सरकार के प्रति आक्रोश उत्पन्न होगा। दूसरे राज्य के निवासी शिक्षकों से पद स्थापना के लिए जिला का विकल्प मांगा जा रहा है, जबकि अपने राज्य के मूलनिवासी शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार कर उन्हें बिना कोई विकल्प दिये सुदूर क्षेत्र में भेजा जा रहा है। प्रसाद ने बताया कि वह इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे।

# भाजपा नेताओं संग हजारों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं और राज्य की जनता ने रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 99वें संस्करण को सुना। प्रदेश भाजपा द्वारा यह कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न बूथों पर प्रदेश के नेता शामिल हुए। इसके तहत रांची विधानसभा के सुखदेवनगर मंडल स्थित बूथ संख्या 121 पर भाजपा अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम में पूरा भारत समाया हुआ रहता है। यह कार्यक्रम एक भारत, श्रेष्ठ भारत का दर्शन कराता है। दीपक प्रकाश ने कहा कि मन की बात में भारत की सांस्कृतिक विरासत के साथ बढ़ते भारत और बदलते भारत की स्पष्ट छवि दिखायी पड़ती है। यह भारत के आमजन को देश की मिट्टी से जोड़नेवाला कार्यक्रम है। झारखंड तो प्रधानमंत्री के दिल में बसता है। उन्होंने अंगदान की चर्चा में झारखंड की सराहना की, जो राज्य के लिए गौरव का क्षण है।

### जन मन को आत्मगौरव, स्वाभिमान से भर देता है : बाबूलाल मरांडी

कांके विधानसभा क्षेत्र के गोंदा मंडल स्थित बूथ संख्या 349 पर मन की बात कार्यक्रम में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह कार्यक्रम देश के जन मन को आत्मगौरव और स्वाभिमान से भर देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के एक-एक शब्द माला में मोतियों की तरह पिरोने जैसा है। आधे घंटे के कार्यक्रम में श्रोता मंत्रमुग्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि 100वें संस्करण के कार्यक्रम को भाजपा के कार्यकर्ता ऐतिहासिक बनायेंगे।

### गौरवशाली भारत का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज: नागेंद्र त्रिपाठी

चुटिया मंडल के बूथ संख्या 370 पर मन की बात सुनते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम केवल सुनने की बात नहीं, बल्कि गौरवशाली भारत का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसमें भारत के लोगों की गौरव गाथाएं समाहित हैं। यह कार्यक्रम सभी पीढ़ियों को देश की मिट्टी से जोड़ता है। वहीं, धुर्वा मंडल अंतर्गत बूथ संख्या 373 पर कार्यक्रम सुनते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम ऐसा लगता जैसे मा भारती की वंदना हो रही हो। यह संबोधन भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता को अंधकार से प्रकाश की ओर, बुराई से अच्छाई की ओर, असत्य से सत्य की ओर जाने को प्रेरित करता है। आधे घंटे के कार्यक्रम से असीम ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश के पदाधिकारीगण, जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सांसद, विधायक भी अपने-अपने बूथों पर कार्यक्रम में शामिल हुए।

### एक शरीर से 9 लोगों को मिलता है नया जीवन : संजय कुमार

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जयसवाल ने अपने बूथ संख्या 26/27 पर मन की बात कार्यक्रम सुनते हुए कहा कि पीएम ने कहा कि आधुनिक मेडिकल साइंस के इस दौर में ऑर्गन डोनेशन किसी को जीवन देने का एक बहुत बड़ा माध्यम बन चुका है। जब एक व्यक्ति मृत्यु के बाद अपना शरीर दान करता है तो उससे 8 से 9 लोगों को एक नया जीवन मिलने की संभावना बनती है। सरकार ने ऑर्गन डोनेशन के लिए 65 वर्ष से कम आयु की आयु-सीमा को खत्म करने का फैसला लिया है। इन प्रयासों के बीच, देशवासियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आग्रह किया है कि ऑर्गन डोनर ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे आयें। आपका एक फैसला कई लोगों की जिंदगी बचासकता है। कार्यक्रम सुनने के दौरान सुखदेव नगर मंडल के महामंत्री राजकुमार जयसवाल भाजयुमो जिला के मंत्रीशुभम कुमार जयसवाल आशीष कुमार रिंकू साहू अरुण कुमार जयसवाल रंजीत महतो आनंद कुमार अविनाश राय शंकर उराव विनोद वर्मा सहित उपस्थित थे।

# चुटिया में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुना गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 99वें संस्करण को सुनने के लिए चुटिया मंडल के बूथ संख्या-370, शक्ति केंद्र योगदा सत्संग के समीप भाजपा झारखंड के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुनचुन राय के तत्वावधान में व्यवस्था की गयी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संगठन मंत्री (बिहार-झारखंड) नागेंद्र त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मुकुंद नायक सहित भाजपा मंडल कार्यकर्ता एवं आम जनों के साथ सौ से ज्यादा लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि आगामी 30 अप्रैल को मन की बात का 100वां संस्करण का प्रसारण होगा। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ता अपने -अपने बूथों में आम लोगों को जोड़ कर बृहद् आयोजन की तैयारी करें। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुनचुन राय ने कहा कि मन की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेहद प्रेरणादायक कार्यक्रम है, जिससे हमें राष्ट्रवाद एवं मानव सेवा की प्रेरणा मिलती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुजीत शर्मा, अनीता वर्मा, मदन केशरी, जनार्दन साह, छत्तरधारी महतो, राजकुमार महतो, विक्की सिंह, कौशल चौधरी, अविचल सिंह, रवि सिंह, बनवारी लाल अग्रवाल, अनिल सिंह सहित कई आम लोग शामिल हुए।

# श्री कृष्ण प्रणामी भंडारे में 900 श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को 79वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपनी स्व. धर्म पत्नी शैला सर्राफ की स्मृति में संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुरणमल सर्राफ और उनके परिवार के सौजन्य से की गयी। संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, पवन पोद्दार एवं विष्णु सोनी ने जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आसपास के रहने वाले श्रद्धालुओं और जरूरतमंद परिवारों के सदस्यों, मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 79वां निःशुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का उद्घाटन कर वितरण शुरू किया। संस्था की ब्रह्मलीन वरिष्ठ सदस्या स्व. शैला सर्राफ की स्मृति में आयोजित निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे में 900 से ज्यादा श्रद्धालुओं, राहगीरों एवं जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सेवा की गयी। मौके पर अनमोल सर्राफ, प्रिया, पायल, निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ओम प्रकाश सरावगी, सज्जन पाड़िया, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, मनीष जालान, सुरेश भगत, शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार, धीरज कुमार गुप्ता, आलोक सिंह, कुंतला केजरीवाल, सुधा सुल्तानिया, शारदा खंडेलवाल, अमिता जालान उपस्थित थे।

### तैयारी : फेस्टिवल में राज्य भर से लगभग सौ से भी अधिक फिल्मों का प्रदर्शन होगा

# जून में आयोजित होगा चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चित्रपट झारखंड द्वारा आगामी 23, 24 औा 25 जून 2023 को चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल आयोजित होने जा रहा है। इस फेस्टिवल में राज्य भर से लगभग सौ से भी अधिक फिल्मों का प्रदर्शन होगा। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय सिनेमा को बढ़ावा देना है। झारखंड में बन रही फिल्मों और निर्माताओं को यहां की ऐतिहासिक एवं पौराणिक संस्कृति को पूरे विश्व के पटल पर प्रदर्शित करने के लिए एक साझा मंच तैयार किया जा रहा है। वहीं फिल्म विधा के माध्यम से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक परंपराओं एवं सामाजिक आधार बना कर देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव, वसुधैव कुटुंबकम की ओर अग्रसर करना है। रविवार को उक्त विषय से संबंधित पोस्टर विमोचन सह चित्रपट झारखंड की वेबसाइट का लोकार्पण रांची स्थित होटल रेडिशन ब्लू में किया गया। फिल्म फेस्टिवल में जो भी फिल्म निर्माता भाग लेंगे, उन्हें झारखंड राज्य से संबंधित होना चाहिए। जो भी फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को फिल्म फेस्टिवल में भेजना चाहते हैं, वे चित्रपट झारखंड की वेबसाइट पर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा लें। फिल्म गूगल ड्राइव लिंक या पेनड्राइव के माध्यम से ही भेजी जा सकती है। फिल्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई 2023 मध्य रात्रि रखी गयी है। इसमें फिल्म का विषय जनजातीय समाज, वोकल फॉर लोकल, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, रोजगार सृजन, झारखंड स्वतंत्रता संग्राम, झारखंड का इतिहास, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सद्भाव, भविष्य का भारत, निश्चित की गयी है। चित्रपट झारखंड के अध्यक्ष नंद कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड की भाषा, संस्कृति और कला को फिल्मों के माध्यम से आगे बढ़ाने और मनोरंजन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए चित्रपट झारखंड का गठन किया गया है। इस अवसर पर बोलते हुए प्रसिद्ध अभिनेता और फिल्म निर्देशक नंदलाल नायक ने कहा कि साढ़े तीन करोड़ की आबादी वाले राज्य में मनोरंजन उद्योग की उपस्थिति नगण्य है। माय माटी और भाषा के उत्थान के लिए चलचित्र निर्माण की दिशा में यह पहल स्वागत योग्य है। इस कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी एवं उद्यमी नंदिनी गुप्ता, प्रकाश चौधरी, गोपाल झा, दिलीप कुमार देव, नंदलाल नायक, अध्यक्ष झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स किशोर मंत्री, चित्रपट झारखंड के अध्यक्ष नंद कुमार सिंह, चित्रपट झारखंड के मीडिया प्रभारी डॉ प्रो दीपक प्रसाद, चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमित मित्तल, निरंजन कुमार और कार्यक्रम के संचालक राकेश रमण उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे महिला का प्रसव, जच्चा-बच्चा सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहर के पुंदाग ओपी के जोहार नगर में रविवार सुबह करीब 7.30 बजे कचरा चुनने निकली महिला ने सड़क किनारे बच्चे को जन्म दिया। आसपास के लोगों ने महिला को प्रसव पीड़ा में देख कर मानवता दिखायी और महिलाओं ने सड़क किनारे ही महिला की डिलीवरी करायी। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। प्रसव के बाद पुलिस ने एंबुलेंस बुला कर जच्चा-बच्चा को सदर अस्पताल भेजा। स्थानीय महिलाओं के अनुसार महिला बिरसा चौक की रहनेवाली है। वह पुंदाग ओपी क्षेत्र में कचरा चुनने गयी थी। तभी उसे प्रसव पीड़ा होने लगी। इसके बाद महिला ने मदद के लिए आवाज लगायी। आवाज सुन कर आसपास की महिलाएं आयीं और प्रसूता को थोड़ी दूर लेकर गयीं। महिलाओं ने साड़ी से घेर कर सड़क किनारे महिला की सुरक्षित डिलीवरी करायी। डिलीवरी के बाद जच्चा-बच्चा को सदर अस्पताल भेजा गया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in



### वैसाखी के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय समागम के सफल समापन पर शुक्राने का दीवान सजाया गया

# साहिब मेरा एको है भाई एको है, तू सच्चा साई प्रभ पास जन की अरदास...

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** साहिब मेरा एको है भाई एको है, तू सच्चा साईं प्रभ पास जन की अरदास, छड सिंहासन हर जी आये, गुरुनानक की वडिआई तथा किलविखो नसवंजो करता घर आया... जैसे एक से बढ़ कर एक शबद गायनों से साध संगत निहाल हो गयी। मौका था वैसाखी पर्व के तीन दिवसीय आयोजन के सफल समापन के उपलक्ष्य में गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा रविवार को दिन के 3.30 बजे से शुक्राने के सजाये गये दीवान का। गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में दीवान की शुरुआत दिन के 3.30 बजे सुखमनी साहिब के सामूहिक पाठ से हुई। स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा गुर नानक की वडिआई... एवं तेरा कीया मीठा लागै हर नाम पदारथ नानक मांगे... शबद गायन किया गया। तत्पश्चात शाम 4.30 बजे से 5.15 बजे तक गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह एवं साथियों ने जिनके चोले रतड़े प्यारे कंत तिना के पास... एवं उठत बैठत खोवत जागत एह मन तुझे चितारे, सुख दुख इस मन की बिरथा तुझ ही आगे सारे... शबद गायन प्रस्तुत कर उपस्थित साध संगत को गुरवाणी से जोड़ा।

श्री अनंद साहिब के पाठ, गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह द्वारा अरदास, हुक्मनामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ शाम 5.45 बजे दीवान की समाप्ति हुई। मंच संचालन करते हुए गुरु घर के सेवक मनीष मिढा ने वैसाखी पर्व के सफल समापन के लिए गुरुनानक सेवक जत्था एवं समूह साध संगत का आभार जताया और इसी तरह गुरुघर की सेवा से जुड़े रहने का आह्वान किया। दीवान समाप्ति के उपरांत जत्था द्वारा चाय-नाश्ते का लंगर चलाया गया।

दीवान में द्वारका दास मुंजाल, वेद प्रकाश मिढा, अमरजीत गिरधर, नरेश पपनेजा, गुरदीप मल्होत्रा, आशु मिढा, नवीन मिढा, मोहन काठपाल, जीवन मिढा, रमेश पपनेजा, इंदर मिढा, राकेश गिरधर, रमेश तेहरी, ललित गखड़, ईशान काठपाल, मनीष गिरधर,अमन डावरा, सूरज झंडई, पीयूष मिढ़ा, रौनक ग्रोवर, करण अरोड़ा, जीत सिंह, कशिश नागपाल, जयंत मुंजाल, ऋषभ शर्मा, बीबी प्रीतम कौर, गीता कटारिया, बबली दुआ, मनोहरी काठपाल, सीता दुआ, तीर्थी काठपालिया, बिमला मिढ़ा, रमेश गिरधर, रानी मुंजाल, मंजीत कौर, गोविंद कौर, मीना गिरधर, उषा झंडई, रेखा मुंजाल, बंसी मल्होत्रा, नीतू किंगर, इंदु पपनेजा, नीता मिढ़ा, खुशबू मिढ़ा, गुड़िया मिढ़ा, रानी तलेजा और रजनी तेहरी समेत अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने जानकारी दी कि गुरु अर्जुन देव के शहीदी गुरुपर्व को लेकर सत्संग सभा की सुबह 10 बजे बैठक बुलायी गयी। इसमें सर्वसम्मति से तय हुआ कि 14 अप्रैल से 23 मई तक लगातार चालीस दिनों तक श्री सुखमनी साहिब के सामूहिक पाठ की लड़ी चलेगी एवं गुरुपर्व का आयोजन दो दिवसीय होगा, जिसमें 27 मई को रात आठ से 11.30 और 28 मई को सुबह 11 बजे से दिन के 2.30 बजे तक दीवान सजाया जायेगा। कार्यक्रम में सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई जगजीत सिंह बबीहा दिल्ली वाले विशेष रूप से शिरकत करेंगे।

### एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल की पहल

## ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए प्राइड एंड प्रिविलेज कार्ड लांच किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल ने ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए आसान कैंसर देखभाल तक पहुंचने के लिए भारत का अपनी तरह का पहला प्राइड एंड प्रिविलेज कार्ड लांच किया। इस कार्ड का उद्देश्य झारखंड में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए कैंसर की देखभाल को और अधिक सुलभ बनाना है। इस लांच में विशिष्ट व्यक्तित्व अमरजीत सिंह, जो ट्रांसजेंडर समुदाय के समर्थन में एक एनजीओ चलाते हैं, और प्रसिद्ध गायिका मोनिका मुंडू शामिल हुई। इस विशेषाधिकार कार्ड में एक स्क्रीनिंग पैकेज, ट्रीटमेंट पैकेज और ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए ऑफर और छूट शामिल है। खुद को जांचने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए यह कार्ड दिया गया है। इस कार्यक्रम में समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ट्रांसजेंडरों को सम्मानित भी किया गया। उनमें से कई शिक्षा की दिशा में काम कर रहे हैं और अधिक से अधिक उद्देश्य के लिए इस समुदाय का उत्थान कर रहे हैं, जबकि अन्य गैर सरकारी संगठन चलाते हैं। झारखंड में लगभग 25,000 ट्रांसजेंडर हैं, जिन्हें तीव्र भेदभाव और कलंक का सामना करना पड़ता है और शिक्षा, आजीविका और स्वास्थ्य देखभाल जैसे अपने बुनियादी अधिकारों के लिए लड़ना पड़ता है। हालांकि उनके लिए अलग से कोई क्लीनिक और अस्पताल नहीं है और उनके साथ दूसरों की तरह समान व्यवहार नहीं किया जाता है, लेकिन एचसीजी कैंसर सेंटर रांची समान स्वास्थ्य सेवा के पक्ष में खड़ा हुआ कि ट्रांसजेंडर समुदाय बाकी लोगों की तरह हकदार है। सइद अहमद अंसारी कार्यकारी निर्देशक, एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल ने इस कारण का समर्थन किया। एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल ट्रांसजेंडर समुदाय का समर्थन करने में सबसे आगे होने पर गर्व महसूस कर रहा है।

## रामनवमी महोत्सव 2023 को सफल बनाने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची द्वारा श्री रामनवमी महोत्सव 2023 को सफल बनाने के लिए रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के सभी पदाधिकारियों के द्वारा श्री महावीर मंडल रांची के अंतर्गत पड़ने वाले सभी अखाड़ाधारियों, नेतृत्वकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से डीआइजी अनूप बिरथरे, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा , एसएसपी कौशल किशोर, एडम लॉ एंड आर्डर राजेश्वर नाथ आलोक, सिटी एसपी, डीएसपी कोतवाली प्रकाश सोय, तपोवन मंदिर के महंत ओम प्रकाश शरण, श्री रामनवमी श्रृंगार समिति के अध्यक्ष बिंदुल वर्मा, श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, श्री महावीर मंडल हिनू के सुरेश यादव, प्रणय कुमार, संदीप वर्मा, सुमित सिंह उपस्थित थे। समारोह का नेतृत्व श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने किया एवं स्वागत मंडल के अध्यक्ष राम अनुज सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष रमेश केडिया ने किया। समारोह का संचालन राहुल सिन्हा चंकी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन ललित ओझा ने दिया। सभी




अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओं का स्वागत श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। समारोह में सभी अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओं द्वारा श्री रामनवमी महोत्सव 2023 के अवसर पर विशाल शोभायात्रा में भव्य रूप से मर्यादित तरीके से शामिल होने का निर्णय लिया गया।

सम्मान समारोह में श्री महावीर मंडल रांची, मंत्री कैलाश केसरी, राज किशोर, राहुल सिन्हा चंकी, अभिषेक चौधरी, प्रकाश चंद्र सिन्हा, अमित सोनी, शशांक शर्मा सहित सभी पदाधिकारी, श्री महावीर मंडल डोरंडा बजरंग प्रसाद गुप्ता, श्री महावीर मंडल हिनू अध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल, मंत्री सुरेश यादव, पीयूष आनंद, श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के गोपाल पारीक, श्री युवा रामनवमी पूजा महासमिति अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल, श्री महावीर मंडल बरियातू के अध्यक्ष राज किशोर, मंत्री प्रकाश चंद्र सिन्हा, सुनील शर्मा, श्री महावीर मंडल लोवादिह से अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू, मंत्री पप्पू सिंह, श्री महावीर मंडल बार्डगाई से डॉ जीवधन प्रसाद, नीरज सिंह, श्री महावीर मंडल पुनदाग से अमरदीप साहू, उस्ताद धनराज साहू, श्री महावीर मंडल चुटिया से बाबूलाल ठाकुर, सुनील रंजन सहाय, श्री महावीर मंडल हिंदपीढ़ी से लंकेश सिंह, पुरुषोत्तम मालाकार, मनीष श्रीमाली, श्री महावीर मंडल कोकर क्षेत्र से युवराज पासवान, संजय महतो, छोटू पासवान, दीपू पासवान, श्री महावीर मंडल रातू रोड क्षेत्र से अमित सोनी, सुजीत सिंह, आयुष वर्मा, रितेश साहू, श्री महावीर मंडल कांके रोड से नकुल तिर्की, सपन घोष, राकेश राम, श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के प्रकाश पाल, मनोज शर्मा, श्री महावीर मंडल मलहा टोली से शेखर प्रसाद, श्री महावीर मंडल इंद्रा गांधी चौक के अध्यक्ष कृष्णा साहू, संजय सिंह, श्री महावीर मंडल हाउसिंग कॉलोनी रणधीर सिंह, बॉबी, श्री महावीर मंडल जोड़ा तालाब बरियातू, श्री महावीर मंडल दिवाकर नगर, श्री महावीर मंडल मोरहाबादी, श्री जय दुर्गा महावीर मंडल हिंदपीढ़ी, श्री प्रगति मंडल लेक रोड से इंदर सिंह सहित 256 अखाड़ों के पदाधिकारी समारोह में शामिल हुए।

## एनटीपीसी कोयला खानों की तीसरी त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर/रांची।** एनटीपीसी कोयला खदानों की तीसरी त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक शनिवार को को कोयला खनन मुख्यालय (सीएमएचक्यू) रांची में आयोजित की गयी थी। इस बैठक के लिए अखिलेश कुमार, कर्मकार निरीक्षक (पकरी बरवाडीह कोयला खदान) को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। उज्जवल ताह, उप महानिदेशक (दक्षिण पूर्वी क्षेत्र), रांची सहित अन्य वरिष्ठ डीजीएमएस अधिकारी उपस्थित थे। पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन); शिवम श्रीवास्तव, निदेशक मनोनीत (ईंधन) और बीयूएच पकरी बरवाडीह परियोजनाओं के प्रमुख बादाम, दुलंगा और तलाईपल्ली खानों के साथ, सीएमएचक्यू के विभागों के प्रमुख, खान एजेंट, सुरक्षा अधिकारी, कामगार निरीक्षक और सभी खानों की महिला संचालक; और सभी खान विकासकर्ताओं-सह-संचालकों के प्रतिनिधि, सभी खदानों के सह-संचालक भी उपस्थित थे।

बैठक की शुरुआत कोयला खनन में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देकर की गयी। पार्थ मजूमदार ने अपने स्वागत भाषण में एनटीपीसी कोयला खनन टीम को डीजीएमएस द्वारा दिए गए मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने उल्लेख किया कि एनटीपीसी की खानों में सुरक्षा सर्वोपरि है और एनटीपीसी में यह हमेशा प्राथमिकता रही है।

उन्होंने कहा कि एनटीपीसी राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सभी प्रयास कर रहा है और कोयला खनन टीम एनटीपीसी की ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगी। अब तक एनटीपीसी ने इस वित्तीय वर्ष में 22.39 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है, जो पिछले वर्ष इसी वधि के 13.68 मिलियन टन कोयले के उत्पादन की तुलना में 64% अधिक है।

उन्होंने यह भी साझा किया कि आइटी के साथ एकीकरण पर एनटीपीसी प्रबंधन के फोकस के अनुरूप, कोयला खनन टीम ने भी ई-एसएमपी- डिजीटल सुरक्षा प्रबंधन योजना, सचेतन - सुरक्षा मोबाइल ऐप; खानन दृष्टि - उत्पादन दक्षता की रिकॉर्डिंग और निगरानी के लिए वेब ऐप; एकीकृत कोयला प्रबंधन प्रणाली LoRaWAN तकनीक के माध्यम से मानव और मशीनरी की जीपीएस ट्रैकिंग; टीएलएस के माध्यम से डंप स्लोप मॉनिटरिंग; और तलापल्ली खदान में एचइएमएम सिम्युलेटर।

फोरम को एक सुरक्षित कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी द्वारा किये गये प्रयासों और पहलों के बारे में बताया गया, जिसके बाद एक खुला सत्र आयोजित किया गया, जिसमें इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल पर्यवेक्षकों, महिला ऑपरेटरों, शावेल ऑपरेटरों, डम्पर ऑपरेटरों की स्वस्थ भागीदारी देखी गयी। महिला संचालकों ने कार्यस्थल की सुरक्षा और उनके लिए उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं की सराहना की।

उज्जवल ताह ने उत्पादन बेंचमार्क स्थापित करने और पिछली त्रिपक्षीय बैठकों और 12वें राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन की सिफारिशों को लागू करने में एनटीपीसी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस मंच में कामगार प्रतिनिधियों की भागीदारी की सराहना की और उनके लिए सीखने का माहौल बनाने के लिए एनटीपीसी को बधाई दी।

डीजीएमएस अधिकारियों ने सुरक्षित कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। जिन कुछ बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया, उनमें अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूकता, खान रोशनी, सड़क रखरखाव, खानों में हल्के मोटर वाहन की आवाजाही, मानसून के मौसम में संचालन, प्रशिक्षण सुविधाएं, चिकित्सा परीक्षण, चिकित्सा मामलों का विश्लेषण, गड्ढे और डंप ढलान की निगरानी, वैज्ञानिक अध्ययन, फ्लाई ऐश के उपयोग आदि शामिल थे।

शिवम श्रीवास्तव ने इस तरह के एक मंच के महत्व पर जोर दिया जो डीजीएमएस, एनटीपीसी प्रबंधन और श्रमिकों को अपने विचार व्यक्त करने की अनुमति देता है और एक खनन इकाई के रूप में एनटीपीसी की प्रगति में रचनात्मक भूमिका निभाएगा। सोम्स बंद्योपाध्याय, परियोजना प्रमुख (तलाईपल्ली) द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त हुई।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की कल अंतिम भव्य मंगलवारी शोभायात्रा

रांची (आजाद सिपाही)। श्री चैती दुर्गा मंदिर भुतहा तलाब पिछले दो मंगलवारी से भव्य शोभायात्रा निकाल रही है। रामनवमी से पूर्व आखिरी मंगलवारी में जीवंत झांकी, जिसमें वीर बजरंगी हनुमान आकर्षण का केंद्र रहेंगे। 101 किलो शुद्ध घी से निर्मित लड्डू का भोग प्रसाद का वितरण किया जायेगा। महसमिति की और से आठ बजे मंदिर परिसर से ढ़ोल नगाड़ों के साथ महाबली हनुमानजी के झंडे के साथ अंतिम मंगलवारी को निकाला जायेगा। इस अंतिम मंगलवारी को सफल बनाने में महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह) का योगदान है।

### आचार्यकुलम विद्यालय में ओरियेंटेशन का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। आचार्यकुलम विद्यालय परिसर में कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा आठवीं तक के नये नामांकित छात्र-छात्राओं के अगले सत्र (2023-24) में बेहतरीन शिक्षा निर्धारण हेतु ओरियेंटेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित एवं मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौर ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा के मुख्य स्त्रोत माता-पिता, परिवार शिक्षक एवं विद्यालय हैं। बच्चे सबसे पहले अपने माता-पिता से सीखते हैं, उसके बाद विद्यालय में, माता - पिता और परिवार की अहम भूमिका होती है। अभिभावक और विद्यालय दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। विद्यालय की शिक्षिका वंदना, वैशाली और प्रियंका ने भी उन्हें संबोधित किया तथा स्कूल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। छात्र- छात्राओं को स्कूल डायरी और आई कार्ड प्रदान किये गये। विद्यालय के प्रबंधक स्वामी दिव्य देव ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम को जान का खतरा, कहा और चाहिए सुरक्षा

रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो के बोरिया से विधायक लोबिन हेंब्रम को और सुरक्षा की दरकार है। फिलहाल उनकी सुरक्षा में दो सशस्त्र गार्ड तैनात हैं, लेकिन इसे वे पर्याप्त नहीं मान रहे हैं। उन्होंने जान के खतरे का अंदेशा बताते हुए पुलिस मुख्यालय से इस बाबत गुहार लगायी है। उल्लेखनीय है कि लोबिन हेंब्रम झामुमो नेतृत्व के खिलाफ मुखर रहे हैं। वे लगातार नीतिगत विषयों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ बोलते हैं। विधानसभा के बजट सत्र में भी वे लगातार सरकार के खिलाफ बोलते रहे। जब भाजपा के सदस्य नियोजन नीति के सवाल पर आसन के समक्ष आकर नारेबाजी करते थे, तो लोबिन हेंब्रम भी अपनी सीट पर खड़े होकर सवाल उठाते थे। लोबिन हेंब्रम ने कहा कि उनके दो विधायकों को पर्व में तैनाती की बात कह पिछले वर्ष बुलाया गया। बताया गया था कि उन्हें वापस कर दिया जायेगा, लेकिन गार्डों को वापस नहीं लौटाया गया। उन्हें पूर्व में जान से मारने की धमकी मिली थी। वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें आवास पर तैनात रहने के लिए सशस्त्र गार्ड की आवश्यकता है। लोबिन का कहना है कि वे नीतिगत सवालों को सरकार के समक्ष उठाते रहेंगे।

### रांची में लोगों को नहीं मिल रहा पीने का पानी

रांची (आजाद सिपाही)। रांची में लोग पेयजल संकट से परेशान हैं। उन्हें रोजाना पानी नहीं मिल रहा है। कई इलाकों में जलस्त्रोत सूखने लगे हैं। एक तरफ जहां जनता परेशान है, वहीं माननीयों को कोई परेशानी दिखती ही नहीं है। रांची में लोगों को हर साल गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या से जूझना पड़ता है। अभी मार्च महीने में ही राजधानी रांची के जगन्नाथपुर, धुर्वा, हिनू, हरमू के विद्यानगर, चापुटोली सहित कई इलाकों के लोगों को पीने के पानी का संकट होना शुरू हो गया है। हटिया डैम के बेहद करीब के धुर्वा इलाके में भी पीने के पानी का संकट हो गया है, वहीं जगन्नाथपुर के स्लम एरिया में ज्यादातर चापाकल सूख गये हैं। वहीं डैम से होने वाली पानी की सप्लाई भी अनियमित और बहुत कम समय के लिए होती है। विधानसभा के बेहद करीब के इलाके में भी आम जनता पीने के पानी से जूझ रही है। रांची में जिन इलाकों में पीने के पानी का संकट है, वहां 40 से अधिक पानी टैंकर के सहारे जलापूर्ति की कोशिश की जा रही है, परंतु वह भी जरूरत के हिसाब से काफी कम है।

### रिम्स में इलाज के दौरान कैदी की मौत

रांची (आजाद सिपाही)। रिम्स में इलाज के दौरान एक कैदी की मौत हो गयी। मृतक का नाम अमित बारला है। मृतक कैदी पोक्सो एक्ट के विचाराधीन कैदी था। तीन महीने तक पहले कैदी को इलाज के लिए रिम्स लाया गया था। अमित बारला खूंटी जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के कोड़ाकेल गांव का रहने वाला था। जेल अधीक्षक ने रिम्स के अधीक्षक को पत्र लिख पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराने का आग्रह किया है।

### क्षेत्र भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनीं



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को आपके द्वार कार्यक्रम के तहत झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल, प्रोफेशनल्स कांग्रेस की मिनाक्षी सिंह, महानगर अध्यक्ष कृष्णा सहाय, ग्रामीण अध्यक्ष संजीव महतो, प्रदेश कोऑर्डिनेटर अनिल सिंह ने मुंडा बस्ती, गोसाई टोली में मूलभूत समस्याओं को लेकर भ्रमण किया और स्थानीय लोगों से मिले। उपस्थित महिलाओं और युवाओं ने बताया कि यहां नाली, बिजली, बिजली के खंभे, पानी, सड़क की समस्या व्याप्त है। पानी की टंकी, मोटर, डस्टबिन, नाली की सफाई ना होने से आये दिन फैल रही बीमारियों की समस्या, स्ट्रीट लाइट आदि समस्या है। झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने लोगों की सभी समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर मिनाक्षी सिंह ने महिलाओं को आश्वस्त भी किया कि रोजगार आपके द्वार के तहत महिला सशक्तिकरण के तहत ब्यूटीशियन कोर्स वगैरह भी करायेंगे और यह सारी समस्याओं का जल्द से जल्द हमारी टीम निवारण करने का प्रयास करेगी। मौके पर प्रोफेशनल्स कांग्रेस की मिनाक्षी सिंह, महानगर अध्यक्ष कृष्णा सहाय, ग्रामीण अध्यक्ष संजीव महतो, प्रदेश कोऑर्डिनेटर अनिल सिंह, कार्यक्रम में मोहन तिर्की, बलदेव तिर्की, सुनील सांगा, लखन मुंडा, सुशीला देवी, सुधा मुंडा, निशू तिर्की, पूनम तिर्की, शिवानी तिर्की, बादल मुंडा, विजय कुमार, अंकित चंद्र, राहुल कुमार, सूरज कुमार, तनिष्क मुंडा, राज तिर्की, पवन तिर्की, सनी नायक, रोहित नायक, रोहित मुंडा, बसंत मुंडा, सुरेंद्र राम, संतोष पाल, पवन चक्की, सनी नायक, करम तिर्की, शिवम भगत, आशुतोष, सूरज मुंडा, आकाश मुंडा, अरुण सिंह, अनुज सिंह, जोगेंद्र मुंडा, संजय सांगा, पिंकी कुमारी, पायल कुमारी, पालो मुंडा, कंधारी मुंडा, अभी मुंडा, संगीता देवी, संजना कुमारी, कमलेश देवी, सीता देवी, रेनू देवी, काली देवी, राखी कुमारी, शिल्पी तिर्की, नीलम कुमारी, जलेश्वरी, कौशल्या देवी, इंदु देवी, प्रकाश मुंडा, अंकित चौधरी बिट्टू, अतीश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# पर्यावरण से छेड़छाड़ का घातक परिणाम

कुछ समय से विश्व पर प्रकृति का प्रकोप जारी है। कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजरता जब दुनिया में भूकंप कहीं न कहीं न आ रहे हों। पिछले सात दिनों में ही पापुआ न्यू गिनी, न्यूजीलैंड, असम, अफगानिस्तान, तुर्की, न्यूजीलैंड, इक्वाडोर व भारत में विभिन्न तीव्रताओं के भूकंप आ चुके हैं और अब भी आ रहे हैं। 21 मार्च रात को अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में 6.6 तीव्रता का भूकंप आने के बाद भारत के अलावा पाकिस्तान सहित आधा दर्जन से अधिक देशों में अपेक्षाकृत लम्बे समय तक इसके झटके महसूस किये गये। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में इस कारण कम से कम 12 लोगों की मौत तथा 160 से अधिक लोग घायल हुए। यही नहीं अगले दिन 22 मार्च को भी पश्चिमी दिल्ली में 2.7 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पूर्व 6 एवं 20 फरवरी को तुर्की तथा सीरिया में आये भूकंपों में 50,000 लोग मारे गये और तभी वैज्ञानिकों ने निकट भविष्य में भारत, अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान में भी भूकंप आने की चेतावनी दे दी थी। भूकंप ही नहीं अन्य प्राकृतिक आपदाएं- बेमौसमी वर्षा, बाढ़, गर्मी एवं भूस्खलन आदि भी मानव जाति के विनाश का कारण बन रहे हैं। उत्तराखंड के जोशीमठ के बाद अब चमोली जिले के हलदापानी गांव के विकास नगर मोहल्ले में भूस्खलन से 70 मकानों के लिए खतरा पैदा हो गया है और कई मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गयी हैं। पृथ्वी की भूगर्भीय हलचलों तथा पहाड़ी ढलानों या तलहटी में चट्टानों के कटाव तथा तेज वर्षा भूस्खलन के मुख्य कारण हैं। इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों में पर्यावरण नियमों के विरुद्ध लगायी जा रही पनबिजली परियोजनाओं के लिए ब्लास्टिंग, सुरंगें खोदने, सड़कें बनाने एवं उन्हें चौड़ी करने के लिए पहाड़ी ढलानों की कटाई आदि से भूस्खलन, जमीन धंसने, इमारतों में दरारें एवं उनके गिरने आदि की घटनाएं हो रही हैं। इसी बीच विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार 20वीं सदी की शुरुआत से ही ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्र के जलस्तर में जारी वृद्धि भारत, बंगलादेश एवं चीन आदि के लिए खतरे का संकेत है। भारत का मुंबई इस खतरे से सर्वाधिक प्रभावित होने वाले शहरों में से एक हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार पर्यावरण में बदलावों के चलते इस वर्ष जून, जुलाई और अगस्त के महीनों में अल नीनो चक्रवात की स्थिति प्रबल होने की संभावना है, जिससे दुनिया भर में इस वर्ष वर्षा कम होने से भीषण गर्मी पड़ेगी। शायद ऐसे बदलावों से प्रकृति समूचे विश्व को चेतावनी दे रही है कि अब भी संभल जाओ और मुझसे छेड़छाड़ करना बंद कर दो, वर्ना तुम्हें वर्तमान से भी अधिक विनाशलीला देखने को मिलेगी।

**मौसम विभाग के अनुसार पर्यावरण में बदलावों के चलते इस वर्ष जून, जुलाई और अगस्त के महीनों में अल नीनो चक्रवात की स्थिति प्रबल होने की संभावना है, जिससे दुनिया भर में इस वर्ष वर्षा कम होने से भीषण गर्मी पड़ेगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इस साल सितंबर में भारत लीडर्स समिट की मेजबानी करेगा। तब तक भारत जी-20 सदस्य देशों एवं विशेष आह्वान वाले देशों का मार्गदर्शन कर चुका होगा। यह बहुपक्षीय बैठकों की अगुवाई भारत बहुत ही सुचारू रूप से कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ता एवं नवीनता से चुनौतियों से निपटने का संकल्प ग्लोबल चुनौतियों संबंधी पहुंच को परिभाषित करता है। भारत की जी-20 संबंधी अध्यक्षता लोक मुखी शासन माडल की ओर से चिन्हित है, जो समस्याओं का हल करती है।**

# जी-20 : मोदी भारत को विश्व स्तर पर अग्रणी कतार में लाये

**तरुण चुघ**

भारत की जी-20 की अध्यक्षता करने पर दुनिया का ध्यान देश पर केंद्रित हुआ है। भारत विश्व स्तर पर अगुवाई करते हुए विश्व को दरपेश चुनौतियों का सामना करने के हल ढूंढने की तलाश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योग्य रास्ता दिखाते हुए देश को दुनिया भर में अग्रणी कतार में शामिल करने में सफल हुआ है।

इस संबंध में देश के अलग-अलग हिस्सों में दर्जनों बैठकें व कांफ्रेंस करवाई जा रही हैं, जिसमें अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श के बाद दुनिया भर में उजागर हो रही मुश्किलों के हल के लिए रास्ता तैयार किया जा रहा है।

इस साल सितंबर में भारत लीडर्स समिट की मेजबानी करेगा। तब तक भारत जी-20 सदस्य देशों एवं विशेष आह्वान वाले देशों का मार्गदर्शन कर चुका होगा। यह बहुपक्षीय बैठकों की अगुवाई भारत बहुत ही सुचारू रूप से कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ता एवं नवीनता से चुनौतियों से निपटने का संकल्प ग्लोबल चुनौतियों संबंधी पहुंच को परिभाषित करता है। भारत की जी-20 संबंधी अध्यक्षता लोक मुखी शासन माडल की ओर से चिन्हित है, जो समस्याओं का हल करती है। दुनिया भर के लोगों को आर्थिक तरक्की से लाभ लेना चाहिए तथा यदि आर्थिक मंदी हो तो उसके बुरे प्रभावों से बचना चाहिए। साल 2020 से दुनिया ने कोविड-19 के कमजोर करने वाले प्रभावों को देखा है, जिससे विश्व भाईचारे को सबसे अधिक नुकसान हुआ है।

**भारत की जी-20 संबंधी अध्यक्षता लोक मुखी शासन माडल की ओर से चिन्हित है, जो समस्याओं का हल करती है।**



**इस साल के आर्थिक सर्वेक्षण में खुलासा हुआ है कि महामारी काल के दौरान भी लोगों का जीवन स्तर सुधारने के प्रयास पर सरकार का खर्चा लगातार बढ़ रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण में संशोधित बजट प्रक्रिया के अनुसार 2018-19 में शिक्षा पर 5.26 लाख करोड़ रुपये खर्च किये गये, 2022-23 में 7.57 लाख करोड़ रुपये सरकारी खर्च का खुलासा हुआ है।**

जी-20 भारत की प्रधानगी उन चुनौतियों का सामना कर रही है, जो कोविड-19 महामारी के कारण मुख्य तौर पर भयानक हो गयी है। ग्लोबल साऊथ में कई देशों के बढ़ते प्रभुसत्ता कर्जे, बहुपक्षीय विकास बैंकों, सरहदी आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी, साइबर अपराध, बहुपक्षीय संस्थाओं, भोजन की कमी, जलवायु चुनौती, ग्लोबल सप्लाई चेन में विघ्न, सेहत संकट काल, आमदनी असमानता एवं कई चुनौतियां हैं, जो अब विश्व समुदाय के सामने हैं।

पिछले तीन सालों में कुछ ग्लोबल चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिस संबंधी विश्वसनीय एवं टिकाऊ निपटारे की जरूरत है। असल में भारत ने दिखाया है कि एक सूझवान शासन चुनौतियों का प्रभावशाली ढंग से हल कर सकता है। इस साल के आर्थिक सर्वेक्षण में खुलासा हुआ है कि महामारी काल के दौरान भी लोगों का जीवन स्तर सुधारने के प्रयास पर सरकार का खर्चा लगातार बढ़ रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण में संशोधित बजट प्रक्रिया के अनुसार 2018-19 में शिक्षा पर 5.26 लाख करोड़ रुपये खर्च किये गये, 2022-23 में 7.57 लाख करोड़ रुपये सरकारी खर्च का खुलासा हुआ है।

साल 2018-19 में स्वास्थ्य पर 2.66 लाख करोड़ रुपए खर्च किये गये, 2022-23 में सरकारी खर्च 5.49 लाख करोड़ रुपये था। लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में मदद करने वाले अन्य क्षेत्रों पर सरकारी व्यय 2018-19 में 4.86 लाख करोड़ रुपये से बढ़ कर 8.26 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह प्रयास आर्थिक सर्वेक्षण के माध्यम से सामने आये आंकड़ों में परिलक्षित होता है, क्योंकि प्राथमिक विद्यालयों में ड्रॉपआऊट दर 2013-14 में 4.7 प्रतिशत से घटकर 2021-22 में 1.5 प्रतिशत हो गयी है।

2012-13 में छात्र-शिक्षक अनुपात 34 था और 2021-22 में यह 26.2 था। यह जी-20 देशों के लिए स्पष्ट संदेश है कि वैश्विक जीडीपी 85 प्रतिशत, 75 प्रतिशत विश्व व्यापार और सतत सामाजिक-आर्थिक विकास का मार्ग अपने चरम पर है। प्रशासन को लोगों को पहले रखना है और भविष्य की पीढ़ियों पर कर्ज का बोझ डाले बिना एक समावेशी विकास मॉडल सुनिश्चित करने के लिए सुधारों की रूपरेखा तैयार करनी है। ऐसे में बेंगलूर में वित्त मंत्रियों के जी-20 कार्यक्रम के मौके पर होने वाली बैठक में विकासशील और गरीब देशों के बढ़ते कर्ज के बोझ को दूर करने का मुद्दा बीच में होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक रूप से कमजोर देशों के कर्ज को कम करने के लिए वैश्विक सहमति बनाने का आह्वान किया। भारत की अध्यक्षता में जी-20 शांति की वैश्विक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विशिष्ट स्थिति में है।

**(लेखक : राष्ट्रीय मंत्री, भारतीय जनता पार्टी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# शिक्षक नियुक्ति नियमावली की मांग पर पारा शिक्षक संघ ने की बैठक, शिक्षा मंत्री के आवास घेराव पर बनी सहमति

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के पारा शिक्षक- गैर पारा जेटेट सफल अभ्यर्थी संघ की एक जिलास्तरीय बैठक कोलाबिरा प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित की गई। रविवार को परमेश्वर महतो के नेतृत में आयोजित बैठक में 2012 में शिक्षक नियुक्ति नियमावली की मांग पर रामनवमी के पश्चात रांची में प्रस्तावित शिक्षा मंत्री आवास घेराव सह भिक्षाटन कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। मौके पर बैठक के दौरान सभी के सहमति से संघ की जिला कार्यकारिणी टीम गठित की गई। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुणाल दास ने कहा झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 हमारा संवैधानिक अधिकार है। नियुक्ति नियमावली के तहत राज्य में आयोजित दोनों ही जेटेट परीक्षा ली गई है। नियमावली के तहत सरकार को नियुक्ति देनी ही पड़ेगी। उन्होंने कहा लगातार रद्द हो रही नीतियों के बावजूद राज्य सरकार ऊटपटांग नीतियां लाने से बाज नहीं आ रही है। सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली का संघ कड़ा विरोध करेगी। उन्होंने कहा रामनवमी के बाद राजधानी रांची में शिक्षा मंत्री आवास घेराव सह भिक्षाटन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राज्य के तमाम जेटेट सफल अभ्यर्थी एकजुट और संगठित हो रहें अपना अधिकार लेकर रहेंगे। बैठक में प्रदीप प्रमाणिक, अनादि कुमार, पंगीला हो, लक्ष्मी महतो, दशरथ रजक, चित्तरंजन महतो, जगदीश प्रमाणिक,बलराम घाटवाल, निर्मल चन्द्र महतो, आशीर्वाद महतो, श्यामा पद धन, निवारण कुमार, वीरेंद्र नाथ महतो सहित काफी संख्या में जेटेट सफल अभ्यर्थी शामिल रहे।

### विधायक ने जलापूर्ति परियोजना से परेशानी पर जतायी नाराजगी

# टाटा स्टील के एमडी को लिखा पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** मोहरदा जलापूर्ति परियोजना में बीते चार महीनों से टीएसयूआईएसएल में एचडीपी पाइप स्टॉक नहीं होने पर लाभुकों हो रही परेशानी को देख जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने नाराजगी जतायी। रविवार को विधायक सरयू राय ने लाभुकों को हो रही कठिनाइयों को शीघ्रातिशीघ्र दूर करने के लिए टाटा स्टील के वीपी सीएस चाणक्य चौधरी को पत्र लिखा। पत्र की प्रतिलिपि टाटा स्टील लिमिटेड के एमडी एवं जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी को भी दी गई। विधायक ने कहा मोहरदा जलापूर्ति परियोजना से क्षेत्र के लाभुक उपयोग के लिए पेयजल आपूर्ति का कनेक्शन लेना चाह रहे हैं। लेकिन विगत 4 महीनों से टीएसयूआईएसएल के स्टॉक में एचडीपी पाइप नहीं है। जिसके कारण सैकड़ों योग्य लाभुक जलापूर्ति का कनेक्शन से वंचित है। उन्होंने कहा मोहरदा पेयजल आपूर्ति परियोजना का संचालन पहले जुस्को अब विगत 2017 से टीएसयूआईएसएल द्वारा किया जा रहा है। कंपनियों के पदाधिकारी प्रयास करते रहे मोहरदा पेयजल परियोजना से लाभुक को पेयजल की आपूर्ति गुणवत्तापूर्ण से ससमय हो। इसमें काफी हद तक सफलता मिली है।

# रीना मार्डी की शिक्षक में नियुक्ति होने पर झामुमो नेताओं ने दी बधाई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के बड़ाबाकी पंचायत स्थित भागाबांध गांव के रहने वाले समाजसेवी सह प्रतिष्ठित झामुमो नेता मंगल मुर्मू की धर्मपत्नी रीना मार्डी के गिरिडीह सरकारी हाइ स्कूल में शिक्षक की नियुक्ति होने पर झामुमो नेताओं ने बधाई दी। रविवार को झामुमो नेता बहादुर किस्कू के नेतृत्व में इस प्रतिनिधिमंडल रीना मार्डी के आवास पहुंची। मौके पर जुगसलाई विधानसभा के समाजसेवी सह युवा नेता विजय मछुआ एवं जमशेदपुर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू के द्वारा रीना मार्डी को पुष्पगुच्छ एवं साल देकर प्रोत्साहित किया।

साथ ही उंनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर अर्जुन सोरेन,जगता सोरेन,शेखर टुडू, जेना सिंकु, नितिन मुखी,समीर दास, सन हसदा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## ओड़िशा की खबरें

### चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल

# सभी अनिवार्य परीक्षण में : अश्विनी वैष्णव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** चिनाब ब्रिज से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि बहुप्रतीक्षित दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल नदी के ऊपर 359 मीटर (1,178 फीट) की ऊंचाई पर चिनाब नदी पर फैला है, जो पेरिस के एफिल टॉवर से 35 मीटर लंबा है। जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले में बक्कल और कौरी के बीच का आर्च ब्रिज नदी के तल से 1,178 फीट ऊपर है, जो कटरा से बनिहाल तक एक महत्वपूर्ण लिंक बना है। यह उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक का हिस्सा है, जो 35000 करोड़ रुपये की एक ड्रीम परियोजना है। पुल ने सभी अनिवार्य परीक्षण पास कर लिये हैं। 2003 में परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद से दो दशकों के इंतजार के बाद जम्मू और कश्मीर के लोगों को पुल मिल जायेगा, लेकिन स्थिरता और सुरक्षा की आशंकाओं के कारण इसमें जल्द ही देरी हुई। वर्ष 2008 में, सबसे ऊंचे रेलवे पुलों में से एक के निर्माण का ठेका दिया गया था।

केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि चिनाब रेलवे ब्रिज पर सभी परीक्षण किए गए हैं और सफल रहे हैं। दुनिया के सबसे ऊंचे पुल की स्थिरता और सुरक्षा की जांच के लिए जो परीक्षण किए गये हैं, उनमें उच्च वेग वाली हवा का परीक्षण, अत्यधिक तापमान का परीक्षण, भूकंप-प्रवण परीक्षण और जल स्तर में वृद्धि के कारण हाइड्रोलॉजिकल प्रभाव शामिल हैं।

एक बार पूरा हो जाने के बाद, पुल 260 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं का सामना करने में सक्षम होगा और इसकी उम्र 120 साल होगी। उच्चतम रेलवे पुल का निर्माण हाल के इतिहास में भारत में किसी भी रेलवे परियोजना के सामने सबसे बड़ी सिविल-इंजीनियरिंग चुनौती थी। पिछले तीन वर्षों में, इंजीनियर चिनाब के दोनों किनारों - कौरी छोर और बक्कल छोर पर स्थापित दो विशाल केबल क्रेन की मदद से मेहराब का निर्माण कर रहे हैं।

# सम अस्पताल में शुरू होगा मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट टीबी सेंटर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** टीवी रोग से पीड़ित मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से सम अस्पताल में जल्द ही मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी सेंटर शुरू किया जायेगा। इस केंद्र में टीवी रोग की उपलब्ध औषधियों का ही उन मामलों में उपयोग किया जाता है, जहां अन्य औषधियाँ इस रोग से ग्रसित रोगियों पर काम नहीं करती हैं तथा विभिन्न विभागों द्वारा उपचार कराकर रोगियों को ठीक करने का प्रयास किया जायेगा। यह जानकारी संस्थान की डीन प्रो. संघमित्रा मिश्र ने शनिवार को विश्व टीवी दिवस के अवसर पर शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (सोआ) द्वारा संचालित आयुर्विज्ञान संस्थान एवं सम हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में दी।

प्रो मिश्र ने बताया कि केंद्र सरकार ने जहां वर्ष 2025 तक पूरे देश से टीवी रोग के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है, वहीं इस संदर्भ में सम अस्पताल में मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी सेंटर खोला गया है। इसका उद्देश्य सारे राज्य से इलाज के आने वाले टीवी रोगियों का इलाज करना है।

जुपिटर अस्पताल ठाणे महाराष्ट्र के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ अलपा दलाल और डीआर टीबी सेंटर, जुपिटर अस्पताल मुंबई के नोडल अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया और छात्रों को टीवी के कारण, उपचार और रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया। डॉ दलाल ने कोविड महामारी के बाद पल्मोनरी मेडिसिन विभाग का महत्व बताते हुए मेडिकल छात्रों से टीवी को समाप्त करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया

डॉ दलाल ने टीबी रोगियों का इलाज कैसे किया जाये, अस्पताल का इंटीरियर कैसा होगा, आउट पेशेंट और इनपेशेंट उपचार के लिए क्या सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए, इसकी जानकारी के साथ प्रशिक्षित नर्सों और पैरामेडिक्स को काम पर रखने के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर सम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो पुष्पराज सामंतसिंहार ने कोविड के दौरान अस्पताल के क्रिटिकल केयर, पल्मोनरी मेडिसिन और इम्यूनोलॉजी विभागों के डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स द्वारा प्रदान की गयी उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवा की प्रशंसा की।

सम अस्पताल में पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रोफेसर बनानी जेना ने कहा कि दुनिया भर में टीवी के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से विश्व टीवी रोग दिवस मनाया जाता है। प्रोफेसर जेना ने कहा कि क्षय रोग एक जीवाणु रोग है और उपचार से पूरी तरह से ठीक हो सकता है। 2017 से, केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम शुरू किया है और प्रधानमंत्री ने 2025 तक इसके पूर्ण उन्मूलन का आह्वान किया है। हालांकि, दुनिया के 27 प्रतिशत टीवी रोगी अकेले भारत में हैं, जबकि भारत उन रोगियों की संख्या में चीन से नीचे है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### स्वर्ण वाटिका ज्वेलर्स में सेंधमारी कर लाखों रुपये के जेवर सहित अन्य सामान की चोरी




**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वर्ण वाटिका ज्वेलर्स नामक दुकान से दीवाल में सेंधमारी कर लाखों रु. का जेवर सहित अन्य समान लेकर फरार हो गए। घटना बीती रात की है। सूचना के अनुसार प्रतिदिन की तरह दुकान के संचालक अनिल सोनी एवं टुनटुन सोनी ने सुबह आठ बजे अपना प्रतिष्ठान का शटर जैसे ही उठाया अंदर का सब सामान बिखरा पड़ा मिला। इस घटना की सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी, पुलिस अंचल निरक्षक कृष्णा कुमार, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मेहता ने घटनास्थल पर पहुंचकर सभी पहलुओं को देखते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना के बाद डीएसपी प्रमोद केशरी ने बताया कि मामले को पूरी गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। कहा कि एक्सपर्ट कर्मियों के द्वारा फिंगर प्रिंट लिया गया है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही अपराधी गिरफ्त में होंगे। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने दुकान में लगे लाखों रुपए के जेवर के साथ पांच सीसीटीवी कैमरा उसका सेटअप बॉक्स को अपने साथ ले गए। अपराधियों ने सोनू प्रिंटिंग प्रेस के पीछे दुकान के लिए लोहा के दरवाजे के ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। प्रिंटिंग प्रेस से लगभग ड्रॉवर में रखे दो हजार रुपए के साथ समान चोरी की गई। इसके बाद स्वर्ण वाटिका दुकान की दीवाल में सेंधमारी कर जेवर दुकान में घुसकर घटना का अंजना दिया। इस संबंध में संचालक अनिल सोनी ने बताया कि लगभग तीन किलो पुराना चांदी सामान, साढ़े चार किलो नया चांदी जिसमें बिछिया, पायल, चेन, कंगन सहित अन्य सामान, 25 से 30 ग्राम पुराना सोने का सामान के अलावे कुछ बर्तन का सामान की चोरी की गई है।

### वन विभाग की टीम ने एक ट्रक प्रतिबंधित खैर की लकड़ी जब्त की

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना पर शनिवार की शाम बरडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत खरडीहा पंचायत के कोल्हुआ गांव में रखा हुआ एक ट्रक प्रतिबंधित खैर का लकड़ी को जब्त किया। जब्त उक्त लकड़ी की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए आंकी जा रही है, जिसे वन विभाग द्वारा भवनाथपुर वन कार्यालय परिसर में लाकर रखा गया है। जानकारी के अनुसार बरडीहा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रैयती और वन भूमि में लगे खैर के पेड़ को लकड़ी तस्करों द्वारा कटाई कराकर उसे दूसरे राज्यों में बेचने हेतु लगभग एक ट्रक खैर का बोटा खरडीहा पंचायत के कोल्हुआ गांव में रखा हुआ था। गुप्त सूचना पर वन विभाग की टीम वहां पर पहुंचकर तस्करी के लिए रखी हुई उक्त लकड़ी को जब्त करते हुए भवनाथपुर वन कार्यालय परिसर में लाया गया। छापामारी दल में फोरेस्टर अनिल गिरी, वनरक्षी दयाशंकर सिंह, हेमंत पांडेय, सचित कच्छप, ओमप्रकाश उरांव,भीम पासवान, अमृत यादव आदि शामिल थे।

### विसुनपुर गांव से एक व्यक्ति का शव बरामद

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के विसुनपुर गांव से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान सोनवर्षा निवासी सदीक अंसारी के पुत्र मुस्लिम अंसारी (38) के रूप में हुई है। मृतक के गले पर चोट के कई निशान हैं। जिससे प्रतीत होता है कि गले पर हथियार से वार कर हत्या की गई है। विसुनपुर के भंडार के समीप ग्रामीणों ने शव देखा। जिसके बाद यह खबर आग की तरह फैल गयी। बड़ी संख्या में लोग शव देखने पहुंच गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाने ले आयी है। पोस्टमार्टम में भेजने की प्रकिया जारी थी। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

### बरडीहा प्रखंड में ग्रामीणों ने चलाया नशा मुक्ति अभियान




**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत लोका गांव में स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा नशा मुक्त अभियान चलाया गया। नशा मुक्त अभियान में समूह की महिलाएं, बुजुर्ग, गार्जियन सहित सैकड़ों से अधिक संख्या में लोगों द्वारा नशा मुक्त अभियान चलाया गया। अभियान में नशा मुक्त गांव बनाना है। गांव समाज को बचाना है। हम सबको अपनी भागीदारी निभानी है। नशा है एक खतरनाक रोग। करिए योग रहें निरोग। देखकर हमारा बुजुर्ग रो रहा है, नौजवान को आज नशा तोड़ रहा है। नशा की आदत देगी बीमारियों की दावत। नशा खोरी बंद करो। इनके साथ ही कई नारे लगाए गए। ग्रामीणों ने लोगों से संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक गांव में लोग जागरूक होकर नशा मुक्त अभियान चलायें और अपना गांव टोला मुहल्ला नशा मुक्त बनायें।

**कार्यक्रम : मंत्री ने किया 60 करोड़ की लागत से बननेवाली सड़क का शिलान्यास, कहा**

## गढ़वा को झारखंड का सबसे विकसित विस क्षेत्र बनाना है

**मंत्री ने मौरिया बाबा स्थान से महर्षि वेदव्यास की प्रतिमा स्थल तक पीसीसी निर्माण एवं प्रतिमा निर्माण का भी किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा/मेराल।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मेराल प्रखंड के हासनदाग में रविवार को 60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन व शिलान्यास किया। हासनदाग के मौरिया बाबा स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर ने पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर शिलापट्ट का अनावरण किया। एनएच- 75 लगमा से हासनदाग, तसरार पथ भाया करकोमा पथ करीब 16 किलोमीटर इस सड़क का निर्माण पथ निर्माण विभाग से लगभग 60 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इस पथ निर्माण में पड़ने वाली रैयती भूमि का अधिग्रहण कर उसका मुआवजा भी दिया जाएगा।

इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने मौरिया बाबा स्थान से महर्षि वेदव्यास की प्रतिमा स्थल तक पीसीसी निर्माण एवं प्रतिमा निर्माण का भी शिलान्यास किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे मंत्री नहीं जनता के सेवक हैं। जनता ने उन्हें अपनी सेवा के लिए चुन कर भेजा है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा को झारखंड का सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्र बनाना है। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें पांच वर्षों के लिए जिम्मेवारी दी है।

बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा में विकास का इतिहास रच दिया है। आगामी विधानसभा चुनाव में पलामू प्रमंडल के सभी नौ सीटों पर झामुमो का ही कब्जा होगा। पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार ने कहा कि एनएच 75 लगमा से तसरार सिवाना वाया करकोमा तक करीब 16 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण का कार्य किया जा रहा है। 21 माह में कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इसमें तीन बड़े पुल का निर्माण भी शामिल है। इस सड़क के निर्माण से दर्जनभर गांव को बेहतर आवागमन की सुविधा के साथ-साथ उनकी आर्थिकी में भी सुधार होगा।

मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, दुखन चौधरी, करीब अंसारी, प्रमुख दीपमाला, ताहिर अंसारी आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

मौके पर जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, अनिता दत्त, रेखा चौबे, अनिल चौधरी, दिलीप गुप्ता, चंदा देवी, दशरथ प्रसाद, बाल्मीकि चौबे, अतहर अली, राम नरेश चौधरी, प्रियम सिंह, फुजैल अहमद, संजय चौधरी, रेखा पाठक, आराधना सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र चौधरी ने किया।

## विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास

**कहा- वे विकास कार्यों के प्रति पूरी तरह से सजग हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी द्वारा रविवार को मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र के कई वार्डों में लगभग 82 लाख रुपये की लागत से बनने वाली आठ योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

इस दौरान नगर पंचायत के वार्ड संख्या 11 में देवी धाम के पास सोलर आधारित जल मीनार प्राक्कलित राशि 811094 रुपये, वार्ड संख्या 12 में महादलित परिवार मुसहर टोला में सोलर आधारित जल मीनार प्राक्कलित राशि 811094 रुपये, वार्ड संख्या 9 आमर में नाग बाबा तालाब पर छठ घाट का निर्माण कार्य प्राक्कलित राशि 1231134 रुपये, वार्ड संख्या 8 में सोलर आधारित जल मीनार प्राक्कलित राशि 811094 रुपये, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के पास सोलर आधारित जल मीनार प्राक्कलित राशि 811094 रुपये, दुबेतहले उत्क्रमित मध्य विद्यालय सूर्य मंदिर के पास सोलर आधारित जल मीनार प्राक्कलित राशि 811094 रुपये, वार्ड संख्या 3 में सूर्य मंदिर के पास अवस्थित तालाब का जीर्णोद्धार एवं घाट निर्माण प्राक्कलित राशि 22 लाख 95 हजार रुपये, वार्ड संख्या 1 में शिव मंदिर के पास सोलर आधारित जल मीनार प्राक्कलित राशि 811094 रुपये आदि विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई।

मौके पर विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र में कोई भी कार्य अधूरा नहीं छोड़ेंगे। वे विकास कार्यों के प्रति पूरी तरह से सजग हैं और विपक्ष की सरकार होने के बाद भी अपने क्षेत्र में विकास कार्य कराने में किसी भी सत्ता दल के विधायक से पीछे नहीं हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से जो-जो वायदे किये हैं एक-एक कर पूरा करते जा रहे हैं।

मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला, मझिआंव बीडीओ नीतीश कुमार भास्कर, भोला चंद्रवंशी, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, निवर्तमान उपाध्यक्ष सुनीता देवी, राकेश कुमार सिन्हा, राकेश कुमार पाठक, अमित पाठक, अनूप कुमार तिवारी सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## नवाह्न पारायण ज्ञान यज्ञ में संत प्रपन्नाचार्य जी ने रामावतार पर की चर्चा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नरगिर आश्रम गढ़वा में चल रहे नवाह्न पारायण ज्ञान यज्ञ में आये अयोध्या के पूज्य संत प्रपन्नाचार्य जी ने संध्या कालीन चल रहे अपने प्रवचन में बताया कि रामावतार के चार प्रमुख कारण थे। पहला कारण जालंधर की पत्नी वृंदा का भगवान विष्णु को दिया गया श्राप, दूसरा मनु सतरूपा को दिया गया वरदान, तीसरा नारद मुनि का भगवान विष्णु को दिया गया श्राप और चौंथा सनाकादिक ऋषियों द्वारा जय विजय को मिला श्राप। यानी जब-जब धर्म का ह्रास होता है और अभिमानी राक्षस प्रवृत्ति के लोग बढ़ने लगते हैं तब तब भगवान भांति-भांति के दिव्य शरीर धारण कर सज्जनों की पीड़ा हरते हैं। वे असुरों को मारकर देवताओं को स्थापित करते हैं। यही श्रीराम जी के अवतार का सबसे बड़ा कारण है। नवाह्न पारायण ज्ञान यज्ञ के दौरान आज भी राम जनमोत्सव की झांकी निकाली गई। अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, कुलाधिपति ईश्वर सागर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव, पूर्व डीडीसी सतेंद्र उपाध्याय, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चन्दन कुमार, अजय शुक्ला, रवि केशरी, राजन पांडेय, गिरेंद्र पांडेय उपस्थित थे।

यज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष चन्दन जायसवाल, विनोद प्रसाद वार्ड पार्षद, मनीष कमलापुरी, नीतेश गुड्डू, अरविंद पटवा, रवींद्र पटेल, जयशंकर, सोनू, गौतम, भरत केशरी, संजय सिंह, मानस मण्डली के अरुण दुबे, द्वारिका नाथ पाण्डेय, अमरेन्द्र मिश्रा, बृजेश पाण्डेय, दिलीप पाठक, आत्मा पाण्डेय, मार्कण्डेय तिवारी, श्रीपति पाण्डेय, अशोक पटवा, शेखर सिन्हा दिलीप श्रीवास्तव, बृजमोहन प्रसाद आदि सहित कथा में उपस्थित भारी भीड़ को संभालने में कार्यकर्ता मुस्तैद नजर आये।

## 500 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन



**मंत्री मिथिलेश ने सभी को पट्टा पहना कर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** मेराल के हासनदाग में रविवार को आयोजित शिलान्यास समारोह में करीब 500 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। इस दौरान भाजपा, बसपा, राजद आदि दलों को छोड़कर लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल कराया।

पार्टी में शामिल होने वालों में बहुजन समाज पार्टी के गढ़वा विधानसभा अध्यक्ष रामाशीष राम सहित रेजो, हासनदाग, देवगाना, कजराठ, करकोमा, गेरूआ, बाना, दुनुखांड़, पपरवा, भिखही, कोरवाडीह, पेशका, चामा, दुलदुलवा आदि गांव के कई पूर्व एवं वर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों सहित काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हुए। इनमें मुख्य रूप से विभिन्न दलों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित पूर्व मुखिया दुखन चौधरी, राजबलि चौधरी, मानदेव बैठा, करीब अंसारी, राजेंद्र चौधरी, कामेश्वर चौधरी, अनिल चौधरी, शिवकुमार चौधरी, शिवनाथ चौधरी, प्रेम चौधरी, रामनरेश पासवान, राजदेव सिंह, संजय कुमार, मुनर साव, आशा देवी, राधिका देवी, रीता देवी, द्वारिका चौधरी, तेतरी चौधरी, शंभु चौधरी, बबीता देवी, ज्ञान्ति देवी, सबीता देवी, राजदेव ठाकुर, भोला सिंह, अनिता देवी, शांति देवी, सोनी देवी, रामनाथ चौधरी, विजय चौधरी, संतोष कुमार, अनिता भारती, वंदना कुमारी, शारदा देवी, रीमा देवी सहित काफी संख्या में लोगां का नाम शामिल है। मंत्री ने कहा कि जिस गति से लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं, आने वाले समय में विपक्षी दल पूरी तरह से कार्यकर्ता विहीन हो जायेंगे।

### मेराल प्रखंड के हासनदाग में मंत्री ने किया 100 से अधिक लोगों को सम्मानित



**मेराल (आजाद सिपाही)।** मेराल प्रखंड के हासनदाग में आयोजित शिलान्यास समारोह में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने 100 से अधिक स्थानीय समाजसेवियों, सेवानिवृत कर्मियों एवं अन्य प्रबुद्ध लोगों को शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित किये गये लोगों में मुख्य रूप से सेवानिवृत शिक्षक रामनाथ विश्वकर्मा, गंगा सागर चौधरी, सुरेंद्र चौबे, पूर्व मुखिया दुखन चौधरी, गुप्पू चौधरी, बिहारी चौधरी, मानदेव चौधरी, जगनारायण ठाकुर, रामनाथ चौधरी, बृजमोहन चौबे, मथुरा चौधरी, विशेश्वर चौधरी, बृजनंदन चौबे, बजरीदु अंसरी, रज्जाक अंसारी, कईल अंसारी, तिर्थराज चौबे, मुखलाला बैठा, जगदीश राम, ईलायची राम, सरयु राम, कोमल चौधरी, शारदा चौधरी, आशा देवी, सोनी देवी, उषा कुमारी, दुखन विश्वकर्मा, लालमन मिस्त्री, नागेश्वर यादव, नवल राम, गोपीनाथ कुशवाहा, हरिहर ठाकुर, शिव कुमार चौधरी, जयराम तिवारी, बसंती देवी, गीता देवी, गौरी देवी, ज्ञानी चौधरी, विश्वनाथ चौधरी, राजदेव ठाकुर, बालमिकी चौबे, रामशरीख चंद्रवंशी सहित 100 से अधिक लोगों के नाम शामिल हैं।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत

गढवा रंका गोदरमाना मार्ग से लरकोरिया गांव के समीप रविवार के करीब ग्यारह बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से लूना पर सवार मेराल थाना क्षेत्र के दुलदुलवा गांव निवासी सुरेश राम चंद्रवंशी 65 वर्ष की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं साथ में आ रही आठ वषीर्या बच्ची गुंजा कुमारी को भी काफी चोट लगी है। जहां उसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के पश्चात उसके स्वजन घर ले गए हैं। सुरेश राम चंद्रवंशी अपने भतीजे के श्राद्ध कर्म में शुक्रवार को रबदा गांव आए थे। शनिवार को अपने भगिनी से मिलने अपनी नातिन गुंजा को लेकर भौंरी गांव गए थे। रविबार को लूना से वापस रबदा गांव लौटने के क्रम में लरकोरिया गांव के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची रंका पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम केलिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है वहीं घायल बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया तथा परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए अस्पताल बुलाकर सौंप दिया।

**प्रेस कांफ्रेंस : श्री महावीर मंडल करेगा भव्य रामनवमी का आयोजन**

## आधुनिक लाइटों से दीपावली की तरह जगमगा उठेगा गढ़वा शहर : कंचन साहू

**संरक्षक के लिए एक अलग मंच का निर्माण किया जा रहा है, जहां मुस्लिम समाज के लोग भी उपस्थित रहेंगे।**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में अन्य राज्यों की तर्ज पर इस वर्ष राम नवमी पूजा को भव्य रूप देने के लिए लगातार पूजा समितियों के द्वारा तैयारी जोर-शोर से की जा रहा है। पूरे शहर को महावीरी झंडा से पाट दिया गया है। वहीं तैयारी पूरी होने के बाद प्रेस वार्ता कर श्री महावीर मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि दो साल कोरोना काल के कारण राम नवमी पूजा का आयोजन नहीं होने से लोग उदास पड़े हुए थे। किंतु इस बार रामनवमी पूजा को भव्य रूप देने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। लोग बढ़-चढ़कर अपना तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं। मौके पर संरक्षक दीपक तिवारी ने बताया कि शहर के युवक द्वारा यह विचार आया कि शहर के मझिआंव मोड़ पर भी रामनवमी के मौके पर एक आयोजन किया जाए क्योंकि जब हमारे शहर के रंका मोड़ चौक के बाद जो भी रथ या जुलूस रामलला कुट्टी मंदिर के लिए गुजरता है तो बीच में काफी दूरी होने के कारण अंधेरा छाया रहता है। जिसके बाद 2019 में सभी जनों की सहमति एवं विचार के बाद श्री महावीर मंडल के नाम से हम लोगों के द्वारा आयोजन चालू किया जा रहा है। वहीं श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष कंचन साहू ने बताया कि रामनवमी को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। इस वर्ष श्री महावीर मंडल का आयोजन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। क्योंकि रामनवमी के मौके पर महावीरी जुलूस पर सभी संगठन के साथ एक यूनिट बनाकर श्री महावीर मंडल 28 मार्च को जोबरिया उचरी के साथ अन्य अखाड़ों के साथ रजत रथ पर कलाकारों द्वारा धार्मिक आध्यात्मिक शोभा यात्रा निकालेगी साथ ही शोभायात्रा में शहर की बेटियों को रानी लक्ष्मीबाई के रूप में जुलूस की अगुवाई में स्कूटी के साथ शामिल किया जाएगा। साथ ही श्री महावीर मंडल इस वर्ष सौ फीट लंबा मंच बना रहा है, जिसमें राजस्थान के लोक नृत्य का आयोजन किया जाएगा। साथ ही मंच के द्वारा सभी अखाड़े के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही गढ़देवी मंदिर के मेन द्वार पर एलईडी लाइट भी लगाया जाएगा मझिआंव मोड झंडा चौक राज होटल के ऊपर एलईडी वॉल पर राम जी के जीवन चित्रन को दर्शाया जाएगा जो आकर्षण का केंद्र बनेगा। वहीं संरक्षक के लिए एक अलग मंच का निर्माण किया जा रहा है। जहां सभी मुस्लिम समाज के लोग भी मंच पर उपस्थित रहेंगे। उनका भी सम्मान बढ़-चढ़कर किया जाएगा। उनके द्वारा भी इस रामनवमी में भाई चारगी को दिखाते हुए बढ़-चढ़कर सहयोग किया गया है। वहीं कंचन साहू ने बताया कि इस बार श्री महावीर मंडल का मुख्य मंच युवा समाजसेवी एवं पूजा आयोजन में बढ-चढ़कर हिस्सा लेने वाले स्व. विमल सिंह की स्मृति में उनको समर्पित रहेगा एवं उनके परिजनों को मंच से सम्मानित किया जाएगा। श्री महावीर मंडल गढ़वा शहर की सभी माताएं-बहनों का भी मंच से सम्मानपूर्वक स्वागत करता है कि वह इस कार्यक्रम में आयें। कार्यक्रम का समापन भस्म आरती के साथ किया जाएगा। मौके पर संतोष कश्यप, रवि केसरी, महेंद्र प्रसाद, देवेंद्र प्रताप गुप्ता, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष शुभम केसरी, नंदकुमार, अरविंद पटवा, आशीष कुमार, राहुल साहू आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## राहुल गांधी पर की गयी कार्रवाई के विरोध में जिला कांग्रेस ने किया सत्याग्रह कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आज अंबेडकर चौक के पास मोदी सरकार द्वारा राहुल गांधी पर की गई तानाशाही कार्रवाई के खिलाफ 'सत्याग्रह' का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने की।

मौके पर अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है तथा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। उन्होंने कहा सवाल उठाया 'राहुल पे निशाना है, अडानी को बचाना है'।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव आशिक अंसारी ने कहा कि एक शहीद के बेटे पर बार बार ये हमला क्यों? जिस इंदिरा गांधी ने देश के लिए जान दे दी, उसके पोते पर इतने वार क्यों? क्योंकि उन्होंने मोदी सरकार के भ्रष्टाचार और मिलीभगत पर आवाज उठा दी।

कार्यक्रम में प्रदेश सचिव श्रीकांत तिवारी, अरविंद तूफानी, वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेंद्रनाथ तिवारी ने भी संबोधित किया। मौके पर सुशील चौबे, राम करेश चौबे, ऑन प्रकाश चौबे, मझिआंव प्रखंड अध्यक्ष आनंद यादव, दिवाकर चौबे, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष नंदलाल पाठक, नगर उंटरी प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, रमना प्रखंड अध्यक्ष मंसूर अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी जूनाहुद्दिन खान, मानिक राम, अकरम खान, सरफरज खान, 20 सूत्री उपाध्यक्ष केतार सुशील पाठक, युवराज ठाकुर, बीरेन्द्र साह, डनडई प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह खरवार, केतार प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह खरवार, मंसूर अंसारी, भोला राम, दंडई 20 सूत्री अध्यक्ष केयामुदिन अंसारी, खुर्शीद अंसारी, इखलाख अंसारी,प्रखंड अध्यक्ष उगेंद्र नाथ चौबे ,वीर कुमार चौरसिया आदि काफी संख्या में उपस्थित थे।

## 2100 कुंडीय विश्व शांति महायज्ञ में शामिल हुए सद्‌गुरु देवजी महाराज एवं विधायक सुदेश महतो



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** विहंगम योग संत समाज एवं गूंज परिवार की ओर से सिल्ली स्टेडियम परिसर में रविवार को 2100 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित शोभायात्र में सद्‌गुरु स्वतंत्र देवजी महाराज का भव्य स्वागत किया गया। महाराज जी रथ पर सवार होकर कार्यक्रम स्थल तक आये। पूरे शोभयात्रा में शामिल महिलाओं, छऊ कलाकरों एवं भक्तों ने स्वतंत्र देवजी का स्वागत किया। विश्व शांति महायज्ञ में 2100 कुंडीय हवन का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत हवन संपन्न कराया। उधर, विधायक सुदेश महतो भी 2100 कुंडीय यज्ञ में अपनी मां देवकी वी एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शामिल हुए। इनके साथ प्रतीक कई वरीय नेता व कार्यकर्ता भी शामिल हुए। परिसर में सभी आने वालों के लिये भोजन की भी व्यवस्था की गयी है।

## राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई से नाराज कांग्रेसियों ने दिया धरना




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसदीय सदस्यता खत्म किए जाने के प्रतिवाद में खूंटी जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा के नेतृत्व में रविवार को समाहणलय के समक्ष सत्याग्रह और धरना प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि जब तक राहुल गांधी को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक सभी कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे। इस मौके पर तोरपा विधानसभा प्रभारी नमीता बा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, ओम प्रकाश मिश्रा, पीटर मुण्डू, देवजीत देवघरिया, विनायक राय, जोन कन्डुलना, मरियम आईन्द, मदन मिश्रा, विलसन तोपनो, सुशील सांगा, नरेश तिर्की, मीनाक्षी तोपनो, पवन साहू, मसीह भेंगरा, विजय स्वासी, विजय मिश्रा, रिझान्नद बडाईक, बसंत बारवा, जीवन कन्डुलना, आनुकरण कन्डुलना, दाऊद तोपनो, मो सोहेल अंसारी, आदित्य गंजू, बिहारी राम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विहिप-बजरंग दल ने खलारी में निकाली बाइक शोभायात्रा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) सह बजरंगदल खलारी की ओ्र से इस वर्ष भी खलारी पहाड़ी मंदिर से रविवार को रामजन्म महोत्सव को लेकर भव्य बाइक शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत सिंह ने किया। पूरे शोभा यात्रा को संचालन जिला संयोजक बजरंगदल बिनोद विश्वकर्मा ने किया। बाइक शोभा यात्रा शुभारंभ से पूर्व खलारी पहाड़ी मंदिर में उपस्थित सभी अभिभावकों सहित संगठन के सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकताओं ने पूजा अर्चन कर भगवान का आशीर्वाद लिया। सभी बजरंगियों को तिलक लगाया गया एवं शोभा यात्रा में आए अतिथियों को भगवा गमछा देकर समानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से विहिप रांची जिला मंत्री रॉबिन कुमार महतो उपस्थित थे। जिसके बाद बाइक शोभा यात्रा को आरंभ किया गया। शोभा यात्रा पहाड़ी मंदिर से षुरू हुई जो कि बजारटांड़ से श्रीराम जानकी मंदिर होते हुए केडी हिंदू गढ़ी चैक से डकरा मार्केट पहुंचा। मौके पर समाज सेवी सुशील अग्रवाल, राजन सिंह राजा, रंजन सिंह बिट्ढू, रंजीत सिंह, रेणु देवी, आनन्द सिंह, कृष्णा चौहान, अशरफी राम, कार्तिक पांडे, विकास दुबे, संतोश मेहता सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखण्ड संयोजक अमित लोहरा, सत्यम सिन्ह, रोनित सिंह, मयंक सिंह, प्रखण्ड मंत्री सतीश चैहान, प्रखण्ड उपाध्यक्ष नितेश तिवारी, सह मंत्री विक्की राम, पूर्व संयोजक दीपक वर्मा, संपर्क प्रमुख दीपक तूरी, सेवा प्रमुख अभय सिन्हा, धर्म प्रसार प्रमुख बिट्ढु कुमार, की भूमिका सराहनीय रही।

## यज्ञ ही भारतीय संस्कृति का मूल आधार : आचार्य जयप्रकाश



**खलारी (आजाद सिपाही)।** हुटाप स्थित देवी मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के पांचवे दिन मां दुर्गा का पांचवां स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा की गयी। इसके बाद दुर्गा सप्तशती का पाठ व जाप किया गया। हुटाप मंदिर के यज्ञाचार्य कृष्णानंद मिश्रा व जयप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि पुराणों के अनुसार, मां स्कंदमाता कमल पर विराजमान रहती हैं, इसलिए उन्हें पद्मासना देवी के नाम से भी जाना जाता है। इस देवी की चार भुजाएं हैं। माता की पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। मां स्कंदमाता की गोद में छह मुख वाले स्कंद कुमार विराजमान रहते हैं। स्कंदमाता की पूजा करने से संतान सुख की प्राप्ति होती है और शत्रुओं का विनाश होता है। आचार्य जयप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि यज्ञ सम्पूर्ण समाज को एक सूत्र में बांधने का काम करता है। वहीं, यजमान के रूप में गिरिधर मिश्रा और दिनेश पांडेय ह्यघंटूह्व बैठे हैं। पाठ व जाप ब्राह्मण सम्पत चैबे, धनंजय ओझा, उमाकांत तिवारी उर्फ उधारी बाबा, दीनबन्धु शास्त्री, राजीव कुमार मिश्र, गोरा तिवारी पूरा करने में लगे है। इधर, करकट्टा देवी मंडप में माता दुर्गा का पांचवां स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना हुई। नवरात्रि चंडी पाठ ब्राह्मणों द्वारा की जा रही है। सांय काल में आरती, पुष्पांजलि इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। यज्ञाचार्य नरेंद्र पाठक ने बताया कि सोमवार को कात्यायनी मां की पूजा होगी। वहीं सायं काल 5 बजे के बाद विलवा आमंत्रण की विशेष अनुष्ठान किया जाएगा।

## खरना पूजा के साथ शुरू हुआ छठ व्रतियों का 36 घंटों का निर्जला उपवास

**खलारी (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन रविवार को खरना पूजा किया गया। पूरे दिन छठव्रती निर्जला उपवास रखकर नेम निष्ठा से शुद्ध चूल्हे में आम के लकड़ी से खीर प्रसाद बनाई। शाम को छठ माता को खीर अर्पित करने के बाद खुद ग्रहण किया। इसके बाद से 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। वहीं खरना पूजा के बाद लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देने के बाद मंगलवार को उदयीमान सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा।

### सुदूर गांव लापा गाड़ी में जिला प्रशासन ने लगाया स्वास्थ्य मेला

# संवेदनशील होकर अधिकारी-कर्मी करें जनसेवा का काम : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के कर्रा प्रखंड अंतर्गत लापागाड़ी एसपीजी स्कूल में रविवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इलाज कराया। विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा मोबाइल यूनिट (आई, डर्मा, इएनटी, डेटल सहित कई रोगों का इलाज किया गया। मेले का शुभारंभ डीसी शशि रंजन ने किया। इस अवसर पर डीडीसी, सिविल सर्जन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और अन्य शामिल हुए। डीसी ने सभी जांच शिविर का निरीक्षण किया। साथ ही दिव्यांगजनों के बीच ह्वील चेयर का वितरण किया। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि संवेदनशील होकर जन सेवा का कार्य करें। ग्रामीणों को जानकारी के आभाव में किसी भी तरह की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेला में चिकित्सकों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य का बेहतर रूप से परीक्षण कर उचित परामर्श दिया जा रहा है। नेत्र विशेषज्ञों की ओर से आंखों की जांच की जा रही है और दृष्टि प्रभावित लोगों के बीच चश्मा का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो रहा है। डीसी ने कहा कि सुदूर क्षेत्रों के विकास से ही जिले का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि अब लापागाड़ी पिछड़ा ग्राम नहीं, बल्कि अन्य ग्राम के लिए सफल उदाहरण बनेगा। उन्होंने ग्रामीणों को स्वस्थ्य खूंटी के संकल्प को पूर्ण करने में अपनी अहम भागीदारी निभाने की दिशा में प्रेरित किया।



स्टॉल का निरीक्षण करते उपायुक्त शशि रंजन व अन्य।

### हर प्रखंड में होगा कृषि मेला का वृहत आयोजन

डीसी ने ग्रामीणों को व्यापक स्तर पर ड्रैगन फ्रूट की खेती करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि खूंटी जिला ड्रैगन फ्रूट कैपिटल बन रहा है। ड्रैगन फ्रूट की खेती से किसान निश्चित रूप से सीधे तौर पर लाभांवित होंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जिले में स्वास्थ्य मेला का आयोजन हर प्रखंड में किया जा रहा है उसी प्रकार कृषि मेला का आयोजन भी किया जाएगा। इससे उन्नत खेती को बढ़ावा मिलेगा और किसान तकनीकी व व्याज्ञानिक कृषि गतिविधियों से जुड़ेंगे।

## नौ अप्रैल को तुमांग ढूब में सरहुल पूजा मनाने का लिया गया निर्णय

**खलारी (आजाद सिपाही)। तुमांग पंचायत अंतर्गत ढूब करमा पूजा स्थल में रैयत विस्थापित ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्षता अमृत भोगता ने किया एवं संचालन शिवनाथ भोगता ने किया। बैठक में रोहणी खदान विस्तारीकरण को लेकर गांव के घरों के मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार सहित अन्य कई बातों पर चर्चा की गई। साथ ही नौ अप्रैल को तुमांग ढुब में सरहुल पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में लहसन भोगता, रवि कुमार भोगता, राजू कुमार, विजय भोगता, दिलीप भोगता, सुलेंदर भोगता, राजेंद्र भोगता, अरुण भोगता, लिका भोगता, राजेंद्र गंझू, बुलिया भोगता, अजय भोगता, पुसन गंझू, संतोष गंझू, छोटन भोगता, जगलाल भोगता, करीवा गंझू, रीझू गंझू आदि मौजूद थे।**

## भारत विविध संस्कृतियों और परंपराओं का देश : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली के कुसुमटिकरा में रविवार को सरना समिति उत्तरी क्षेत्र की ओर से सरहुल मिलन समारोह आयोजन किया गया। उत्तरी जोन से विभिन्न गाव के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। मांदर की थाप पर युवक-युवती झूमते रहे। कार्यक्रम में असम राज्य के कोकराझार संसदीय क्षेत्र के सांसद नव कुमार सरानिया, स्थानीय विधायक सुदेश महतो भी शामिल हुए। इस मौके पर सांसद नव कुमार सरानिया ने कहा कि जनजातियों का गौरवशाली इतिहास रहा है। इनकी सभ्यता और संस्कृति बहुत ही समृद्ध है। जनजातियों की कला-संस्कृति, साहित्य, परंपरा व रीति-रिवाजों की विश्वव्यापी पहचान है। ये प्रकृति प्रेमी हैं और यह इनके पर्व-त्योहारों में भी झलकता है। वहीं, विधायक सुदेश महतो ने कहा कि सरहुल संस्कृति की पहचान है। यह हमारे मान-सम्मान के साथ जुड़ा हुआ और वास्तव में झारखण्ड की पहचान सभी पर्व-त्योहार, आपसी सद्भावना और हमारी संस्कृति से ही है। सरहुल मानव और प्रकृति के बीच घनिष्ठ संबंध और सभी जीवित प्राणियों की भलाई के लिए पर्यावरण को संरक्षित करने के महत्व की याद दिलाता है। कार्यक्रम से पूर्व आयोजन समिति के लोगों ने अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन धनेश्वर माझी ने किया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, उप प्रमुख आरती देवी, मुखिया सीमा कुमारी, शर्मिला कुमारी, सुशील कुमार महतो, मुखिया सोमरा माझी, पूर्व मुखिया गोपाल सिंह मुंडा,मुखिया विजय महली, मुरलीधर करमाली, अर्जुन बेदिया, अनिल टाइगर, हरिपदो माझी, राजेंद्र माझी रविंदर बेदिया गोइराम बेदिया आदि थे।



## डॉ भीमराव आंबेडकर जंयती पर बचरा में निकाली जायेगी शोभायात्रा

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा चार नंबर चौक स्थित पिपरवार विकास समिति के कार्यालय में कोल इंडिया एससी/एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा की बैठक हुई। जिसकी अधक्ष्यता बाबूलाल राम ने की। बैठक में सीसीएल कर्मचारी सूरजा उरांव के निधन पर दुःख प्रकट किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद इस वर्ष भी बचरा में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से 13 अप्रैल को बचरा मे शोभायात्रा निकालने और 14 अप्रैल को डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान मौके पर कामेश्वर राम, ललिंद्र कुमार, गणेश रविदास, राजकुमार, हिमांशु चटर, देवेंद्र मलिक, बसंत कुमार, संतोष राम, तीरथ पासवान, सुरेश राजभर संजय सिंह, अनिल कुमार, देवनाथ राम, मुंशी राम, ईश्वर दयाल मेहता, गंगा राम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### माकपा ने मनाया कामरेड लक्ष्मीकांत स्वांसी का 37वां शहादत दिवस

# कॉमरेड लक्ष्मीकांत स्वांसी ने गरीबों के हक-अधिकार के लिए लड़ते हुए प्राण कर दिया था न्योछावर

स्वरूप भट्टाचार्य

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की ओर से रविवार को बुंडू में स्व कॉमरेड लक्ष्मीकांत स्वासी का 37 वां शहादत दिवस मनाया गया। बतातें चलें कि लक्ष्मीकांच स्वासी का जन्म 8 जुलाई 1937 को एक दलित गरीब परिवार में बुंडू के टांगर टोली में हुआ था। वे बचपन से ही सामंती प्रथा के खिलाफ कुछ करने का जज्बा था। बुंडू के स्कूल से मैट्रिक और रांची कॉलेज से बीए की पढ़ाई पूरी की। इसी बीच वे मार्क्सवाद और लेनिनवाद के विचार से बेहद प्रभावित हुए। इसके बाद उन्होंने सरकारी नौकरी को छोड़ दिया और गरीबों की आवाज बुलंद करने लगे। वे माकपा में शामिल होकर सेठ साहूकारों द्वारा गरीब-मजदूरों को उचित मजदूरी ना मिलने के खिलाफ आंदोलन करने लगे। धीरे-धीरे पार्टी में इनका कद बढ़ता गया और वे रांची जिला किसान सभा के सचिव बन गए। इसके बाद सिल्ली के पूर्व विधायक स्व कॉमरेड राजेंद्र सिंह मुंडा के संपर्क में आए और पांच परगना में लाल झंडे को बुलंद किया। पांच परगना के हृदय स्थली बुंडू में सीएनटी एक्ट को कारगर तरीके से लागू करने की वकालत क। आदिवासियों गरीबों की जमीन को सेठ साहूकारों द्वारा भुगत बंधक लिया जाता था उसके खिलाफ शहादत होने तक जारी रखा। बीड़ी मजदूरों को कम मजदूरी देने के खिलाफ आंदोलन किया। बसों और गाड़ियों में गरीबों से अत्यधिक भाड़ा वृद्धि को लेकर विरोध किया लाह फैक्ट्री में लगे मजदूरों की मजदूरी दर को लेकर गरीब गुरबा को गोल बंद कर लड़ाई लड़ी जो आज भी उनके शहादत के बाद भी जारी है। आज उनके शहादत दिवस पर बुंडू के टांगर टोली में वर्षों पूर्व बनाएंगे प्रतिमा पर सैकड़ों वामपंथियों ने माल्यार्पण कर नमन किया। वे आजीवन अविवाहित रहे और पूरा जीवन पार्टी को समर्पित कर दिया था। उनकी बहन रीता कुमारी भी शादी नहीं की और पार्टी में अपना सर्वोच्च दे रही है। वो एनएससी के ब्रांच कमेटी के सचिव है। उन्होंने अपने शहीद भाई के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। प्रतिवर्ष शहादत दिवस पर पार्टी की ओर से शहादत दिवस मनाया जाता है।




### कौन थे शहीद लक्ष्मीकांत स्वांसी

लक्ष्मीकांत स्वासी बुंडू टांगर टोली के एक दलित में जन्मे थे। मां का नाम सोमवारी देवी और पिता का नाम सुरजन स्वासी था। पढ़ाई पूरी करने के बाद गरीब-गुरबा के हक की लड़ाई में कूद गए। 37 वर्ष की उम्र में बुंडू के काली मंदिर चौक के पास होली के दिन जब लोग जश्न मना रहे थे तभी कुछ सामंती लोगों ने बम मारकर उनकी हत्या कर दी। 37 साल तक किए गए काम को पार्टी के लोग आज भी स्मरण करते हैं।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सुंडी समाज हो रहा जागरूक, एकजुट होकर रखेंगे अपनी बात : संतोष साहू



अडकी (आजाद सिपाही)। पांच परगना सुंडी संघ झारखंड की दितीय बैठक रविवार को अड़की के सिंदरी में होटल में हुई। जिसकी अध्यक्षता संतोष साहू ने की। बैठक में सिंदरी, पूर्णानगर, गमहरीया गांव में सुंडी समाज को संगठित कर संचालन करने के लिए एक कोर कमेटी गठित की गई। जिसमें राजेंद्र साहु, अरुण साहु, डॉ दिनदयाल साहु, किसटो साहु, संदीप साहु, नयन किशोर साहु, मनीष साहु, दिपक साहु, मनोज साहु, अनुज कुमार साहु, संजय साहु को शामिल किया गया है। बैठक में केंद्रीय संचालन समिति रांची एवं सिल्ली मुख्यालय से राधेश्याम साहु, अजीत साहु, संतोष साहु सिंदरी, राजन साहु, ओम प्रकाश साहु, नीलकंठ साहु, संजय भगत, अविनाश साहु,संजय साहु, सिदार्थ साहु, ब्रजेश साहु, अमित भगत, पंकज कुमार बैठक में अपनी भागीदारी निभाई। बैठक में उपस्थित रेलाडीह के समजसेवी दिलीप साहु ने बहुत जल्द बुंडू में अगली बैठक का आयोजन करने की बात कही है। सिंदरी अड़की में सुंडी समाज की बैठक की सफलता पर कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र साहु, रायगड़ से अशोक साहु अंजली ट्रस्ट ने बैठक में उपस्थित सभी के प्रति सुंडी समाज में जागरूक अभियान चलाने पर आभार व्यक्त किया है। पांच परगना सुंडी संघ झारखंड पूरे इलाके का दौरा कर गांव गांव घूम कर लोगो को संगठित करेगी उनके कल्याण के लिए रोजगार के लिए संगठित होकर चर्चा करते हुए अपनी भागीदारी मांगेगी। समाज में बहुत सारे युवा बेरोजगार हैं। शिक्षित होकर भी नौकरी के प्रयास में घूम रहे हैं। कोई भी सरकार इस ओर ध्यान नहीं देती है। अब सुंडी समाज के लोग जागरूक होने लगे हैं। अपनी भागीदारी के लिए लड़ेंगे और संगठित होकर अपनी बात रखेंगे।

## तमाड़ में धूमधाम से मनाया गया सरहुल पर्व



तमाड (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कुंदला में प्राकृतिक पर्व सरहुल आदिवासी संस्कृति रक्षा मंच के तत्वधान में रविवार को धूमधाम से मनाया गया । गांव के पाहन द्वारा पारंपरिक आदिवासी विधान से प्राकृतिक महापर्व बाः सरहुल का पूजा पाठ किया गया । पूजा पाठ के उपरांत कई गांव से आये नृत्य टीम द्वारा नाच गान का आयोजन किया गया । जिसमें देगादाढ़ी,चोगागुटू, डिमरा, पापरीदा, आगरा,वीरडीह, रतनडीह,डुगरडीह कुरचु, लैकिया आदि गांव के नित्य टीम के द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर ग्रामीणों का मन मोह लिया। संस्कृति नाच गान के साथ ही सरहुल पर्व का समापन किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान सहदेव सिंह मुंडा, राधा मोहन सिंह मुंडा, शिव प्रताप सिंह मुंडा, भोला नाथ सिंह मुंडा, सीदाम मुंडा, मेघलाल मुंडा, श्याम सिंह मुंडा,लखिन्द्र सिंह मुंडा, देवनंदन सिंह मुंडा, सैनाथ सिंह मुंडा, सुरजु सिंह मुंडा, बुधराम सिंह मुंडा, हारक नाथ सिंह मुंडा, मुंशी मुंडा मुखिया शकुन्तला देवी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## सलगाडीह में ही एक डिग्री कॉलेज एवं बीएड कॉलेज खोले जाने का निर्णय

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ इंटर कॉलेज सलगाडीह में रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी शत्रुघ्न उराव ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सलगाडीह में ही एक डीग्री कॉलेज व बीएड कॉलेज खोला जायेगा, जिसके नाम तमाड कॉलेज सलगाडीह रहेगा। इसके लिए एक कमेटी बनायी गयी। वर्तमान में इसकी पढाई तमाड इंटर कॉलेज सलगाडीह में होगी। बैठक में अध्यक्ष मुचिराम अहीर, कार्यकारी अध्यक्ष लछमन सिंह मुंडा, सचिव परमेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष गणेश मुंडा के अलावे शत्रुघ्न उराव, हलधर महतो, नवीन महतो, राम चंद्र महतो व सीमा देवी सदस्य बनाए गए बैठक मे सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## रॉक क्लाइंबिंग कार्यशाला का आयोजन

सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली कॉलेज सिल्ली में भूगोल विभाग की ओर से रविवार को एक दिवसीय रॉक क्लाइंबिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन कोकालगाम पहाड़ पर किया गया। कोलकाता से आए प्रशिक्षक पार्थो सारथी दत्त ने भूगोल विभाग के सभी विद्यार्थियों को पहाड़, चट्टान एवं ऊंचे पत्थरों पर चढ़ने की प्रशिक्षण देते हुए, रस्सी बांधना, टेंट बनाना तथा वॉकी टॉकी से बात करने की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यशाला में कुल 40 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कॉलेज के अध्यक्ष सह वर्तमान विधायक सुदेश कुमार महतो ने भी प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर छात्रों का हौसला बढ़ाया एंव कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से छात्र-छात्राएं प्रकृति को समझ पायेंगी और प्रकृति के साथ सहज हो पायेंगी। इस मौके पर कॉलेज के सचिव मुकुंद चंद्र मेहता, प्राचार्य अनंत कुमार महतो, प्रोफेसर भवानंद चौधरी, त्रिभुवन महतो कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

## एसएसबी 26वीं वाहिनी और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर नष्ट की 8.5 एकड़ में लगी अफीम की फसल



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड थाना क्षेत्र के पतडा, कोरलोंदा गांव के आसपास के नक्सल प्रभावित जंगली क्षेत्रों में एसएसबी 26 वी वाहिनी के सी कंपनी एवं तमाड़ पुलिस जवानों द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर लगभग 8.5 एकड़ में लगे अफीम पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया गया। इस अभियान में 26वीं वाहिनी के डिप्टी कमांडेंट दिनेश कुमार सी कम्पनी के प्रभारी निरीक्षक जगन्नाथ उरांव, सहायक उपनिरीक्षक, ताशी वांगचुक, दल चरण सिन्हा तथा सामान्य आरक्षी रौशन बारा, कुंदन कुमार अन्य 12 जवान शआमिल थे। कहा कि अभियान आगे भी सी कम्पनी बासुकोचा के कार्य क्षेत्र में लगातार जारी रहेगा। इस अभियान के दौरान किसी प्रकार का कोई भी ग्राम वासियों द्वारा विरोध नहीं किया गया। डिप्टी कमांडेंट दिनेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार के गांव को चिन्हित कर अभियान चलता रहेगा।

## डकरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पुरस्कार वितरण सह वार्षिक उत्सव का आयोजन

खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्यालय का वार्षिक उत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सीसीएल एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वार्षिक समारोह के दौरान ही परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। एनके महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि विद्या भारती बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार के भी गुण भरती है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


# श्रीराम का जन्म अलौकिक घटना है : श्याम शास्त्री



### श्रीराम के जन्म की कथा सुन भक्तगण हुए भाव विभोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** श्रीराम मंदिर जोन्हा में चल रही श्रीराम कथा के चौथे दिन शनिवार को विंध्याचल से आये हुए कथावाचक श्याम शास्त्री द्वारा भक्तों को श्रीराम जन्म की कथा सुनायी गयी। इसे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गये। राम के जन्म होते ही पंडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिरस में डूब गया। श्याम शास्त्री ने बताया कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। बाल्यावस्था में ही असुरों का नाश किया। श्रीराम की कथा सुन भक्तगण भाव विभोर हो गये। कथावाचक ने कहा कि श्रीराम का जन्म एक अलौकिक घटना है, इसे देखने के लिए देवी-देवताओं में होड़ लगी थी। राम के जन्म होते ही पुष्प वर्षा होने लगी। संचालन सीताराम साहू ने किया। श्रीराम कथा का अमृतपान करने शनिवार की संध्या सांसद आदित्य प्रसाद साहू यहां पहुंचे। कमेटी द्वारा उनका स्वागत किया गया। मौके पर भाजपा नेता अमरनाथ चौधरी, सरोज सिंह, योगेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र कुमार महतो, थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार, किशोर साहू, दीनदयाल साहू, बलराम साहू, निवारण साहू, प्रदीप साहू, बसंत साहू, कृष्णा साहू, अजीत साहू, परमेश्वर साहू, संदीप मिश्रा, विनय साहू, दिनेश बेदिया, विकास साहू, दीपक साहू, शकुंतला देवी, चंपा देवी, चित्रलेखा देवी, श्वेता, रीना देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## हेसल मंझलाटोली में भाजपा ने चलाया बूथ सशक्तिकरण अभियान



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा ग्रामीण जिला ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष नरेश साहू एवं मंडल महामंत्री राजेन्द्र महतो के नेतृत्व में रविवार को खिजरी विधानसभा अंतर्गत हेसल मंझला टोली में बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाया गया। इस क्रम में बूथ शक्ति केन्द्र संख्या 108 में सर्वसम्मति से बूथ कमेटी का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष हरिलाल महतो चुने गये। इसके अलावा बूथ कमेटी में सदस्य के रूप में सीताराम महतो, शंकर महतो, धनंजय प्रसाद, दुर्गा महतो, छोटेलाल महतो, ममता देवी, प्रेम महतो, लक्ष्मण महतो, राजकिशोर महतो एवं गबेश्वर महतो का चुनाव किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से लोगों को अवगत कराया गया। मौके पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## ग्रामप्रधान संघ जिलाध्यक्ष ने पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** ग्रामप्रधान संघ रांची जिला अध्यक्ष उमेश बड़ाईक ने रविवार को भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की तथा उन्हें ग्राम प्रधानों की समस्याओं से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पेसा कानून के तहत ग्राम प्रधानों को मिले अधिकारों को आज तक लागू नहीं किया गया है। आज भी ग्राम प्रधानों को भूसंबंधी एवं विकास कार्यों के क्रियान्वयन में भागीदारी नहीं दी गई है और ना सम्मानजनक मानदेय लागू किया गया है। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सरकार से बात कर उनकी मांगों का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

## ट्रेन से गिर कर युवक की हुई मौत

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गंगानाला रेलवे ब्रिज मुरी-रांची अप लाइन के पास रविवार की सुबह पुलिस ने एक युवक की लाश बरामद की है। लाश की पहचान उसके चाचा उदय यादव ने राहुल कुमार यादव के रूप में की है। मृतक सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के जयप्रकाश नगर रोड नं 3 का रहने वाला था। पुलिस ने घटनास्थल के पास से राहुल कुमार का मोबाइल एवं हेडफोन भी बरामद किया है। बताया गया कि मृतक अपने दोस्त शिवनंदन शर्मा के साथ आसनसोल से मालदा-सूरत एक्सप्रेस से रांची लौट रहा था। जैसा कि उसके दोस्त ने बताया कि राहुल कुमार यात्रा के दौरान रेलवे गेट पर खड़ा था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि राहुल कुमार अचानक गेट से नीचे पुल के नीचे गिर गया होगा और गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मृत्यु हो गई। चाचा के बयान पर पुलिस ने दुर्घटना से हुई मौत का मामला दर्ज कर लिया है।

## लापुंग-बेड़ो सड़क पर दोलैचा के पास टर्बो पलटने से चालक की मौत, खलासी घायल

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग-बेड़ो पथ पर आरमा लटदाग के पास टर्बो जेएच 01 एभी 7114 शाम 5.45 बजे पलट गया। जिसमें चालक धनन्जय सिंह (18) की हॉस्पिटल ले जाने के क्रम में मौत हो गयी। दोलैचा से लापुंग की ओर आ रहा टर्बो असंतुलित होकर पलट गया व गाड़ी तीन भाग में बंट गया। इस हादसे में उपचालक संजय गोप घायल है। उसका इलाज लापुंग हॉस्पिटल में चल रहा है। मृतक गाड़ी का चालक धनंजय सिंह, पिता कृपा सिंह, गांव जमनी महुवा टोली बेड़ो निवासी बताया जाता है। लाश को लापुंग पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। कल पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा। लापुंग थाना प्रभारी सुकुमार हेमरम ने कहा कि आगे की कार्रवाई की जा रही है व घटना की जांच की जा रही है।

## बेड़ो में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडीह गांव में आज से तीन दिवसीय श्री श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। समारोह का आयोजन मंदिर निर्माण समिति के गणेश भगत व ग्राम वासियों द्वारा किया गया है। इस दौरान तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत पहले दिन प्रातः कलश यात्रा,पंचांग पूजन, अधिवास व आरती दूसरे दिन वेदी पूजन, नगर भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा तथा तीसरे दिन हरिकीर्तन विसर्जन व भंडारे का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीव भगत, सुधीर भगत, जयराम गोप, महादेव उरांव सहित ग्रामीण लगे हुए हैं।

**कार्यक्रम : बिरसा जैविक उद्यान चकला में सरहुल मेला का आयोजन**

# सरहुल संस्कृति और प्रकृति से प्रेम करना सिखाता है : डॉ रामेश्वर उरांव

### सरहुल मेला में ऐतिहासिक भीड़ देखने को मिली

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**ओरमांझी।** बिरसा जैविक उद्यान चकला में सरहुल मेला में सरना स्थल पर पाहन के द्वारा विधिवत पूजा कर मेला का शुभारंभ किया गया। झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव बतौर मुख्य अतिथि मेला में शामिल हुए।

मेला में आए हुए अखाड़ा धारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरहुल एक ऐसा पर्व है जो हम सबों को संस्कृति और प्रकृति से प्रेम करना सिखाता है। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने भी सरहुल और प्रकृति को एक-दूसरे का पूरक बताया।

मेला में ऐतिहासिक भीड़ देखने को मिली। मेला के कारण एनएच 20 में लगभग तीन से चार घंटे जाम की स्थिति दिखी। विधि व्यवस्था सामान्य बनाने में ओरमांझी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद दिखी। मेला के आयोजन में सरना पड़हा समाज के अध्यक्ष प्रो. प्रेमनाथ मुण्डा, सचिव रमेश उरांव, उपाध्यक्ष बालक पाहन, कृष्णा पाहन, समुंद्र पाहन, शंकर उरांव, दीपक बड़ाइक, रामधन बेदिया, राजीव रंजन मुंडा, वीणा देवी, विनीता कुजूर, रश्मि रेखा मुंडा, भीम मुंडा आदि का विशेष योगदान रहा। आतिथ्य में प्रमुख, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, सीओ विजय केरकेट्टा, थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, पंसस ललिता देवी, शशि मिश्रा, प्रो. शैलेन्द्र मिश्र, प्रो. राम कुमार महतो, ओरमांझी उप मुखिया संतोष गुप्ता, पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जयगोविंद साहू, शशि मेहता, आनंद महतो के अलावा प्रखंड के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

## हेसातु सरना स्थल में सरहुल मिलन समारोह सह मेला का आयोजन



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। सरना समिति हेसातु के तत्वावधान में रविवार को हेसातु सरना स्थल में सरहुल मिलन समारोह मेला का आयोजन किया गया। मेला में आसपास के दर्जनों गांवों के लोग अपने पारंपरिक भेष भूषा में पहुंचे। लोगों ने अपने आदिवासी पारंपरिक गीत संगीत सह नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं ईद पाहन टोली फुटबॉल मैदान में सरहुल मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी राजेंद्र शाही मुंडा ने मेले में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जल, जमीन व अपनी संस्कृति को बचाने की जरूरत है। मेले को सफल बनाने में राजेश पाहन, श्रवण कुमार मुंडा, श्याम सुंदर बेदिया, मुखिया अनिता बारला, उप मुखिया चरण बेदिया, शिवधर रजवार, रंथुवा मुंडा, भोला करमाली, बलराज बेदिया, लखींद्र बेदिया, आशा राम मुंडा, किरण देवी, ललीता देवी, वैजनाथ बेदिया, मनोहर बेदिया का अहम योगदान रहा।

# सरहुल जुलूस से लौटने के क्रम में छेड़छाड़ करनेवाले तीन लोगों के खिलाफ नगड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज

### दूसरे पक्ष के लोगों ने भी मारपीट एवं गाली-गलौज के आरोप में दर्ज कराया मामला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के लालगुटवा गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष रविवार दोपहर नगड़ी थाना पहुंचे। ग्रामीण पुलिस प्रशासन से शुक्रवार को सरहुल पर्व मनाकर वापस लौटने के दौरान लालगुटवा करमटोली निवासी अमित किंडो, अनुज किंडो और उनके पिता फुलजेन्स किंडो के द्वारा महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और गंदी गंदी गालियां देने का आरोप लगाते हुए उन पर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही नगड़ी थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करायी।

दर्ज प्राथमिकी में बताया गया कि 24 मार्च शुक्रवार की शाम सात बजे जब लालगुटवा की महिलाएं सरहुल जुलूस में दलादिली के जमहारिया मैदान से वापस गांव लौट रही थीं, तभी लालगुटवा रिंग रोड के पास शराब के नशे की हालत में अमित किंडो और अनुज किंडो महिलाओं के बीच घुसकर उनके साथ छेड़छाड़ करने लगे और गंदी गंदी गालियां देने लगे। यह देख गांव के मुखिया मंगल उरांव, महाबीर महतो ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। इस पर उनसे ही वे उलझ गए और हाथापाई का प्रयास करने लगे। घटना से आक्रोशित गांव की महिलाएं रविवार को नगड़ी थाना पहुंचीं और थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए अमित किंडो और अनुज किंडो और उनके पिता फुजलेन्स किंडो पर कार्रवाई करने की मांग की।

इधर दूसरी ओर लाल गुटवा निवासी फुजलेंस किंडो ने नगड़ी थाना में गांव के मुखिया मंगल उरांव सहित महावीर साहू, बबलू तेली और दिलीप सिंह पर घर में जबरदस्ती घुस कर अपने बेटों अनुज और अमित किंडो के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में फुजलेन्स किंडो ने बताया कि सरहुल के दिन उनका पुत्र अमित किंडो जो मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है। दलादिली के पास एक ठेले में पहुंचा और वहां रखा चना को एक मुट्ठी उठा कर खाने लगा। इसी बात को लेकर महावीर महतो और अन्य लोग उसके साथ धक्का मुक्की करने लगे। बीच बचाव करने पहुंचे उसके भाई अनुज किंडो के साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई।

फिर शुक्रवार रात नौ बजे सभी मुखिया मंगल उरांव के साथ घर पर पहुंचे और धक्का मुक्की करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बेड़ो के मासू में हाथियों का उत्पात जारी, किसान परेशान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मासू गांव में नहीं थम रहा हाथियों का उत्पात। गेहूं व सब्जी की फसलों को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर रहे हैं। जहां शनिवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे दो विशालकाय जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। जिसमें मासू गांव के संजय उरांव, मंगरा उरांव, बंदी उरांव, बंधना टाना भगत, नंदु भगत, लेला उरांव, सुखदेव भगत, भरत महतो, मोहन महतो के तैयार गेहूं की फसल खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। इसके बाद हाथी ने आनंद उरांव के फ्रेंचबीन, मिर्चा, प्याज व गेहूं खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। खेतों में रौंदे फसल को देखकर किसान कराह रहे हैं। वहीं किसानों व ग्रामीणों का कहना है कि विभाग के जिम्मदारों को सूचना देने के बावजूद नहीं आते हैं। हमें वन विभाग से किसी तरह की मदद नहीं मिल रही है। जिससे ग्रामीणों के बीच आक्रोश व्याप्त है। मासू गांव में पिछले तीन सप्ताह से जंगली हाथीयों का उत्पात लगातार जारी है। जिसके चलते ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। गांव के ग्रामीण रतजगा करने को विवश हैं। हाथी का उत्पात किसानों के लिए मुसीबत बना हुआ है।

**बैठक : नगड़ी प्रखंड में रामनवमी भव्य रूप से मनाने को लेकर रामनवमी पूजा केंद्रीय समिति का गठन**

# अध्यक्ष शंकर, महामंत्री बालकरण एवं कोषाध्यक्ष बने मनीष

### ग्रामीणों की बैठक में की गयी तीन दिवसीय कार्यक्रम की घोषणा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड में रामनवमी पूजा धूमधाम और भव्य रूप से मनाने को लेकर नगड़ी, देवरी और नारों पंचायत के ग्रामीणों की बैठक दुर्गा मंदिर परिसर में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से राम नवमी पूजा विधि-विधान और धार्मिक रीति रिवाज से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम की घोषणा की गयी। 28 मार्च मंगलवार को रामभक्त हनुमान जी के मंदिर में महाआरती और प्रसाद वितरण, 29 मार्च को संध्या 6:00 बजे दुर्गा मंदिर से विशाल झांकी निकाली जाएगी तथा 30 मार्च को विधि विधान और मंत्र उच्चारण के साथ हनुमान जी का महापूजन और रामनवमी का त्यौहार मनाया जाएगा। तत्पश्चात दोपहर को अतिथियों का सम्मानित किया जाएगा तथा दोपहर दो बजे से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

इसके संचालन के लिए सर्वसम्मति से एक समिति श्री रामनवमी पूजा केंद्रीय समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष समाजसेवी शंकर चौधरी, महामंत्री युवा समाजसेवी बालकरण महतो और कोषाध्यक्ष मनीष कुमार केसरी का चयन किया गया। वहीं संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी तपेश्वर केसरी, दौलतराम केसरी, केदार महतो, चूड़ामणि महतो, प्रेमसागर केसरी, प्रेम सागर महतो, डॉ त्रिवेदी नाथ साहू, शशि भूषण भगत, हेमंत केसरी, द्वारकानाथ साहू, मोहन चौधरी, चंपा उरांव, केशव भगत, रामजीवन केसरी, सीताराम केसरी, केदार केसरी, प्रदीप महतो, उपाध्यक्ष प्रभात महतो, पंकज राज, दीपक केसरी (घर संसार), दिनेश केसरी, प्रमोद महतो, अरविंद भगत, रघुवंश ठाकुर, अरविंद केसरी, विनोद चौधरी, कमलेश केसरी, विनोद महतो, धर्म महतो, विजय केसरी, राजकुमार केसरी, पुरूषोतम केसरी, अयोध्या महतो, सुमन महतो और छेदी राम। मंत्री गणेश गणेश महतो, बसंत उरांव, सोनू केसरी, राहुल चौधरी, देवानंद चौधरी, आशीष चौधरी, गणेश पहान, छोटू प्रजापति, मिंटू प्रजापति, विनोद प्रजापति, भवन नायक, विशू कच्छप, शिवा उरांव और अशोक साहू। संगठन मंत्री दीपक केसरी (जल सहिया), गौरव राज, ओम प्रकाश चौधरी, बसंत सोनी, अरुण प्रमाणिक, महावीर महतो, आदित्य केसरी, अमर महतो, उत्तम महतो, अनुज साहू, राजकुमार केसरी, पवन केसरी, पवन केसरी, रामप्रवेश राम, तपोश महतो, जलधर महतो, विनोद केसरी, रवि केसरी, भोला केसरी, रामानंद महतो, उमेश साहू, वहीं मुख्य जुलूस प्रभारी रामबरन महतो, जुलूस प्रभारी बलराम साहू, शंभू महतो, मोहन साहू, राधेश्याम केसरी, मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा, शिव चौधरी, राजकमल चौधरी, मनोज भगत का चयन किया गया। रामनवमी पूजा केंद्रीय समिति ने पूरे प्रखंड वासियों को रामनवमी की शोभायात्रा में पहुंचने का आह्वान किया है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## नामकुम में दो सरना स्थलों की घेराबंदी का खिजरी विधायक ने किया शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंतर्गत ग्राम चेने महुवाटोली एवं चेने लुपुंगटोली में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने सरना स्थल की घेराबंदी का शिलान्यास किया। इस दौरान लुपुंगटोली एवं महुवाटोली सरना स्थल में झंडागड़ी एवं सरना प्रार्थना सभा आयोजन किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि अपनी संस्कृति को बचाए रखना है। कहा कि पूरे खिजरी विधान सभा क्षेत्र में सरना, मसना, हड़गड़ी, कब्रिस्तान, श्मशान घाट को विकसित करना हमारा मकसद है। मौके पर जिला परिषद सदस्य रीता होरो, रामपुर मुखिया सरस्वती देवी, पंचायत समिति सदस्य कल्याण लिंडा, वार्ड सदस्य सुमित्रा बिहां, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, रामपुर ग्राम पहान फागू पहान, चेने ग्राम पहान काली लकड़ा, विधायक धर्मपत्नी रिया तिर्की, पूर्व मुखिया महादेव मुंडा, सुनील उरांव, सुरेश लकड़ा, कोटवार सावना, पाईनभोरवा रोशन, मुन्ना टोप्पो, बिरसा कच्छप, पिंकी कच्छप, सुमन तिर्की, भूषण महतो, रवि महतो, मदन हंस, खुदिया कच्छप, बिरसा कच्छप, पंचू तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

## रामनवमी अखाड़ा की साफ-सफाई की गयी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम द्वारा रामनवमी महोत्सव के अवसर पर नवमी के दिन नामकुम बाजार अखाड़ा में झंडा मिलन, झांकी और अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जिसे लेकर रविवार को अखाड़ा की साफ-सफाई की गयी। आजाद सिपाही से बात करते हुए महावीर मंडल नामकुम के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि नवमी गुरुवार के दिन पड़ रहा है। गुरुवार को नामकुम बाजार लगता है। जिसे बंद कराने के लिये प्रशासन द्वारा माइक से घोषणा किया गया। मांस मछली की बिक्री पर नवमी तक के लिये रोक लगाया गया है। बताया कि बरगांवा, तेतरी, नामकुम जोरार, करम टोली, चाय बागान से आकर्षक झांकी निकालती है। लगभग 200 झंडा का मिलन अखाड़ा में होगा। सभी अखाड़ों में उत्सव का माहौल है। अखाड़ा की साफ-सफाई में मुख्य रूप से अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, महासचिव सुरेश बैठा, संजीव सिंह उर्फ छोटू, अखाड़ा अध्यक्ष अनिल वर्मा, सीपी शर्मा, रिंकू राय, बिकु सिंह, पवन सिंह, मंटू राय, कृष्ण कुमार, मुन्ना बड़ाईक, दुर्गा साहू, विमल सिन्हा, शारदा देवी, रूपा चौहान, सरोज के साथ अन्य कार्यकर्ता लगे हुए हैं।

## टाटीसिलवे में सरहुल मिलन समारोह आज

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सोमवार को सरहुल मिलन समारोह टाटीसिलवे की ओर से ईईएफ मैदान टाटीसिलवे में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इसे लेकर मैदान में पूरी तैयारी कर ली गयी है। मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वित्तमंत्री झारखंड सरकार रामेश्वर उरांव, विशिष्ट अतिथि रांची सांसद संजय सेठ एवं खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित रहेंगे। समारोह को सफल बनाने में संरक्षक कृष्णा पहान, अनिल लिंडा, डॉली कुमारी, संदीप तिर्की, कृष्णा लोहरा, नीता कच्छप, कविता देवी, हीरदू उरांव, अध्यक्ष अर्जुन पाहन, कोषाध्यक्ष कुलदीप कच्छप, सचिव सोहन मुंडा, महासचिव सूतन पाहन, किरण पाहन, सह-सचिव रंजीत उरांव, विनोद मुंडा, रासो पाहन, उपाध्यक्ष ललकु तिर्की, किस्टो कुजूर, सुजाता मिंज आदि लगे हुए हैं।

## शिव मंदिर परिसर कांके में झारखंड स्तरीय अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता आज

**कांके (आजाद सिपाही)।** श्री श्री महावीर मंडल कांके प्रखंड के तत्वाधान में शिव मंदिर परिसर कांके चौक में झारखंड स्तरीय अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन चैत्र षष्ठी 27 मार्च को संध्या 6 से की गई है। इस संबंध में संस्थापक मदन कुमार महतो व अध्यक्ष शालिग्राम महतो ने बताया कि कार्यक्रम का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन पत्रकार विजय कुमार पाठक करेंगे। इस मौके पर मंडल के मुख्य संरक्षक पंकज सिंह मुख्य संयोजक महेश कुमार मनीष, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंदन बैठा, अशोक गोप सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए रांची, ओरमांझी, खूंटी, कडरू, किशोरगंज, पुरुलिया, पश्चिम बंगाल, गुमला, लोहरदगा सहित कांके क्षेत्र की 125 महावीर मंडलियों को निमंत्रण भेजकर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अपील की गई है। प्रतियोगिता में एक लाठी का बाना, दो तलवार का बाना, फरसा का खेल, एक स्पेशल खेल, दो लाठी का बाना खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शन किए जाएंगे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी महावीर मंडलियों को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ आने वाले महावीर मंडलियों को महावीरी झंडा, शील्ड, तलवार देकर भी पुरस्कृत किया जाएगा प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में गौरी शंकर महतो, अशोक महतो, सूरज कुमार महतो, सुखलाल चौधरी, भोला महतो सहित पदाधिकारीगण सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

## बेड़ो के पुरियो एवं महुंगांव में निकाला गया सरहुल जुलूस



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रकृति पर्व सरहुल पर पुरियो गांव में सरहुल जुलूस निकाला गया। इससे पूर्व सरना स्थल में विधिवत पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना की गयी। मौके पर पंचायत के मुखिया नीरज कुजूर ने कहा सरहुल हमें प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। वहीं गांव के बच्चे महिलाएं व पुरुष जुलूस में शामिल हुए और मांदर की थाप पर पारंपरिक लोक नृत्य कर खूब झूमे। इधर प्रखंड के महुगांव सरना टोली के सरहुल जुलूस में मांडर की पूर्व विधायक सह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर शामिल हुई। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रकृति का पर्व सरहुल झारखंड का प्रमुख पर्व है। यह सीधा प्रकृति को इंसानों से जोड़ता है। अतः हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहना चाहिए। यही संदेश अपने साथ लेकर सरहुल पर्व आता है।

## रामनवमी को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

# शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनायें सभी त्योहार: एसडीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** रामनवमी पूजा को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें विभिन्न पंचायतों से आए पंचायत प्रतिनिधियों और दोनों समुदायों के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ कमलेश्वर नारायण और संचालन थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने किया। बैठक में जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, एसडीपीओ पूज्य प्रकाश, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, सीओ नंद कुमार राम,



बैठक में शामिल जिप उपाध्यक्ष, एसडीओ, एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य।

वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद, समाजसेवी जाकिर अली उर्फ राज अली, पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम, मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, आरएसएस के जिला संघ चालक दिनेश कश्यप आदि उपस्थित थे।

बैठक में पूजा के दौरान दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखने, निर्धारित रूट पर अखाड़ा जुलूस निकालने, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने और स्थानीय लोगों का सहयोग लेने, हुड़दंगियों पर नजर रखने आदि को लेकर चर्चा की गई। एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने कहा कि हर धर्म और संप्रदाय के त्योहारों को मिलजुल कर शांति पूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। वहीं, एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने कहा कि डीजे को लेकर सरकार द्वारा गाइडलाइंस जारी किया गया है, उसका पालन करें। उन्होंने बैठक में आये लोगों से पूजा के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर नजर रखने और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। इस मौके पर मुखिया बिनोद कुमार सिंह, अमरेंद्र ठाकुर, नरेश पासवान, वार्ड पार्षद नजीर अहमद, सुहैल आलम, राजेंद्र पाल, अर्जुन गुप्ता, समाजसेवी सह व्यवसायी ओमप्रकाश कश्यप, आलोक केशरी, तक्की हुसैन रिजवी, अजय गुप्ता, राकेश तिवारी, पंकज गुप्ता, विवेक गुप्ता, डॉ नादिर रिजवी, अमीन खान, एसआई सौरव कुमार, एएसआई शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## गांव के खेल मैदान पर रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन तय करेगा खिलाड़ियों का भविष्य : अविनाश देव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज भंडरिया विस अंतर्गत चैनपुर प्रखण्ड के सुदूर लिधकि पतरिया ग्राम में रंजीत सिंह मेमोरियल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्यातिथि माटी कला बोर्ड के सदस्य सह वरीय झामुमो नेता अविनाश देव ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बल्ला उछाल कर किया। अविनाश देव को टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष व सदस्य मंच तक ले गये। पुष्पगुच्छ व फूल माला देकर स्वागत किया। खिलाड़यों दर्शकों को संबोधित करते हुए अविनाश देव ने कहा कि आज गांव के नौजवान रात्रिकालीन दूधिया रोशनी में ग्रामीण मैदान क्षेत्र में खेल रहे है।



वह दिन दूर नहीं जब गांव का युवा दिन के उजाले में महानगर के स्टेडियम में खेलेगा और दुनिया देखेगी। खेलेगा इंडिया तो खिलेगा इंडिया। हम सरकार व जनप्रतिनिधियों से अपील करते हैं कि हर पंचायत व घनी आबादी वाला गांव में खेल का मैदान एवं पंचायत स्तर पर स्टेडियम का निर्माण कराया जाय। उभरते खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने के लिए कोच की व्यवस्था की जाए। निश्चित ही गांव का परचम दुनिया में लहराएगा। हम खिलाड़यों को आश्वस्त कर देना चाहते हैं कि जब भी आपको अभाव खटके अविनाश देव को एक बार जरूर याद करेंगे। हम आपके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस मौके पर टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष मुरली सिंह, सचिव मुकेश सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष सिंह, सहित चंदन सिंह, ठाकुर दयाल सिंह, राजमुनि सिंह, चंद्रशेखर सिंह, लाम लगन सिंह, प्रेमा शंकर सिंह का पहल बहुत ही सराहनीय रहा।

## भाइचारे के साथ मनायें रामनवमी का त्योहार: बीडीओ-थाना प्रभारी



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा थाना परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ राजकिशोर प्रसाद और संचालन थाना प्रभारी अमीत कुमार सोनी ने किया। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कहा कि सरकार के गाइडलाइन के अनुसार रामनवमी पूजा मनाना है। पूर्व से जुलूस का जो रूट है, उसी तय रूट पर जुलूस निकालना है। अखाड़े दार जुलूस परंपरागत ढंग से ढोल, ताशा के साथ निकाले। चलंत डीजे पूर्णः प्रतिबंधित है। पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि आप सभी से आग्रह है कि पूरी तरह शांति व्यवस्था को कायम रखते हुए पूजा संपन्न करायें। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने-अपने विचार दिये। मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, राजेंद्र सिंह चेरो, मुखिया ब्राह्मदेव सिंह, गिरवर प्रसाद राम, संतोष उरांव, बाबर खां, समाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा, पंसस अशोक राम, धीरज प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि मनिष कुमार, हदिस अंसारी, भोला मेहता, हाजी फजले करीम समेत 10 पंचायत के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## वैदिक अनुष्ठान से परिवार व समाज में होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार : गोपाल पाठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** श्री महावीर जी मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से रामचरितमानस नवाह परायण यज्ञ का आयोजन किया गया है। शहर व समीपवर्ती क्षेत्र वैदिक मंत्रोच्चार से गुलजार है। भवन परिसर में संध्या आरती व यज्ञ स्थल परिक्रमा के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है। वहीं देवी मंदिर में संध्या दीपक जलाकर लोग मंगल कामना कर रहे हैं। यज्ञ आचार्य सह मंदिर पुजारी गोपाल पाठक के नेतृत्व में संगीतमय अनुष्ठान जारी है। पाठकर्ताओं में हरिओम पाठक, संजय पाठक, चितरंजन पाठक, अमरेंद्र पाठक, प्रफुल पाठक, अमित मिश्रा, प्रेम पाठक, मुख्य यजमान प्रदीप कश्यप व उनकी धर्मपत्नी लीला देवी, राजेश कांस्यकार सक्रिय हैं। आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए गोपाल पाठक ने कहा



कि वैदिक अनुष्ठान से आत्मविश्वास बढ़ता है। परिवार व समाज में सकारात्मक ऊर्जा व प्रेम बढ़ता है। प्रेम में ही असली खुशी की अनुभूति होती है। उक्त आयोजन में सबकी सहभागिता होनी चाहिए। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षक प्रकाश लाल अग्रवाल, मिंटू लाल अग्रवाल, श्रवन लाल, दिनेश प्रसाद कश्यप, अजीत अग्रवाल, अध्यक्ष राकेश तिवारी, उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, सचिव उत्तम कुमार, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सोनी, सहसचिव राजीव ठाकुर उर्फ कल्लू, राजीव रंजन सौंडिक, सूरज प्रसाद गुप्ता, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अविनाश कुमार सिन्हा, दिलीप भगत, अंकित कुमार, अमित कश्यप, आशुतोष रंजन, पंकज, दीनानाथ सोनी और पंकज गुप्ता आदि सक्रिय भूमिका में हैं।

## एके सिंह कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने आर्थिक और औपचारिक शिक्षा को लेकर किया सर्वेक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

हुसैनाबाद। राष्ट्रीय सेवा योजना एके सिंह कॉलेज जपला इकाई की ओर से गोद लिए हुए गांव कोरिया डी, देवरी कला पंचायत में पांचवें दिन रविवार को विशेष शिविर के तहत गांव का सर्वेक्षण किया गया। यह सर्वेक्षण भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार किया गया। जिसमें 15 वर्ष से लेकर 29 वर्ष आयु तक के युवा जिसमें महिला एवं पुरुष दोनों का सर्वेक्षण किया गया, जो या तो किसी आर्थिक कार्य से जुड़े हैं या फिर औपचारिक शिक्षा से जुड़े हो उनके बारे में विस्तार से जानकारी एकत्र की गई। सर्वेक्षण का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी एवं पलामू जिला के नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह, हिंदी विभाग



कार्यक्रम में शामिल स्वयंसेवक व एनएसएस के पदाधिकारी।

के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर आलोक रंजन, समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ चंदन कुमार सिंह एवं जंतु विज्ञान के प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में पूरा किया गया। स्वयंसेवकों में आलोक कुमार विश्वकर्मा, शक्ति कुमार ठाकुर, किरण कुमारी, शुभम प्रकाश, दिव्या कुमारी, निशू पटेल, छोटी कुमारी, निधि पटेल, रिया कुमारी, अमित कुमार, सुप्रिया कुमारी, नैंसी कुमारी, बिनटेश कुमार, शशिभूषण कुमार सिंह, जमालुद्दीन शाह एवं पुरातन स्वयंसेवक सौरव सिंह सोलंकी आदि स्वयंसेवक घर-घर जाकर घर के मुखिया से विस्तार से चर्चा की और सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण किया।

## पांकी जिप सदस्य ने बाजारशेड का किया शिलान्यास

**पांकी/ पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी के तेतराईं बाजार परिसर में जिप सदस्य निधि सिंह ने बाजार शेड व सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।



निधि सिंह ने कहा कि विकास की लकीर हमने खींचना शुरू किया है। पांकी पश्चिमी क्षेत्र में विकास के और भी कार्य करने हैं। इसके लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। इस मौके पर मुखिया राजेन्द्र पांडेय उर्फ जितेन्द्र सिंह, अनुपम सिंह सिंह, बाबूलाल सिंह, रविंद्र सिंह, सचिन कुमार, राहुल कुमार हिमांशु आदि मौजूद थे।

## रामनवमी में सेवा भाव स्टाल लगायेगी राष्ट्रीय परशुराम सेना

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रामनवमी शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी टी स्टाल लगाएगी। उक्त निर्णय रविवार को युवा वाहिनी के बैठक में ली गई। स्थानीय रेड़मा रांची रोड स्थित युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रदेशध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने किया। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार नवमी की रात्रि में थाना रोड में चाय-बिस्किट और



पेयजल श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया जाएगा। अंत में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दूबे की पुत्रवधू के निधन पर मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, संजय मिश्रा, जन्मोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी, पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक किशोर दूबे, अजय शुक्ला, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष संजीत तिवारी, ब्रजेश तिवारी, शैलेश तिवारी, यशवंत तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, रवि शर्मा और रिंकू ओझा आदि उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों के बीच रोटी-सब्जी का वितरण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। मिशन समृद्धि संस्था रोटी अभियान के तहत दोना-पत्तल दातून बेचने वालों के प्रति संवेदनशील है। मेदिनीनगर अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों, शनि मंदिर एवं उसके आसपास जरूरतमंदों के बीच रोटी सब्जी का वितरण किया गया। उक्त अभियान में अहिल्या गिरी, बैजंती गुप्ता, वंदना श्रीवास्तव, शिल्पी गोस्वामी, वीणा गुप्ता, बेबी पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा।**

## रेहला में सावी मेडिकल स्टोर का उद्घाटन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के प्रमुख कस्बा रेहला में रविवार को सावी मेडिकल स्टोर का उद्घाटन समाजसेवी



सह विश्रामपुर विस के पूर्व प्रत्याशी विकास दूबे और समाजसेवी मुन्नी पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। विकास दूबे ने कहा कि रेहला जैसे जगह में स्वास्थ्य सुविधाओं को देखते हुए मेडिकल स्टोर का होना बहुत जरूरी था। उन्होंने कहा कि प्रोपराइटर हमेशा ग्राहकों की जरूरत के हिसाब से समान रखें, ताकि ग्राहकों को कोई परेशानी ना हो। वहीं प्रोपराइटर सह समाजसेवी मुन्नी पांडेय ने कहा कि मेडिकल स्टोर खोलने मुख्य मकसद ग्राहकों को उचित दर पर अच्छी गुणवत्ता की दवाइयां उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि रेहला जैसे जगह में अगर वाजिब दर और उच्च गणवत्ता की दवाइयां उपलब्ध रहेगी तो ग्राहक बाहर क्यों परेशान होने जाएंगे। उन्होंने लोगों को आश्वशत किया कि निश्चिंत रहे आप सभी लोगों का भरोसा कभी टूटने नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर समाजसेवी डॉ डीपी शुक्ला, सुशील पांडेय, उज्जवल चौबे, डब्ल्यू चौबे, राहुल दूबे, विपुल दूबे और विजय उपाध्याय आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



आइएसएसएफ वर्ल्ड कप के आखिरी दिन रविवार को भारत की सामरा कौर ने ब्रांड मेडल जीता। सात मेडल के साथ भारत पॉइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर रहा। आठ गोल्ड के साथ चीन पहले स्थान पर है।

## आइएसएसएफ वर्ल्ड कप का आखिरी दिन : चीन को गोल्ड और चेक रिपब्लिक को कांस्य

# भारत की सामरा कौर ने जीता ब्रॉन्ज

### सात मेडल के साथ भारत पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर

**एजेंसी**

**भोपाल।** इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आइएसएसएफ) वर्ल्ड कप के पांचवें दिन रविवार को 50 मीटर रायफल 3 पोजीशन विमेन और 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल मेन के मुकाबले हुए। इवेंट में कुल 38 खिलाड़ी शामिल हुए। इस दिन दोनों रांउड में दुनिया भर के 68 खिलाड़ियों सहित 9 भारतीयों ने निशाना लगाया। आखिरी दिन भारत के खाते में एक ब्रॉन्ज आया। भारत की सिफ्ट कौर सामरा ने यह मेडल जीता। उन्होंने रैंकिंग मैच में कुल 403.9 पॉइंट्स हासिल किए।



सामरा ने नीलिंग में 102.2, प्रोन में 103.4 और स्टेंडिंग में 198.3 पॉइंट्स हासिल किए। फाइनल मैच में चीन की जहांग किओंगोयूए ने गोल्ड और चेक रिपब्लिक की ऐनेता बरबकोवा ने सिल्वर जीता। बतातें चलें कि शनिवार को 25 मीटर पिस्टल वुमन फाइनल में मनु भाकेर ने भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। वर्ल्ड कप में भारत के मेडल की संख्या 7 हुई, जिसमें 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। भारत ओवरऑल मेडल टैली में चीन के बाद दूसरे पायदान पर रहा।

### इन देशों के खिलाड़ीयों ने लिया भाग

50 मीटर रायफल 3 पोजीशन वुमन और 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल मेन में भारत, श्रीलंका, मेक्सिको, कोरिया, कजाकिस्तान, बंगलादेश, जापान, हंगरी, स्विटजरलैंड, यूएसए, डेनमार्क, चेकिया, इजराइज, उज्बेकिस्तान, लिथोनिया, ब्राजील, फ्रांस के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। वहीं, 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल मेन में भारत के विजयवीर सिधु, अनीश, मंदीप, भावेश शेखावत, अंकुर गोयल ने भाग लिया था।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग में निखत जरीन ने जीता लगातार दूसरा गोल्ड

**वियतनाम की ताम को 5-0 से हराया, मैरीकॉम के बाद ऐसा करने वालीं दूसरी भारतीय**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत की स्टार बॉक्सर निखत जरीन ने दिल्ली में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लगातार दूसरा गोल्ड मेडल जीत लिया है। वे ऐसा करने वाली दूसरी भारतीय मुक्केबाज बनी हैं। उनसे पहले मैरीकॉम यह कारनामा कर चुकी हैं। यह इस चैंपियनशिप में भारत का तीसरा गोल्ड मेडल है। निखत से पहले स्वीटी और नीतू ने गोल्ड जीते हैं। थोड़ी ही देर में 75 किग्रा कैटेगरी में लवलीना बोरगोहेन का मुकाबला भी शुरू होने वाला है। 50 किग्रा वेट कैटेगरी में बतौर डिफेंडिंग चैंपियन उतरी 26 साल की निखत ने वियतनाम की दो बार की एशियन चैंपियन गुयेन थी ताम को 5-0 से हराया। वहीं, जीत के बाद निखत ने कहा कि आप मुझे



सपोर्ट करते रहो, मैं देश का नाम रोशन करती रहूंगी। 'मैं दूसरी बार विश्व चैंपियन बनकर बेहद खुश हूं। इस टूर्नामेंट में आज का मुकाबला सबसे कठिन मुकाबला था। चूंकि यह टूर्नामेंट का आखिरी मैच था, इसलिए मैं अपनी ऊर्जा का पूरी तरह से उपयोग करना चाहती थी और सब कुछ रिंग में छोड़ देना चाहती थी। यह बाउट का एक रोलर कोस्टर था, जिसमें हम दोनों को चेतावनी के साथ-साथ 8 काउंट भी मिले और यह बहुत करीबी मैच था। अंतिम राउंड में मेरी रणनीति थी कि मैं पूरी ताकत से आक्रमण करूं और जब विजेता के रूप में मेरा हाथ उठा, तो मुझे बेदह खुशी हुई। यह पदक मेरे देश और उन सभी के लिए है, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में हमारा समर्थन और हमारी हौसला अफजाई की है। सभी भारतीयों से यही कहना चाहूंगी कि आप मुझे ऐसे ही सपोर्ट करते रहो और मैं ऐसे ही देश का नाम ऊंचा करती रहूंगी।'

### कांटे का रहा मुकाबला

डिफेंडिंग चैंपियन निखत ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पर शुरूआत से ही सटीक मुक्के बरसाए। उन्होंने वियतनामी के हमलों को चकमा देने के लिए अपने तेज फुटवर्क का प्रयोग किया और पहली बाउट में दबदबा कायम रखा। तेलंगाना की इस मुक्केबाज निखत ने पहला राउंड 5-0 जीता। वहीं, दूसरे राउंड में गुयेन ने शानदार वापसी की और बाउट को 3-2 से जीतकर मुकाबले को रोमांचक कर दिया। ऐसे में आखिरी राउंड में निखत ने संयम बनाए रखा और एक जबर्दस्त पंच जमाकर सभी जजों को प्रभावित किया। उन्होंने इस बाउट को भी एकतरफा अंदाज में जीता।

### एक दिन पहले नीतू और स्वीटी ने गोल्ड जीते थे

एक दिन पहले नीतू घंघस और स्वीटी बूरा ने भी गोल्ड जीते थे। स्वीटी ने 81 किग्रा वेट कैटेगरी में चीन की वॉन्ग ली को 4-3 से हराया। उनसे पहले हरियाणा की बॉक्सर नीतू ने 48 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। नीतू ने शनिवार को फाइनल में 2022 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मंगोलिया की लुत्सेखान अल्तांसेटसेग को हराया। नीतू ने लुत्से खान अल्तांसेटसेग को 5-0 से हराकर फाइनल एकतरफा ही जीत लिया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in
11

## व्रतियों ने किया चैती छठ का खरना पूजन



फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। लोक आस्था के महापर्व चैती छठ पूजा के दूसरे दिन रविवार को व्रतियों ने पूरे नेम धर्म से खरना (लोहंडा) पूजा किया। देर शाम पूजा के बाद व्रतियों ने पहले प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसके साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो गया। इसके पूर्व शनिवार को नहाए खाए के साथ चैती छठ पूजा का महापर्व शुरू हुआ था। वर्तियो ने कद्दू भात बनाकर भगवान को नमन कर प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार की संध्या अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर व मंगलवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर पर्व का समापन होगा। अर्घ्य के लिए गन्ने और गुड़ का प्रसाद बनाया जाता है।

### कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष किया सत्याग्रह आंदोलन

# केंद्र सरकार और उसके तंत्र कांग्रेस को कभी झुका नहीं सकती: मन्नान मल्लिक

**लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई को रहें तैयार : जलेश्वर महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार को सिटी सेंटर चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह आंदोलन किया गया। मौके पर मौजूद झारखंड के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक ने कहा कि राहुल गांधी सत्य एवं अहिंसा के सिपाही है। केंद्र सरकार और सरकारी तंत्र के दबाव के आगे ना ही राहुल गांधी झुकेंगें ना ही कांग्रेस झुकने वाली है। वहीं, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होकर एक लंबी लड़ाई लड़ने के लिए हम सभी को तैयार रहना है।




महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह आंदोलन करते कांग्रेसी।

**कांग्रेस से भयभीत है मोदी सरकार : ब्रजेंद्र सिंह**

जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने हम सभी के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी के संसद की सदस्यता को षड्यंत्र के तहत रद्द करवा दिया। इससे यह तय हो गया कि लोकतंत्र खतरे में है। वहीं, एआईसीसी सदस्य सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार राहुल गांधी से भयभीत है। इसी लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर कांग्रेस को डराना चाहती है। लेकिन उन्हें पता होना चाहिए की कांग्रेस का गौरवशाली इतिहास रहा है जो किसी के हथकंडों से डरने वाली नहीी है। कार्यक्रम में जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, एआईसीसी सदस्य सुल्तान अहमद, प्रदेश डेलिगेट मनोज यादव, रामगोपाल भुवानियां, मुख्तार खान, अशोक सिंह, राजेश्वर सिंह यादव, अब्दुल करीम अंसारी, नवनीत नीरज, रमेश जिंदल, योगेंद्र सिंह योगी मौजूद थे।

## 30 मार्च तक नियोजन नीति नहीं बनायी गयी तो करेंगे झारखंड बंद : इमाम सफी



**बोकारो आइटीआइ मोड़ पर फूंका गया झारखंड सरकार का पुतला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चास।** बोकारो के आइटीआई मोड़ पर 60-40 वाली नियोजन नीति और जिलावार आरक्षण रोस्टर के प्रतिवाद में शिक्षित बेरोजगार युवाओं ने झारखंड सरकार का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 60-40 नाय चलतो। इस दौरान लाठीचार्ज बंद करो, फर्जी मुकदमा वापस लो, खतियान आधारित स्थानीय-नियोजन नीति बनाना होगा आदि नारेबाजी भी की गई।

बताते चलें कि झारखंड में इन दिनों बेरोजगार छात्र राज्य के महागठबंधन सरकार से बेहद नाराज हैं। वे लगातार मांग कर रहे हैं कि झारखंड के हित में नियोजन नीति बनाकर नौकरी दी जाए। लेकिन झारखंड सरकार तीन साल बीत जाने के बाद भी न नीति बना पाई है न ही नौकरी ही दे सकी है। विगत दिनों सरकार द्वारा 2016 के पूर्व वाली 60-40 नियोजन नीति लागू करने और जिलावार आरक्षण रोस्टर में पिछड़ा वर्ग की आरक्षण कई जिला में खत्म करने से प्रदेश के बेरोजगार युवाओं ने 23 मार्च को आक्रोशित होकर विधानसभा का घेराव किया था। तब छात्रों पर पुलिस की ओर से आंसू गैस के गोले दागे गए थे और लाठीचार्ज भी की गई थी, जिसमें कई छात्र घायल हुए थे। यही नहीं पुलिस ने हजारों छात्रों पर मुकादम भी दायर किया था, जिसे फर्जी करार दिया जा रहा है। इस घटना के बाद से झारखंड के प्रत्येक जिले में आक्रोश रैली और पुतला दहन किया जा रहा है। वहीं, झारखंड यूथ एशोसिएशन के संयोजक इमाम सफी ने कहा कि 30 मार्च तक झारखंड हित में नियोजन नीति नहीं बनती है तो जल्द ही पूरा झारखंड बंद का आह्वान किया जाएगा। इस मौके पर विकास कुमार, मिथुन कुमार, जयलाल कुमार, गौतम कुमार, प्रियतोष कुमार, झारखण्ड महथा, उपेल पांडेय, मनोज कुमार, महेश रजवार, श्रेष्ठ कुमार, मिथुन प्रमाणिक, चंदन अंकिचन आदि मौजूद रहे।

## विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने मरीज को सौंपा एक लाख रुपये का चेक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के आग्रह पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने विवेकानुदान निधि से लोदना बाजार निवासी सचिन कुमार साव के इलाज के लिए एक लाख रुपए का चेक प्रदान किया। जिसे खुद विधायक पूर्णिमा सिंह ने रविवार को सरायढ़ेला स्थित रघुकुल आवास में मरीज को सौंप दिया। गौरतलब हो कि गत वर्ष बाइक दुर्घटना में सचिन नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका उपचार उत्तराखंड के ब्रिज लाल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में चल रहा है। उपचार में होने वाले खर्च का वहन करने में आर्थिक रूप से असमर्थ मरीज ने अपने परिवार के साथ मदद के लिए झरिया विधायक से संपर्क किया था। वहीं, विधायक ने मरीज को जल्द से जल्द अस्पताल जाकर इलाज करवाने और स्वस्थ होकर वापस घर लौटने की कामना की है।

## चंदनकियारी को विकास के शिखर पर पहुंचना प्राथमिकता: उमाकांत रजक

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदनकियारी।** चंदनकियारी समेत झारखंड के युवाओं में हताशा-निराश है, क्योकि गलत स्थानीय नीति के कारण नियोजन नहीं मिल रहा है। ना ही सरकार रोजगार दिवस सृजन करने पर कोई काम ही कर रही है। उक्त बातें पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कही। वे रविवार को बोकारो स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित आजसू के मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि चंदनकियारी समेत राज्यभर में बेरोजगारों की फौज खड़ी हो गयी है। सरकार की गलत नीति के कारण रोजगार के नाम पर बेरोजगार युवाओ को गलत रास्ते पर डाला जा रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज संपदाओं का अकूत भंडार है। फिर भी शिक्षित युवा बेरोजगार होकर भटक रहे है। बेरोजगारी की समस्या से युवाओं में आक्रोश की भावना पनप रही है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद व सहयोग से चंदनकियारी को विकास के शिखर तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता में है। क्षेत्र के सम्रग विकास के लिए मैं कटिबद्ध हूं। इसके पूर्व राकेश कुमार महतो के नेतृत्व में प्रदीप कुमार, बैजनाथ गोप, सुजीत महतो, अजय कुमार, राजाराम महतो, पायेश कुमार उर्फ भोला, बिनोद शर्मा, प्रेम ठाकुर, उमेश केवट, विवेक कुमार आदि आजसू में शामिल हुए, जिन्हें पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने माला पहनाकर कर पार्टी में शामिल किया। इस मौके पर केंद्रीय सचिव दुर्गाचरण महतो, राजकिशोर महतो, गोपेश्वर महतो, प्रकाश शर्मा और अंशु राज आदि उपस्थित थे।



## घुटियाटांड़ बस्ती में धूमधाम से मनाया गया सरहुल महोत्सव, मांदर की थाप पर थिरका आदिवासी समुदाय



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय सरना समिति घुटियाटांड़ बस्ती बेरमो की ओर से घुटियाटांड़ बस्ती स्थित सरना स्थल में सरहुल पूजा महोत्सव एवं तीरदांजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन वार्ड पार्षद रामचंद्र महतो और श्यामलाल उरांव ने किया। इस दौरान आदिवासी समुदाय की महिलाएं व युवतियां मांदर की थाप पर जमकर थिरकीं। वार्ड पार्षद रामचंद्र महतो, श्यामलाल उरांव ने भी कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। नृत्य प्रतियोगिता में महिलाओं व युवतियों ने भाग लिया। इधर, जाहेरथान में सर्वप्रथम पारंपरिक ढंग से पुजारी नाया सुकरा उरॉव ने सखुआ फूल, महुआ फूल, धधकी फूल से मरांगबुरू की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर वार्ड पार्षद ने कहा कि प्रकृति के बगैर मानव का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। इसलिए अब सभी को ध्यान देकर प्रकृति की रक्षा करने की जरूरत है। सरहुल पर्व झारखंड की संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक है। वहीं, तीरदांजी प्रतियोगिता में दर्जनों लोगों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम निर्मल मुंडा, द्वितीय करण उरॉव व तृतीय अभिषेक उरॉव प्राप्त करने वाले प्रतिभागी विजेताओं को समिति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर झामुमो नेता मदन महतो, समिति के सह संयोजक राजेश उरांव, रमेश उरांव, कालु उरांव, अमृत मांझी, रुपेश उरांव, सुखदेव नायक, पिंटू उरांव, शिबु उरांव, लक्ष्मण उरांव, सिमरन कुमारी, संजना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सरस्वती देवी, पायल कुमारी, प्रति कुमारी, शौभा, रिया, छोटी आदि लोग मौजूद थे।

## सीआइएसएफ-जोगता पुलिस ने की संयुक्त छापामारी, 200 टन अवैध कोयला जब्त





आजाद सिपाही संवाददाता

**तेतुलमारी/कतरास।** जोगता थाना क्षेत्र के अवैध कोयला धंधेबाजों की ओर से मोहल्ले के समीप ही अवैध माइंस खोले जाने और जगह-जगह अवैध कोयला भंडारण किये जाने से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को मोर्चा खोल दिया और प्रबंधन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। मामला तूल पकड़ता देख बीसीसीसीएल एरिया 5 के सीआइएसएफ टीम के साथ जोगता पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी कर सिजुआ स्टेशन व 6/10 के आसपास से लगभग 200 टन से अधिक अवैध कोयला जब्त किया। जिसे बाद में बीसीसीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया।

### ग्रामीणों के विरोध पर दी जाने लगी धमकी

बताते चलें कि एक राष्ट्रीय पार्टी से निष्कासित स्थानीय बाबर नामक बीसीसीएल ठेकेदार व तस्कर सिकंदर, जसीम और नौशाद द्वारा पूर्व में सिजुआ साइडिंग से मजदूरों द्वारा रेलवे लाइन होते हुए कोयला धुलवा कर सिजुआ स्टेशन पर कोयले का अवैध डिपो चलाया जा रहा था। पर कुछ दिनों से मोहल्ले के बगल में ही अवैध माइंस खोल लिया था। जिसे घरों में दरार आना शुरू हो गया था। रविवार सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर माइंस बंद करवाने को कहा। पर धंधेबाजों ने ग्रामीणों को ही धमकाना शुरू कर दिया। तब ग्रामीणों ने एकजुट होकर मोर्चा खोल दिया और प्रदर्शन करने लगे। इसकी सूचना पाते ही पुलिस व सीआइएसएफ के जवान मौके पर पहुंचे और मामला शांत करवाया।

### शिकायत मिलने पर दर्ज होगा मामला : थानेदार

इस बाबत थाना प्रभारी दीपक झा ने कहा कि फिलहाल सीआइएसएफ की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा।

## कोर्ट के आदेश को भी नहीं मानते झरिया थानेदार, मांग रहे 50 हजार : दुर्गा सोरेन सेना

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** दुर्गा सोरेन सेना के जिलाध्यक्ष राधेश्याम चौबे ने झरिया सिंह नगर में पत्रकार वार्ता कर झरिया इंस्पेक्टर पीके झा पर न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने का गंभीर आरोप लगाया है। साथ ही इंस्पेक्टर पर गाड़ी छोड़ने के एवज में 50 हजार रुपए मांगने का भी आरोप लगाया है। राधेश्याम का आरोप है कि उसके भतीजा अर्जुन चौबे का हाईवा जो राजापुर से बीएनआर साइडिंग के बीच ट्रांसपोटिंग के काममें लगा था। विगत दिनों हाईवा पर कुछ कोयला चोर चढ़कर कोयला उतार रहे थे। झरिया पुलिस ने चोरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, उल्टे हाइवा को ही जब्त कर लिया और झूठा केस कर दिया। तीन दिन पूर्व न्यायालय ने आदेश पत्र जारी कर झरिया पुलिस को हाईवा छोड़ने का आदेश दिया। जब हाईवा मालिक अर्जुन चौबे व दुर्गा सोरेन सेना के जिलाध्यक्ष राधेश्याम चौबे झरिया थाना धनबाद न्यायालय के आदेश पत्र लेकर पहुंचे। तो तीन दिन तक पुलिस टालमटोल करती रही। शनिवार को पुनः झरिया थाना जाने पर पुलिस ने हाईवा छोड़ने का इकरारनामा बनवा कर वाहन छोड़ दिया। लेकिन हाईवा लेकर थाना परिसर से बाहर निकलते ही झरिया थाना के एसआई मुकेश कुमार पंडित ने पुन हाईवा को पकड़ लिया और थाना के बाहर लगा दिया। पूछे जाने पर मुकेश पंडित ने कहा कि इंस्पेक्टर पीके झा का आदेश है। इस बाबत जब राधेश्याम ने झरिया इंस्पेक्टर से मुलाकात कर कारण जानना चाहा तो वे भड़क गए। कहा कि हम किसी का आदेश का पालन नहीं करते। तुम्हें जहां जाना चाहते हो जाओ। चाहे तो मुख्यमंत्री के पास जाकर शिकायत कर दो। इधर वार्ता में मौजूद दुर्गा सोरेन सेना के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल बाल्मीकि ने कहा कि झरिया पुलिस न्यायालय के आदेश की भी अवहेलना कर रही है। यही नहीं मेरे मेरे और सेना अध्यक्ष राधेश्याम से भी दुर्व्यवहार किया है। अगर हाईवा नहीं छोड़ा गया तो झरिया थाना का घेराव किया जाएगा। वार्ता में राधेश्याम की अधिवक्ता आनंद कुमार प्रसाद, अजय कुमार सिन्हा मौजूद थे।




**पैसा मांगने का आरोप गलत : इंस्पेक्टर**

झरिया इंस्पेक्टर पंकज झा ने बताया कि उन्होंने न्यायालय के आदेश का पालन किया है। हाइवा छोड़ दिया था। पर उस हाइवा का परमीट टैक्स लगभग 3.5 लाख रुपये बकाया है। इसकी लिखित सूचना डीटीओ को पूर्व में दे चुका हूं। इसलिए वाहन पुनः जब्त कर लिया। पैसे मांगने का आरोप सरासर गलत है।

## सरहुल देता है प्रकृति से प्रेम का संदेश : गोवर्धन



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सरना समिति बेरमो प्रखंड की ओर से पांच नबंर धौडा स्थित मैदान में सरहुल पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां आदिवासी समुदाय की महिलाओं-युवतियों के साथ मांदर की थाप पर अतिथियों ने भी जमकर नृत्य किया। उक्त स्थान पर विभिन्न जगहों से आदिवासी समुदाय के सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं व युवतियां नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंची थीं। जाहेरथान में सर्वप्रथम पारंपरिक तरीके से पुजारी नाया बहाल मुंडा ने सखुआ फूल, महुआ फूल, धधकी फुल से मारंगबुरू की पूजा अर्चना की। वहीं पूजा समिति अध्यक्ष सुदेश उरांव, रामसेवक भुइंया, राजकुमार दिगार ने अतिथियों को सखुआ का फुल व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान जाहेरथान में पारंपरिक भेष भूषा में महिलाएं व युवतियों ने सामूहिक नृत्य की। यहां समिति अध्यक्ष सुदेश उरांव व भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष गोवर्धन रविदास उर्फ छोटू ने कहा कि सरहुल पर्व समाज के लोगों को प्राकृति प्रेम का संदेश देता है। यह त्योहार हमें पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देता है। प्रकृति यानी पर्यावरण के साथ मानव ही नहीं समस्त प्राणी व जीव जंतु के जीवन से सीधा संबंध रखता है। पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने का काम करेंगे। हर साल कम से कम एक पेड़ जरूर लगाने और बचाने का प्रयास करेंगें। इस मौके पर टेकलाल उरॉव, लखेंद्र विश्वकर्मा, भोला विश्वकर्मा, चंदन विश्वकर्मा, राजन भुईया, भोला भुईया, मनोज शर्मा, अमित विश्वकर्मा, सुषमा कुमारी, खुशी कुमारी, स्वीटी कुमारी, मेघा मुंडा, नेहा कुमारी, रेनु कुमारी आदि थे।

## तेनुघाट के सरहुल महोत्सव में शामिल हुए पूर्व विधायक



**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद पेटरवार प्रखंड के तेनुघाट में आयोजित अनुमंडल स्तरीय सरना स्थल पहुंचे। जहां दिशोम बाहा समिति की ओर से आयोजित सरहुल पूजा सह महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने सरना स्थल में मत्था टेक क्षेत्र की सुख, समृद्धि और शांति की मंगलकामना की। इस अवसर पर पाहन ने पूर्व विधायक को सखुआ का फूल प्रदान कर सरहुल पर्व की शुभकामनाएं देते हुए शुभ आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक सरहुल नृत्य में भी भाग लिया और मांदर बजाते हुए नृत्य करते हुए उपस्थित लोगों को सरहुल की बधाई दिए। इस इवसर पर उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति को समर्पित है। आदिवासियों के इस त्योहार में प्रकृति के प्रति अटूट प्रेम, सुरक्षा एवं सम्मान का स्पष्ट भाव और उल्लास प्रदर्शित होता है। आदिवासियों की संस्कृति और परंपरा में विश्व शांति एवं बढ़ते पर्यावरण संकट से उबरने का मंत्र निहित है। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ता व दर्जनों लोग मौजूद थे।

### अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ का आठवां द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न

# भावदेव अध्यक्ष और कमलेश्वर बने निर्विरोध सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ का आठवां द्विवार्षिक अधिवेशन रविवार को भूदेव सिंह चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें सचिव पद के लिए कमलेश्वर सिंह एवं अध्यक्ष पद के लिए भाव देव सिंह चौधरी कोषाध्यक्ष मोबिन अंसारी, कोषाध्यक्ष विनोद प्रमाणिक सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गए। कमलेश्वर सिंह सचिव पद के लिए लगातार पांचवी बार सर्वसम्मति से चुने गए। इसके लिए उन्होंने ग्रामीण डाक सेवकों को आश्वस्त किया की जिस विश्वास से उन लोगों ने उन्हें चुना है उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगें।

अधिवेशन में रांची सर्किल से रामेश्वर गोप, पी-3 के नेता पुरंजय कुमार, भारतीय यूनियन के प्रभात रंजन, पोस्टमैन नेता रवि रंजन सिंह, आरएमएस के अशोक सिंह के अलावे 350 ग्रामीण डाक सेवक ने भाग लिया। अधिवेशन को सफल बनाने में प्रकाश कुमार हेमरम, मोबीन अंसारी, सिनोद प्रमाणिक की मुख्य भूमिका रही।




कार्यक्रम को संबोधित करते गणमान्य सदस्य।

## गंजाम जिले में 2000 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ

# गंजाम के सभी हाइस्कूलों का दिसंबर तक होगा कायाकल्प : नवीन पटनायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने रविवार को गंजाम जिले का दौरा किया और छत्रपुर, हिंजिली और काबि सूर्य नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 2000 कोरोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया। छत्रपुर में 1000 करोड़, हिंजीली में 590 करोड़ और कबी सूर्य नगर में 316 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने गंजाम में लगभग 20 हजार लोगों को गांव कंठ की जमीन के पट्टे दिये हैं। छत्रपुर में 3,500, हिंजिल में 4,500 और कबी सूर्या नगर में 11,000 से अधिक पट्टे दिये गये। इन सभी स्थानों पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने गंजम जिला को प्रदेश का अग्रणी जिला बताते हुए इसे देश का नंबर एक जिला बनाने में सभी के सहयोग की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना और 5टी विद्यालयों का परिवर्तन राज्य सरकार की दो मील के पत्थर उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना के तहत गंजाम जिले में 50 हजार लोगों को चिकित्सा सुविधा मिली है और इसके लिए राज्य सरकार ने 190 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये हैं।

इसी तरह 5टी स्कूल रूपांतरण कार्यक्रम में गंजम जिले के 630 उच्च विद्यालयों में से अब तक 471 विद्यालयों को परिवर्तित किया जा चुका है और उन्होंने वादा किया कि अगले दिसंबर तक जिले के सभी विद्यालयों को परिवर्तित कर दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में किसानों को एक लाख रुपये का ब्याज मुक्त कर्ज दिया जा रहा है। उन्होंने मिशन शक्ति की माताओं की सराहना करते हुए कहा कि माताएं बहुत अच्छा काम कर रही हैं और राज्य सरकार उन्हें पूरा सहयोग दे रही है। यह व्यक्त करते हुए कि वह चाहते हैं कि माताएं उद्यमी बनें, उन्होंने कहा कि एसएमइ बनने के लिए राज्य के एसएचजी के लिए कार्यक्रम अपनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि माताओं को पांच लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज के दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने गंजाम में मिशन शक्ति मां को 614 करोड़ रुपये का ऋण दिया। छत्रपुर में 180 करोड़, हिंजिली में 154 करोड़ और कबी सूर्य नगर में 280 करोड़ रुपये दिये। मुख्यमंत्री ने प्रारंभ में गंजाम के अराध्य देवी मा तारा तारिणी को स्मरण कर कवि सम्राट उपेंद्र भंज और कवि सूर्य बलदेव रथ को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में मंत्री उषा देवी, मंत्री श्रीकांत साहू, सांसद चंद्रशेखर साहू, सांसद प्रमिला बिशोई, जिला विधायक एवं जिला परिषद अध्यक्ष प्रमुख इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## बिजली उत्पादन के साथ-साथ सामाजिक विकास की दिशा में काम करता है एनटीपीसी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अंगुल एनटीपीसी/टीटीपीएस ने पारिपाश्विक ग्रामीण युवाओं को खेलों के प्रति मार्गदर्शन दिशा में एक और कदम उठाया ही इस कड़ी में हाल ही में संतपड़ा गांव में 14 से 17 साल के बच्चों के लिए ग्रामीण वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। इस कैंप में 50 से अधिक बच्चों के कौशल का परिलक्षित किया गया था। अंतजातीय ख्याति प्राप्त कोलकाता के प्रसिद्ध वॉलीबॉल कोच करम अल्ली खान, जिनके पास 15 साल का अनुभव है, उन्होंने 2 सप्ताह की कोचिंग के दौरान प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया। इस चयन प्रक्रिया के बाद अंगुल जिला वॉलीबॉल चयन प्रक्रिया में 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के 12 में से 6 खिलाड़ी और 14 वर्ष से कम वर्ग के 12 में से 8 खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए चुने गये हैं, जो कि 26 से पुरी में आयोजित होगा। इसके साथ एनटीपीसी/टीटीपीएस ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में ये खिलाड़ी अंगुल जिले और राज्य का गौरव कैसे बढ़ायेंगे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं को दिये गये टिप्स



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भाजपा की प्रमंडलीय मीटिंग बोकारो में संपन्न हुई। इसमें पूर्व आइजी एवं भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह समेत कई लोग उपस्थित रहे। इसमें भाजपा नेताओं ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को टिप्स दिया कि आने वाले मिशन 2024 के तहत विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाना है। बूथ-बूथ पर जाकर मोदी सरकार द्वारा जनहित में किये गये कार्यों को लोगों तक पहुंचाना है। बैठक में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ को मजबूत करने राष्ट्रपति के अभिभाषण को सभी शक्ति केंद्रों में लोगों के बीच ले जाने का निर्णय लिया गया। इस मीटिंग में सभी जिला अध्यक्षों से बूथ सशक्तिकरण को लेकर बात की गयी।

## अंतिम समय में जेइइ मेंस की तैयारी ऐसे करें



सौरभ पाठक

जेइइ के मेंस की द्वितीय सत्र की परीक्षा में अब कुछ दिन ही रह गये हैं। इसलिए छात्रों को गणित विषय की तैयारी के लिए स्कोरिंग चैप्टर्स पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जैसे कि Mathematical Reasoning, Statistics, Height and Distance, Binomial Theorem, Limits, Vectors, 3D, Matrices, Probability, Differential Equation, Co-ordinate Geometry etc. वैसे तो जेइइ मैथ्स पेपर में तकरीबन प्रत्येक चैप्टर्स से एक प्रश्न आता है। इसलिए बहुत अच्छा स्कोर प्राप्त करने के लिए पूरा सम्पूर्ण पाठ्यक्रम बढिया से तैयार करना चाहिए। जैसा कि विगत दो वर्षों से मैथ्स पेपर बहुत ही कैलकुलेटिव रहा है, ऐसे में छात्रों को औसत मार्क्स पर ही बहुत अच्छा पर्सेंटाइल मिला है। इसलिए छात्रों को परीक्षा देते समय अपनी कैलकुलेशन पर विशेष ध्यान देते हुए सही उत्तर लाने का प्रयास करना चाहिए। पेपर साल्व करते समय छोटी-छोटी गलतियां करने से बचें। जैसे कि सही साल्व करने के बाद भी गलत आप्सन चुन लेना। पेपर साल्व करने से पहले छात्रों को सभी प्रश्नों को एक बार देख लेना चाहिए। कई बार आसान प्रश्न बीच मे या पेपर के अंत में होते हैं। अच्छा स्कोर करने के लिए आसान प्रश्न छूटने नहीं चाहिए और यदि प्रश्न को साल्व करने मे बहुत अधिक समय लग रहा है तो उस को छोड कर अगले प्रश्न को बनाने का प्रयास करना चाहिए। ऐसे छात्र, जिन्हे मैथ्स कठिन लगता है या तैयारी बहुत अच्छी नहीं है, तो कोशिश करें कि दस से पंद्रह के बीच प्रश्नों के सही उत्तर देने का प्रयास करें और नेगेटिव मार्क्स से बचें। ऐसे छात्र, जिनकी तैयारी बहुत अच्छी है, उन्हें महत्वपूण गल्तियों से बचना चाहिए।

**(लेखक : द पाठशाला के शिक्षक हैं।)**







## सम्मम नर्सिंग सेवा प्रमुख एन आयशा को मिला 'सी हेल्थ हीरोज' पुरस्कार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सम अल्टीमेट मेडिकेयर (सम्मम) की नर्सिंग सेवाओं के प्रमुख एन आयशा को 'सी हेल्थ हीरोज-रिकॉग्नाइजिंग वीमेन इन एलाइड हेल्थकेयर' से सम्मानित किया गया है। संवाद न्यूज ग्रुप द्वारा आयोजित महिला दिवस वाओ विमेन-2023' के अवसर पर स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में समाज के प्रति उनकी समर्पित सेवा, योगदान और प्रयासों को मान्यता देने के लिए उन्हें 'सी हेल्थ हीरोज' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार अन्य अस्पतालों के 14 नर्सिंग और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कर्मचारियों को दिया गया, जिन्होंने आयशा सहित अपने करियर में असाधारण प्रतिभा दिखाई है। कार्यक्रम में कौशल विकास एवं बैषयिक शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव उषा पाढ़ी, राजधानी अस्पताल पीजी संस्थान की निदेशीका प्रो निवेदिता पाणि और भुवनेश्वर स्थित 'इंदिरा आईवीएफ फर्टिलिटी सेंटर' की मुख्य डॉ लिप्सा मिश्र ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।

## प्रवासी उड़िया साहित्य पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मार्च से 25 मार्च तक तीन दिवसीय उड़िया भाषा और साहित्य विभाग द्वारा आयोजित ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सुनाबेडा परिसर में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने की। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मंत्री एवं जगन्नाथ संस्कृतिविद् प्रसाद हरिचंदन शामिल हुए थे। उन्होंने इस विषय को प्रासंगिक बताते हुए कहा कि प्रवासियों की भाषा और संस्कृति के सुधार से ही राष्ट्र के जीवन का विकास हो सकता है। सुबह के सत्र में उड़िया साहित्य अकादमी के अध्यक्ष व कवि ऋषिकेश मल्लिक, कथाकार कृपासागर साहू, प्रोफेसर संतोष त्रिपाठी, नाटककार सुबोध पटनायक, व्यंग्यकार लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, अनुवादक बिजय कुमार प्रधान, आलोचक खिरोद कुमार बेहेरा उपस्थित थे। इंग्लैंड से जयश्री नंदा, कनाडा से सुनंदा मिश्र, केन्या से लंबोदर होता, टोरंटो से विभूति भूषण महापात्र और दिल्ली से मोनिका दास ने चर्चा में भाग लिया।








## फंदे से लटकता मिला आकांक्षा दुबे का शव

**वाराणसी।** भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री और मॉडल आकांक्षा दुबे (25) रविवार को सारनाथ क्षेत्र के बुद्धा सिटी कॉलोनी स्थित एक होटल के कमरा नंबर 105 में मृत मिलीं। शनिवार की रात आकांक्षा बर्थडे पार्टी में जाने की बात कह कर कैब से होटल से निकली थीं। रात 1:55 बजे के लगभग एक युवक आकांक्षा को उनके कमरे में छोड़ने गया था। युवक लगभग 17 मिनट बाद आकांक्षा के कमरे से बाहर निकला और फिर दरवाजा नहीं खुला। पुलिस आकांक्षा को छोड़ने होटल आने वाले युवक की तलाश में जुटी है। सीसी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**